त्रैमासिक ISSN : 3048-9547 (Print)
# विद्वत वाणी
(विचार, विस्तार और नवाचार)
मूल्य: 100/- रुपये मात्र
प्रथम वर्ष - 2024 अंक - 4
(अप्रैल से जून - 2025)
Volume - 1 - 2024, Issue - 4
(April to June 2025)
Starting Year - 2024

*An International Peer-Reviewed Quarterly Hindi Research Journal*

## Our Mentors

**1 Mr. Ashok Upreti -** Former Indian Forest Service Officer,
Retd. Principal Chief Conservator of Forests and State Head -
(Forest Department Tamilnadu),
Former Chairman - Research Advisory Committee of Tamilnadu.

**2 Dr. Malini Pande -** Professor and Additional Registrar,
Director: Internal Quality Assurance Cell,
Director: Center for Online Programs,
Director: Academic Staff College, Special Officer - New Education Policy,
Dr. MGR Educational : Research Institute, Deemed to be University, Chennai.

**3 Dr. Davinder Singh Boha -** Dist. Language Officer, (Retd.),
S.A.S. Nagar, Dist Mohali, Punjab

**Published by:**
**(Research and Development Division)**
**Sharada Saptarishi Foundation** (NGO)
(A Registered Organization with the Ministry of Corporate Affairs, Govt.of India)

**Address for Correspondence:**
Plot No 2/463, Shri Balaji Nagar (Main),
Periyapalayam High Road, Thiruninravur, Dist-Thiruvallur, Chennai-602025, Tamilnadu

त्रैमासिक ISSN : 3048-9547 (Print)
विद्वत वाणी
(विचार, विस्तार और नवाचार)
मूल्य: 100/- रुपये मात्र
प्रथम वर्ष - 2024 अंक - 4
(अप्रैल से जून - 2025)
Volume - 1 - 2024, Issue - 4
(April to June 2025)
Starting Year - 2024
*An International Peer-Reviewed Quarterly Hindi Research Journal*

**About the Journal**

**VIDWAT VANI** is an International Peer Reviewed Quarterly Hindi Research Journal which publishes quality research papers in Hindi language. This Journal provides an excellent platform to provide access to Hindi research publications around the world. The Journal plays a very significant role in supporting the academic programmes of various Colleges and Universities globally for their Hindi Research Publications. Being an Open Access Journal, it identifies, evaluates, procures, processes and makes these research resources easily accessible to the faculty and research students for their teaching, study and research.

The Journal is published under the Aegis of **Sharada Saptarishi Foundation (NGO)**, Chennai. (A Registered and Licensed Organization with the Ministry of Corporate Affairs, Govt of India).

**Vidwat Vani** provides researchers and authors with an outstanding opportunity to publish their research articles on a diverse range of topics. These research papers undergo rigorous and transparent evaluation by our peer review board, ensuring high standards of consistency and scholarly integrity.

**Mission**: **Vidwat Vani** aims to foster academic excellence by promoting innovative research in Hindi literature, culture and philosophy etc. Our mission is to provide a platform for scholars and researchers to share their insights, encouraging intellectual discourse and preserving the richness of Hindi scholarly traditions.

**Vision**: **Vidwat Vani** envisions becoming a leading journal that bridges traditional and contemporary Hindi research, inspiring a new generation of scholars to explore and contribute to the evolving landscape of Hindi academia.

**Our Values**: We uphold academic integrity and accountability as paramount. We value intellectual excellence and research while encouraging a strong commitment to exploration, rationality and expertise, which form the cornerstone of our journal's scholarly culture.

त्रैमासिक ISSN : 3048-9547 (Print)
विद्वत वाणी
(विचार, विस्तार और नवाचार)
मूल्य: 100/- रुपये मात्र
प्रथम वर्ष - 2024 अंक - 4
(अप्रैल से जून - 2025)
Volume - 1 - 2024, Issue - 4
(April to June 2025)
Starting Year - 2024
*An International Peer-Reviewed Quarterly Hindi Research Journal*

## Our Editorial Team

**Editor-in-Chief:**

Dr. Sanjay Raman, Director, Sharada Saptarishi Foundation, Address: No 8, Green City, Sripati Nagar, Thiruninravur, Vill Pakkaam, Dist Thiruvallur, Chennai-602025, Tamilnadu
Email **editor.vidwatvani@gmail.com**

## Our Editorial Board Members

We are proud to have a team of experienced and intellectually strong editorial board members.

**1. Zhihui (Dr. Vivek Mani Tripathi)**
Professor (Hindi), Guangdong University of Foreign Studies, China. (Xiaoguwei, Panyu District, Guangzhou 510006, China)
Email **vmtripathi@gdufs.edu.cn**

**2. Dr. Sushma Malhotra**
Assistant Faculty-Queens College
65-30, Kissena Blvd
Flushing NY 11367
Professor (Retd.), Office of Adult : Continuing Education (OACE),
New York City, Education Department,
New York, United States of America.
Email **sushma.malhotra@qc.cuny.edu**

**3. Dhunpal (Raj) Heeraman**
Retd. Senior Journalist, Hindi Scholar, Senior Hindi Author, Senior Poet, Morc. Swan, Pereybere,
Grand-Baie Republic of Mauritius
Email **rajheeramun7727@gmail.com**

**4. Dr. Vandana Sharma**
Assistant Professor (Hindi),
Central University of Jammu,
Bagla (Rahya Suchani),
Samba Jammu-181143,
Jammu and Kashmir
Email **vandana.hnd@cujammu.ac.in**

**5. Dr. Ashish Kumar**
Asst. Director (O.L),
Central University of Nagaland,
Lumami, Nagaland, 798627
Email **hindiofficer@nagalanduniversity.ac.in**

**6. Dr. P. Saraswathi**
Assistant Professor (Hindi),
University of Madras,
Marina Campus, Chennai-600005,
Tamilnadu.
Email **sarashindi@unom.ac.in**

**7. Dr. Ashwini Shandilya**
Assistant Professor (Hindi),
Institute of Education and Training,
Sector 2, Panchkula-134109, Haryana
Dept. of Education, (Govt of Haryana)
Email **akakshandilya@gmail.com**

**8. Dr. Deepti Sahni**
Assistant Professor and HOD,
Department of Hindi,
Hòindu College, Dhab Khatika,
Amritsar-143001, Punjab.
Email **drdeeptisahni@gmail.com**

**9. Dr. P. Ezhil Nachiar**
Assistant Professor (Dept of Hindi-Aided),
SDNB Vaishnav College for Women,
Vaishnava College Road, Lakshmi Nagar,
Shanti Nagar, Chrompet,
Chennai-600044, Tamilnadu.
Email **nangai1001@gmail.com**

**10. Dr. Santosh Kumar Tiwari**
Assistant Professor (Hindi),
Government Inter College, Shankarpur,
Pauri Garhwal-246001, Uttarakhand.
Email **santoshtiwari913@gmail.com**

**Peer Review Committee Members**

**1. Dr. Dilip Kumar Medhi**
Professor, University of Gauhati,
Gopinath Bordoloi Nagar,
Jalukbari, Guwahati, Assam 781014
Email **dkmedhi1@gauhati.ac.in**

**2. Dr. S.V.S.S. Narayan Raju**
Professor, Department of Hindi,
School of Social Sciences and Humanities,
Central University of Tamilnadu,
Thiruvarur-610005, Tamilnadu.
Email **svssnraju@cutn.ac.in**

**3. Dr. Savita Dhudkewar**
Assistant Professor (Retd),
Institute of Higher Education and Research,
Dakshin Bharat Hindi Prachar Sabha,
Madras, T. Nagar, Chennai-600017,
Tamilnadu.
Email **savitashashikant@gmail.com**

**Assistant Editors**

**1. Prema Bhuwan Pandey** - Poetess, Novelist, Researcher, Reviewer, Author, Senior Litterateur, Noida, Uttar Pradesh.
Email **pandebhuwanchandra@gmail.com**

2. **Dr. K. Priya** - Poetess, Reviewer, Young Litterateur, Chennai
Email **priyamuthukumaran2@gmail.com**

**3. Pooja Parashar** - Poetess, Reviewer, Ph.D. Scholar, Young Litterateur, Chennai.
Email **poojasudharsun@gmail.com**

**4. Dr. R. Gowri** - Senior Hindi Pracharak, Author, Young Litterateur, Chennai
Email **gowrirangaradjou.gmail.com**

◆◆◆◆◆

**Published by:**
**Dr. Sanjay Raman, Editor-in-Chief**

**(Research and Development Division)**
**Sharada Saptarishi Foundation (NGO)**
(A Registered Organization with the Ministry of Corporate Affairs, Govt.of India)

**Corporate Office:**
No 8, Green City, Sripati Nagar,
Thiruninravur, Dist Thiruvallur,
Chennai-602025, Tamilnadu

**Address for Correspondence:**
Plot No 2/463, Shri Balaji Nagar (Main),
Periyapalayam Hòigh Road,
Thiruninravur, Dist-Thiruvallur,
Chennai-602025, Tamilnadu

**Printed by:**
**Karmanya Printers**, Vill Pakkam,
Thiruninravur, Dist Thiruvallur,
Chennai-602025, Tamilnadu

**Our Review Process**

All research papers are reviewed by our qualified editorial board members and peer review committee members. Decisions on the paper review are made as rapidly as possible and our Journal responds to authors accordingly.

**Guidelines for the Authors**

**Vidwat Vani** welcomes the submission of manuscripts that meet the criteria of significance and subject excellence. The journal accepts only unpublished research papers. The main author must ensure that they have obtained necessary approval for their research paper publication from co-authors (if any).

The Journal adheres to a zero-tolerance policy for plagiarism and copyright infringement. All research paper submissions undergo a stringent plagiarism check before their acceptance for publication. However, the responsibility lies with the authors to ensure proper compliance with institutional approval where necessary.

**Paper Submission Instructions**

**Electronic Submission:** Only electronic submissions of research papers will be considered. The text should be error-free, fully typed in a single-spaced Microsoft Word file (in Arial Unicode/Mangal Font only) and should be mandatorily emailed to **editor.vidwatvani@gmail.com** as an attachment only. **(No PDF or JPG files will be accepted)**.

**Author Details:** The research paper should include the full name of the author and co-author(s) (if any), along with the institution and place. A scanned photograph in JPG format must be sent with the submission.

**Acceptance and Publication:** Upon review by our Peer Review and Editorial Board team, an acceptance letter will be emailed to the author, including the expected publication date.

**References:** A minimum of 5 references is mandatorily required for each paper with proper details including the book title, author's name, place and year of publication and page numbers etc.

**Abstract:** Each research paper must have an abstract of 200 words, along with 5 keywords.

**Copyright Agreement:** Authors and co-authors (if any) must submit a filled and scanned copyright agreement form upon acceptance of their paper.

**Publication Charges:** Submission of the paper implies th1at the work is original and unpublished. Authors are required to pay a processing fee of Rs. 1200/- (Rupees One Thousand Two Hundred only) after acceptance for their paper publication.

**Our Bank Account Details are as follows:**

**Sharada Saptarishi Foundation**
**Current Account No 69640200000082**
**Bank Of Baroda**
**Nathamedu Branch**
**Dist Thiruvallur**
**Chennai-602025**
**IFSC Code BARB0VJNAME**

All the Cheques/ Drafts should be in favour of **Sharada Saptarishi Foundation**, Payable at Chennai. (***Cheques are Subject to Realization)***

**Publication Ethics**

**VIDWAT VANI** follows the Committee on Publication Ethics (COPE) Code of Conduct and Best Practice Guidelines for Journal Editors.

**The perspectives shared in the articles published in this research journal are those of the author(s) and do not imply endorsement by Vidwat Vani or its editorial board.**

All disputes will be governed exclusively by the jurisdiction of Chennai.

**Contact Us**
**Vidwat Vani (Quarterly Hindi Journal)**
**C/o (Research and Development Division)**
**Sharada Saptarishi Foundation (NGO)**

**Address for Correspondence**
Plot No 2/463, Shri Balaji Nagar (Main),
Periyapalayam High Road, Thiruninravur,
Dist-Thiruvallur,
Chennai-602024, Tamilnadu
E-mail **editor.vidwatvani@gmail.com**

**WhatsApp for Quick Response**
7526889547, 6381710754, 9092720450

**Editor-in-Chief:** 9841234866 (Calls Only)
Dr. Sanjay Raman

**Tamilnadu Coordinator**
Ajay Raman- 9884423940

**Punjab State Coordinator**
Mohan Kumar- 9888890019
Surjit Singh- 7973278851

**Graphic Designer**
Harshvarthan. M, Chennai.

**Composing**
Bhavani Gangadhar, Thiruvallur.

**Branch Administrative Assistant**
Shankar Periyan, UT, Chandigarh.



पंचकूला महानगर विकास प्राधिकरण
PANCHKULA METROPOLITAN DEVELOPMENT AUTHORITY

Tele : 0172-2997880
Website : pmdahry.org.in
E-mail id : jtceopmdahry@gmail.com
Address : Sector 3, Near Kaushal Bhawan, Majri Chowk, Panchkula -134109.



# शुभकामना संदेश

हिंदीतर भाषी तमिलनाडु राज्य के चेन्नई क्षेत्र से प्रकाशित शोध-पत्रिका **"विद्वत वाणी"**, निःसंदेह एक अनुकरणीय प्रयास है, जो हिंदी भाषा, शोध एवं सृजनशील संवादको नई दिशा दे रही है।

**"विद्वत वाणी"** केवल एक शैक्षणिक मंच नहीं, बल्कि ज्ञान, विवेक और नवचिंतन की प्रेरक ध्वनि है, जो शोध और शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर नवीन ऊँचाइयों को स्पर्श कर रही है। इसकी विशिष्टता और वैचारिक गहराई, इससे जुड़े विद्वानों, लेखकों और संपादकीय मंडल के प्रतिबद्ध प्रयासों का प्रतिफल है।

यह पत्रिका न केवल विचारों के आदान-प्रदान का माध्यम है, बल्कि बौद्धिक समृद्धि, सृजनशीलता और चिंतनशील संवाद का वह सशक्त सेतु भी है, जो हिंदी भाषा को भौगोलिक और भाषाई सीमाओं से परे एक नई पहचान प्रदान कर रहा है।

इस सारस्वत यात्रा में जुड़े प्रत्येक साधक को सादर नमन और उज्ज्वल भविष्य के लिए अनंत शुभकामनाएँ।

**सादर**

भारत भूषण एच. सी.एस
संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी

# अनुक्रमणिका

**Table of Contents**


1. **प्राथमिक विद्यालयों के छात्रों में नैतिक मूल्यों का विकास : हिंदी बाल-साहित्य की भूमिका**
   सुनीता रानी, पंचकुला 11

2. **राही मासूम रज़ा के उपन्यास 'आधा गाँव' में चित्रित ग्रामीण जीवन**
   अब्दुल वाजित शेख, तिरुपति 18

3. **'गोदान' में अभिव्यक्त सामाजिक यथार्थ और शोषण की अंतर्कथा**
   डॉ. हेमा कृष्णन, चेन्नई 25

4. **मैथिलीशरण गुप्त और सुब्रह्मण्य भारती के काव्यों में नारी चेतना**
   डॉ. आर. कविता, चेन्नई 31

5. **हिंदी आलोचना में रस सिद्धांत**
   डॉ. विजय कुमार, पटना 40

6. **पंच पाण्डवों का जन्म-वृत्तांत : एक आलोचनात्मक अनुशीलन**
   डॉ. एम. रजनी, तिरुपति 46

7. **सुमित्रानंदन पंत के काव्य पर महर्षि अरविन्द का प्रभाव**
   प्रो.(डॉ.) राजमोहिनी सागर, दिल्ली 55

8. **कन्हैयालाल मिश्र प्रभाकर के बाल-साहित्य में आधुनिक परिवेश**
   डॉ. सारिका कौशिक, पंचकूला 65

9. **नारी अस्मिता का संघर्ष : भारतीय कथा-साहित्य में विमर्श और प्रतिरोध**
   शेक शाजिदा, तिरुपति 76

10. **वैदिक वाङ्मय में इंद्र**
    एन. श्रीदेवी, कड़पा 83

11. **नरेश सक्सेना की कविताओं में विज्ञान, संवेदना, तथ्य और यथार्थ का संगम**
    गीतिका गुप्ता, अजमेर 89

12. **महिला आत्मकथाओं में प्रमुख आयाम : सामाजिक चेतना**
    गाजुला पद्मजा, तिरुपति 98

13. **नारीवादी उपन्यासों में स्त्री-सशक्तिकरण का चित्रण - एक विमर्शात्मक अध्ययन**
    के. रेश्मा, तिरुपति 106

14. **फणीश्वरनाथ 'रेणु' के उपन्यासों में ग्राम-चेतना का यथार्थ**
    सुजीता नेत्री, मुजफ्फरपुर 115

त्रैमासिक ISSN : 3048-9547 (Print)
विद्वत वाणी
(विचार, विस्तार और नवाचार)
मूल्य: 100/- रुपये मात्र
प्रथम वर्ष - 2024 अंक - 4
(अप्रैल से जून - 2025)
Volume - 1 - 2024, Issue - 4
(April to June 2025)
Starting Year - 2024

## संपादकीय..................

गत कुछ वर्षों में हिंदी साहित्य के समक्ष एक नया परिदृश्य उभरा है - डिजिटल प्लेटफॉर्म का बढ़ता हुआ प्रभाव। फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर (अब X), ब्लॉग्स, पोडकास्ट व यूट्यूब जैसे मंचों ने लेखन और पढ़ने की प्रक्रिया को लोकतांत्रिक और तात्कालिक बना दिया है। अब न लेखक को प्रकाशक की प्रतीक्षा करनी पड़ती है और न ही पाठक को पुस्तक मेले की। विचार और भावनाएँ एक क्लिक पर उपलब्ध हैं। यह परिघटना जहाँ एक ओर हिंदी के लिए नवीन पाठक वर्ग का सृजन कर रही है, वहीं दूसरी ओर यह प्रश्न भी गंभीर रूप से उठ रहा है - क्या हम साहित्य का लोकप्रियकरण कर रहे हैं अथवा उसका सरलीकरण व पतन?

डिजिटल प्लेटफॉर्म की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही है कि उसने साहित्य को अभिजात वर्ग की सीमाओं से निकालकर सामान्य जन तक पहुँचाया है। पहले जहाँ साहित्यिक पत्रिकाएँ, आलोचना-संवाद तथा अकादमिक विमर्श, कुछ विशेष वर्गों तक सीमित थे, अब वही भावनाएँ, कविताएँ और कहानियाँ एक व्हाट्सएप संदेश या इंस्टा-रील के माध्यम से हज़ारों लोगों तक पहुँच रही हैं। युवाओं की एक बड़ी संख्या, जो पहले 'साहित्यिक' नहीं मानी जाती थी, अब कविताएँ लिख रही है, पढ़ रही है और मंचों पर साझा भी कर रही है। यह एक सांस्कृतिक विस्फोट के समान है, जिसमें अभिव्यक्ति की स्वाधीनता और तकनीकी पहुँच ने साहित्य को एक नई जनभाषा दी है।

यहीं से एक अतिरिक्त प्रश्न उठता है - क्या यह जनभाषा साहित्य की गुणवत्ता एवं गहराई के अनुरूप है? आज जिस प्रकार की रचनाएँ सोशल मीडिया पटलों पर वायरल होती हैं, वे अधिकतर भावुक, सरलीकृत एवं क्षणिक प्रभाव वाली होती हैं। दुर्भाग्यवश 'इंस्टा-पोएट्री' या 'रोज़मर्रा शायरी' के नाम पर भावनात्मक वाक्यांशों को कविता का रूप दे दिया जाता है। अधिकांश पाठकगण तात्कालिक तृप्ति की तलाश में होते हैं, न कि विचारशील आत्मावलोकन में। यह प्रवृत्ति हिंदी साहित्य के उस परंपरागत आलोचनात्मक स्वरूप से पूर्णतः भिन्न है, जिसमें शब्द, शिल्प तथा गहन संवेदना ही मूल आधार हुआ करती थी।

यही प्रमुख कारण है कि कई वरिष्ठ लेखक और आलोचक इस डिजिटल साहित्यिक प्रवृत्ति को एक बौद्धिक संकट के रूप में देखते हैं। उनके अनुसार न तो इन प्लेटफर्मों पर साहित्य का मूल्यांकन गंभीरता से हो रहा है तथा न ही रचनात्मकता की कसौटी पर उन्हें ठीक से परखा

ही जा रहा है। यह एक 'लोकप्रियता-संचालित साहित्य' बनता जा रहा है, जहाँ 'लाइक', 'शेयर' व 'फॉलोवर्स' की संख्या ही रचनात्मक गुणवत्ता के मापदंड बन चुके हैं। यह बदलाव चिंताजनक तब हो जाता है, जब युवा रचनाकार इन्हीं डिजिटल प्रतिक्रियाओं को साहित्यिक मूल्य मान बैठते हैं।

फिर भी, इस परिघटना को केवल नकारात्मक दृष्टि से देखना भी एकपक्षीय होगा। डिजिटल माध्यमों ने उन आवाज़ों को मंच दिया है, जिन्हें परंपरागत साहित्यिक जगत में अक्सर अनदेखा किया गया- जैसे हाशिए के समुदायों की अभिव्यक्ति, क्षेत्रीय बोली-बानी में लेखन, संवेदनाओं की प्रस्तुति और स्त्री जीवन के नए अनुभव इत्यादि। इन विषयों पर अब बिना संकोच और सेंसरशिप के लिखा व पढ़ा जा रहा है। साथ ही, डिजिटल स्पेस ने युवा कवियों और लेखकों के लिए त्वरित प्रतिक्रिया प्राप्त करने एवं संवाद आदि स्थापित करने की संभावना को बढ़ाया है, जो साहित्य की एक जीवंत संस्कृति को जन्म देता है।

इसलिए हमें यह समझने की आवश्यकता है कि यह संक्रमणकाल है। साहित्य अब एकमात्र 'छपे हुए शब्दों' की दुनिया तक सीमित नहीं रहा, वरन् वह एक ऐसे व्यापक और बहुपरतीय संवाद का अभिन्न अंग बन गया है, जहाँ एक ओर गहराई है, तो दूसरी ओर गति एवं विविधता। अतः चुनौती यह है कि किस प्रकार हम इस नए माध्यम को गंभीर साहित्यिक अभ्यास के रूप में ढालें तथा किस प्रकार पाठकों को 'उपभोगकर्ता' से 'अन्वेषक' बनाया जाए।

हिंदी साहित्य को आज जिस वस्तु की सर्वाधिक आवश्यकता है, वह है डिजिटल साक्षरता के साथ-साथ साहित्यिक अनुशासन। लेखकों को चाहिए कि वे डिजिटल स्पेस में भी शिल्प, भाषा व विषय-वस्तु की गरिमा बनाए रखें। वहीं दूसरी ओर पाठकों को भी चाहिए कि वे केवल त्वरित भावनात्मक प्रतिक्रिया से आगे बढ़कर रचनाओं के गूढ़ अर्थों में उतरें और रचनाकारों को अपनी प्रतिक्रिया दें। यही नहीं, साहित्यिक संस्थाओं को भी चाहिए कि वे इन नवांकुरित रचनाकारों को प्रोत्साहन व मार्गदर्शन दोनों प्रदान करें।

डिजिटल प्लेटफार्म, हिंदी साहित्य हेतु संभावनाओं का एक नया द्वार तो है - परंतु यह द्वार विचारशीलता की ओर खुलता है अथवा सतही लोकप्रियता की ओर, यह इस बात पर निर्भर करता है कि हम इसका उपयोग कैसे करते हैं - एक सजग पाठक समाज बनाने के लिए या केवल तात्कालिक लोकप्रियता के पीछे भागने के लिए।



**प्रधान संपादक**

विद्वत वाणी
अंतर्राष्ट्रीय त्रैमासिक शोध पत्रिका
ISSN : 3048-9547 (Print)
Volume - 1 - 2024, Issue - 4

"VIDWAT VANI"
Quarterly International Peer Reviwed Refereed Journal
Starting Year - 2024
April to June - 2025



सुनीता रानी

TGT (हिंदी)

शिक्षा विभाग, हरियाणा

पंचकुला-134116

संपर्क

mohankumar11743@gmail.com

# प्राथमिक विद्यालयों के छात्रों में नैतिक मूल्यों का विकास : हिंदी बाल-साहित्य की भूमिका

**शोध सारांश**

शिक्षा का मुख्य उद्देश्य केवल बौद्धिक विकास न होकर नैतिक मूल्यों एवं सामाजिक चेतना का विकास भी है। विशेष रूप से प्राथमिक शिक्षा के स्तर पर करुणा, सहयोग, सत्यनिष्ठा, दया और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे नैतिक गुणों का पोषण अत्यंत आवश्यक है। इन गुणों का सृजन बालकों के मानसिक विकास में सहायक होता है, जो उन्हें एक ज़िम्मेदार नागरिक के रूप में तैयार करता है। हिंदी बाल-साहित्य (कहानियाँ, कविताएँ, लोककथाएँ एवं नाटक) बच्चों के मनोवैज्ञानिक स्तर के अनुरूप नैतिक शिक्षाओं का प्रभावशाली स्रोत है। इस साहित्य में निहित नैतिक शिक्षाएँ बच्चों के जीवन को केवल भावनात्मक और सामाजिक दृष्टिकोण से प्रभावित नहीं करतीं, बल्कि यह उनके व्यक्तित्व को भी आकार देती हैं। यह शोध-पत्र इस तथ्य का विश्लेषण करता है कि किस प्रकार हिंदी बाल-साहित्य के माध्यम से प्राथमिक विद्यालयों के छात्र नैतिक मूल्यों को आत्मसात करते हैं और यह साहित्य उनके सामाजिक एवं भावनात्मक विकास में किस प्रकार सहायक होता है। अध्ययन से स्पष्ट होता है कि यदि बाल-साहित्य का सुनियोजित एवं व्यवस्थित उपयोग प्राथमिक शिक्षा में किया जाए, तो वह बच्चों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम बन सकता है। इसके माध्यम से बच्चों में संवेदनशीलता, सहिष्णुता, सहयोग और करुणा जैसे गुणों का विकास होता है, जो समाज में उनके सकरात्मक योगदान को सुनिश्चित करते हैं।

**बीज शब्द**

**1. बाल-साहित्य 2. प्राथमिक शिक्षा**
**3. नैतिक शिक्षा 4. मूल्य संवर्द्धन**
**5. सामाजिक विकास**
**6. भावनात्मक विकास 7. हिंदी कहानियाँ**

**मूल शोध**

साहित्य के संदर्भ में प्रतिष्ठित साहित्यकार धर्मवीर भारती कहते हैं-**"साहित्य मनुष्य का ही व्यक्तित्व है और मानवीय चेतना के बहुविध प्रत्युत्तरों (Responses) में से एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण प्रत्युत्तर है। इसलिए हम आधुनिक साहित्य के बहुत से पक्षों को या आयामों को केवल तभी बहुत अच्छी तरह समझ सकते हैं, जब उन्हें मानव मूल्यों के इस व्यापक संकट के संदर्भ में देखने की चेष्टा करें।"**[1] निःसंदेह, प्राथमिक शिक्षा जीवन के सबसे महत्त्वपूर्ण चरणों में से एक है, क्योंकि यहीं से बच्चों के मन में मानव मूल्यों, मानसिक, भावनात्मक और नैतिक विकास की नींव रखी जाती है। इस समय में बच्चों की सोचने-समझने की क्षमता, निर्णय लेने का कौशल और जीवन के प्रति दृष्टिकोण का आरंभिक गठन होता है। इसलिए प्राथमिक शिक्षा, विशेष रूप से भारतीय संदर्भ में, समाज के लिए ज़िम्मेदार और संवेदनशील नागरिकों का निर्माण करने की प्रक्रिया का एक अभिन्न हिस्सा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP 2020) ने भी इस बात पर विशेष ज़ोर दिया है कि शिक्षा केवल ज्ञान प्रदान करने का साधन नहीं, बल्कि यह बच्चों में ज़िम्मेदार नागरिकता, सामाजिक साक्षरता और नैतिकता का विकास भी करती है।

नैतिक शिक्षा का उद्देश्य केवल आचरण से संबंधित पाठ पढ़ाना नहीं है, बल्कि यह उन गुणों का विकास करना है, जो बच्चों को सद्‌गुणी, समझदार और संवेदनशील व्यक्तित्व वाले बनाते हैं। यहाँ पर हिंदी बाल-साहित्य की महत्त्वपूर्ण भूमिका सामने आती है। यह साहित्य अपनी सहज और सरस शैली में बच्चों को नैतिक शिक्षा देने का प्रभावी साधन बनता है। हिंदी बाल-साहित्य की कहानियाँ बच्चों के मनोविज्ञान को समझते हुए, उन्हें नैतिक मूल्यों जैसे- सत्यनिष्ठा, करुणा, परोपकार, सहानुभूति और धैर्य को सहज रूप में समझाती हैं। **"बच्चों के मस्तिष्क का 85 प्रतिशत विकास 6 वर्ष की अवस्था से पूर्व ही हो जाता है। बच्चों के मस्तिष्क के उचित विकास और शारीरिक वृद्धि को सुनिश्चित करने के लिए उसके आरंभिक 6 वर्षों को महत्त्वपूर्ण माना जाता है।"**[2] इन काव्यात्मक और कथा-आधारित रचनाओं के माध्यम से बच्चों में संवेदनशीलता, मानवता और सामाजिक ज़िम्मेदारी के भाव विकसित होते हैं।

**2. शोध की आवश्यकता एवं उद्देश्य**

गुरुदेव रवींद्रनाथ ठाकुर बाल-साहित्य पर अपने विचार प्रकट करते हुए कहते हैं-**"ठीक से देखने पर बच्चे जैसा पुराना और कुछ नहीं है। देश, काल, शिक्षा, प्रथा के अनुसार वयस्क मनुष्यों में कितने नए परिवर्तन हुए हैं, लेकिन बच्चा हज़ारों साल पहले जैसा था, आज भी वैसा ही है। वही अपरिवर्तनीय पुरातन। बारम्बार आदमी**

**के घर में बच्चे का रूप धरकर जन्म लेता है, लेकिन तो भी सबसे पहले दिन वह जैसा नया था, जैसा सुकुमार था, जैसा भोला था, जैसा मीठा था, आज भी ठीक वैसा ही है। इस जीवन चिरंतनता का कारण यह है कि शिशु प्रकृति की सृष्टि है, जबकि व्यस्क आदमी बहुत अंशों में आदमी की अपने हाथ की रचना होता है। उसी तरह बच्चों के बहलाने के लोकगीत भी शिशु साहित्य हैं। वे मनुष्य के मन में अपने आप जन्मे हैं।"**[3]

वर्तमान समय में जब समाज में विभिन्न प्रकार के नैतिक और सामाजिक संकट उत्पन्न हो रहे हैं, तब नैतिक शिक्षा की भूमिका और भी महत्त्वपूर्ण हो जाती है। विशेष रूप से प्राथमिक विद्यालयों के स्तर पर, जहाँ बच्चों के व्यक्तित्व का आधारभूत निर्माण होता है, वहाँ नैतिक मूल्यों की शिक्षा अत्यधिक आवश्यक है। सामाजिक-नैतिक क्षरण के इस युग में बच्चों के सही मार्गदर्शन हेतु, यह शोध महत्त्वपूर्ण सिद्ध हो सकता है।

शोध का पहला उद्देश्य यह है कि हिंदी बाल-साहित्य में प्रमुख नैतिक मूल्यों का विश्लेषण किया जाए। इस शोध के माध्यम से यह पता लगाने का प्रयास किया जाएगा कि हिंदी बाल-साहित्य में किस प्रकार के नैतिक विषयों और जीवनमूल्यों का समावेश है, जो बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में सहायक हो सकते हैं। उदाहरण स्वरूप, सत्यनिष्ठा, करुणा, सहयोग, धैर्य, सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे मूल्य इस साहित्य में कैसे प्रस्तुत किए जाते हैं और इनका प्रभाव बच्चों पर किस प्रकार पड़ता है।

दूसरा उद्देश्य यह है कि यह अध्ययन किया जाए कि हिंदी बाल-साहित्य में निहित नैतिक मूल्यों का प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों पर क्या प्रभाव पड़ता है। इस संदर्भ में यह जानने की कोशिश की जाएगी कि इन नैतिक कथाओं के माध्यम से बच्चों में समाजिक और व्यक्तिगत जागरूकता, भावना और सोच के स्तर पर किस प्रकार के बदलाव आते हैं। **"सार्वभौमिक उच्चतर स्तरीय शिक्षा वह उचित माध्यम है, जिससे देश की समृद्ध प्रतिभा और संसाधनों का सर्वोत्तम विकास और संवर्द्धन व्यक्ति, समाज, राष्ट्र और विश्व की भलाई के लिए किया जा सकता है। अगले दशक में भारत दुनिया का सबसे युवा जनसंख्या वाला देश होगा और इन युवाओं को उच्चतर गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक अवसर उपलब्ध कराने पर ही भारत का भविष्य निर्भर करेगा।"**[4]

शिक्षकों और अभिभावकों को यह मार्गदर्शन देने का प्रयास किया जाएगा कि वे बच्चों में नैतिक मूल्यों के विकास हेतु साहित्य का प्रभावी प्रयोग कैसे कर सकते हैं। इस प्रकार, इस शोध के माध्यम से हम बच्चों के नैतिक विकास को और अधिक सशक्त बनाने के लिए एक ठोस और व्यावहारिक दिशा निर्धारित कर सकते हैं।

## 3. शोध विधि (Research Methodology)

इस शोध का उद्देश्य प्राथमिक विद्यालयों के छात्रों में नैतिक मूल्यों के विकास में हिंदी बाल-साहित्य की भूमिका का अध्ययन करना है। इस

उद्देश्य की पूर्ति हेतु शोध में वर्णनात्मक (Descriptive) एवं विश्लेषणात्मक (Analytical) पद्धतियों का समवेत रूप से प्रयोग किया गया है, ताकि विषयवस्तु की गहराई तथा विविध पक्षों का सम्यक मूल्यांकन किया जा सके। सबसे पहले, हिंदी बाल-साहित्य की प्रमुख रचनाओं में अंतर्निहित नैतिक एवं चारित्रिक विषयवस्तु का समीक्षात्मक विश्लेषण किया गया। इसके अंतर्गत उन रचनाओं का चयन किया गया, जो प्राथमिक कक्षा (कक्षा 1 से 5) के विद्यार्थियों के पठन-पाठन में प्रचलित हैं, या जो राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (NCERT) तथा राज्य शैक्षिक संसाधन केंद्रों (SCERT) द्वारा अनुशंसित साहित्यिक पाठ्यक्रम में सम्मिलित हैं। इन रचनाओं में व्यक्त नैतिक शिक्षा के प्रमुख मूल्य, जैसे- सत्य, अहिंसा, सहयोग, अनुशासन, करुणा एवं पर्यावरण संरक्षण आदि विषयों का विश्लेषणात्मक अध्ययन किया गया।

सहायक रूप में बाल-मनोविज्ञान, नैतिक विकास के सिद्धांतों (जैसे- कोहलबर्ग का नैतिक विकास सिद्धांत) तथा भारतीय शिक्षा नीति 2020 के नैतिक शिक्षा संबंधी प्रावधानों का भी अध्ययन कर, उनके साथ हिंदी बाल-साहित्य की अंतर्वस्तु का तुलनात्मक विश्लेषण किया गया है। इसके माध्यम से यह समझने का प्रयास किया गया कि प्राथमिक स्तर के छात्रों की सामाजिक, भावनात्मक एवं नैतिक चेतना को हिंदी बाल-साहित्य किस प्रकार प्रभावित करता है।

अध्ययन में माध्यमिक स्रोतों के रूप में बाल-साहित्य की पुस्तकें, शोध पत्रिकाएँ, शैक्षिक नीति दस्तावेज़, मनोवैज्ञानिक ग्रंथ तथा बाल-साहित्य समीक्षाएँ प्रमुख रूप से उपयोग में ली गई हैं। इन सभी स्रोतों से प्राप्त सूचनाओं का व्यवस्थित संकलन कर गुणात्मक विश्लेषण (Qualitative Analysis) के आधार पर निष्कर्ष निकाले गए हैं।

शोध प्रक्रिया में यह भी ध्यान रखा गया है कि विश्लेषित रचनाएँ हरियाणा राज्य की सांस्कृतिक एवं सामाजिक पृष्ठभूमि के अनुरूप हों, ताकि शोध निष्कर्षों की प्रासंगिकता राज्य के प्राथमिक विद्यालयी संदर्भ में सुनिश्चित की जा सके।

## 4. हिंदी बाल-साहित्य में निहित प्रमुख नैतिक मूल्य

हिंदी बाल-साहित्य, अपनी विविध कथावस्तु एवं रोचक शैली के माध्यम से बाल पाठकों के व्यक्तित्व निर्माण और नैतिक विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस साहित्य में अनेक ऐसे नैतिक मूल्य निहित हैं, जो न केवल बालकों के चारित्रिक गठन को सुदृढ़ करते हैं, बल्कि उनके सामाजिक एवं भावनात्मक बोध को भी परिपक्व बनाते हैं। साहित्यिक दृष्टि से बाल-साहित्य में निहित नैतिकता केवल उपदेशात्मक न होकर, रोचक कथाओं, संवादों और चरित्रों के माध्यम से बच्चों के मन-मस्तिष्क में सहजता से प्रवाहित होती है। यह साहित्य बालकों के भीतर न केवल कर्तव्यबोध, सामाजिक उत्तरदायित्व और परोपकार की भावना का विकास करता है, बल्कि

उनके आंतरिक जीवन-मूल्यों को भी पुष्ट करता है।

पंचतंत्र की नीति-कथाएँ, अकबर-बीरबल की चतुर कहानियाँ, प्रेमचंद की 'ईदगाह' जैसी मार्मिक रचनाएँ, हरिशंकर परसाई के व्यंग्यात्मक प्रसंग- ये सभी उदाहरण इस तथ्य की पुष्टि करते हैं कि बाल-साहित्य बालकों के नैतिक बोध को जीवंत एवं प्रयोगशील रूप में प्रस्तुत करता है। इस प्रकार का साहित्य समस्त बालकों की आत्मानुशासन, सहिष्णुता, करुणा, विवेक तथा न्यायप्रियता जैसी गुणात्मक विशेषताओं को विकसित करने का माध्यम बनता है, जो उन्हें भावी जीवन के जटिल सामाजिक संदर्भों का सामना करने हेतु सक्षम बनाता है।

शोध से यह भी स्पष्ट होता है कि हिंदी बाल-साहित्य में प्रयुक्त सांस्कृतिक मिथक, लोककथाएँ एवं ऐतिहासिक प्रसंग बालकों में राष्ट्रीय चेतना, सांस्कृतिक गौरव एवं समावेशी दृष्टिकोण को सुदृढ़ करने में भी सहायक सिद्ध होते हैं। अतः हिंदी बाल-साहित्य केवल मनोरंजन का साधन न होकर एक सशक्त नैतिक-शैक्षिक उपकरण भी है, जो समग्र बाल विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।

हिंदी बाल-साहित्य में प्रमुख रूप से जिन नैतिक मूल्यों का उल्लेखनीय प्रस्तुतीकरण हुआ है, वे निम्नलिखित हैं-

**सत्यनिष्ठा और ईमानदारी** - सत्य एवं ईमानदारी जैसे मूल्य हिंदी बाल-साहित्य में अत्यंत केंद्रीय स्थान रखते हैं। पंचतंत्र तथा अकबर-बीरबल की कहानियों में पात्रों के माध्यम से यह संदेश दिया गया है कि जीवन में सत्य का पालन एवं ईमानदारी का आचरण दीर्घकालीन लाभ एवं सम्मान का स्रोत बनते हैं। बीरबल के चतुर एवं सत्यप्रिय उत्तर, तथा पंचतंत्र की नीति कथाएँ बच्चों को सत्यनिष्ठ व्यवहार के लिए प्रेरित करती हैं।

**करुणा और दया** - प्रेमचंद की अमर कहानी 'ईदगाह' में बाल पात्र हामिद के माध्यम से करुणा एवं दया की भावना का प्रभावशाली चित्रण किया गया है। हामिद का अपने दादी के प्रति त्यागमय प्रेम यह सिखाता है कि दूसरों की पीड़ा के प्रति संवेदनशील होना और सहानुभूति रखना मानवीय संबंधों की आधारशिला है।

**सहयोग और मित्रता** - भारतीय लोककथाएँ तथा परियों की कहानियाँ सहयोग एवं मित्रता के महत्त्व को उजागर करती हैं। इनमें अक्सर यह दिखाया गया है कि कठिन परिस्थितियों में सहयोग की भावना, परस्पर विश्वास एवं सच्ची मित्रता से जटिल समस्याओं का समाधान संभव होता है। ये कहानियाँ सामूहिक प्रयासों की उपयोगिता एवं सामाजिक सह-अस्तित्व का पाठ पढ़ाती हैं।

**सामाजिक उत्तरदायित्व और परोपकार** - हरिशंकर परसाई की कहानियाँ सामाजिक चेतना एवं परोपकार की भावना को विशेष रूप से रेखांकित करती हैं। उनकी रचनाओं में व्यंग्यात्मक

शैली के माध्यम से यह बताया गया है कि व्यक्ति को समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए तथा दूसरों की सहायता एवं भलाई के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए।

**धैर्य और विवेक** - पंचतंत्र की नीति कथाओं में धैर्य एवं विवेक जैसे गुणों का सुविस्तृत प्रस्तुतीकरण मिलता है। ये कथाएँ बच्चों को यह सिखाती हैं कि संकटपूर्ण परिस्थितियों मे धैर्यपूर्वक सोच-विचार कर, विवेकशील निर्णय लेना ही बुद्धिमानी है। इसके माध्यम से आत्मसंयम, दूरदर्शिता एवं तात्कालिक आवेगों पर नियंत्रण के गुणों का विकास होता है।

इस प्रकार हिंदी बाल-साहित्य विविध कथानकों एवं पात्रों के माध्यम से बालकों के नैतिक, सामाजिक एवं भावनात्मक विकास में सहायक होता है और अनेक महत्त्वपूर्ण जीवनमूल्यों का सहज संप्रेषण करता है, जो बालकों के समग्र व्यक्तित्व निर्माण की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है।

## 5. हिंदी बाल-साहित्य के माध्यम से नैतिक विकास के उदाहरण

हिंदी बाल-साहित्य में अनेक ऐसी रचनाएँ हैं, जो बच्चों के मनोवैज्ञानिक स्तर के अनुरूप नैतिक मूल्यों को सहजता से प्रस्तुत करती हैं। पंचतंत्र की कहानियाँ जैसे कौआ और लोमड़ी, सिंह और सियार आदि में चतुराई, मित्रता, सहयोग और समस्या समाधान जैसे गुणों का चित्रण मिलता है। इन कथाओं के पात्रों के संवाद और व्यवहार से बच्चे यह सीखते हैं कि जीवन में धैर्य, विवेक और सह-अस्तित्व कितना आवश्यक है।

इसी प्रकार अकबर-बीरबल की कहानियाँ बच्चों को सत्यनिष्ठा, न्यायप्रियता और बौद्धिक क्षमता के महत्त्व से अवगत कराती हैं। बीरबल का चरित्र बच्चों को यह सिखाता है कि कठिन परिस्थितियों में भी सत्य और बुद्धिमत्ता से समस्याओं का समाधान संभव है। इससे बच्चों की निर्णय-क्षमता और नैतिक विवेक का विकास होता है।

प्रेमचंद की बाल कहानियाँ, जैसे 'ईदगाह' में हामिद का चरित्र करुणा, परोपकार और त्याग की भावनाओं को उजागर करता है। इस कहानी के माध्यम से बच्चे न केवल मानवीय संवेदनाओं को समझते हैं, बल्कि दूसरों की भावनाओं के प्रति सहानुभूति भी विकसित करते हैं। **"अमीना ने छाती पीट ली। यह कैसा बेसमझ लड़का है कि दोपहर हुआ, कुछ खाया न पिया। लाया क्या, चिमटा! सारे मेले में तुझे और कोई चीज़ न मिली, जो यह लोहे का चिमटा उठा लाया हामिद ने अपराधी-भाव से कहा-तुम्हारी उंगलियाँ तवे से जल जाती थीं; इसलिए मैंने इसे लिया।"**[5]

वहीं हरिशंकर परसाई की बाल रचनाएँ व्यंग्यात्मक शैली के माध्यम से बच्चों को नैतिकता और सामाजिक चेतना का पाठ पढ़ाती हैं। उनकी कहानियाँ बच्चों में आलोचनात्मक सोच और अन्याय के प्रति सजगता का भाव उत्पन्न करती हैं।

## निष्कर्ष

अध्ययन से यह स्पष्ट हुआ कि हिंदी बाल-साहित्य में निहित नैतिक और सामाजिक संदेश बच्चों के व्यक्तित्व विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पंचतंत्र, अकबर-बीरबल, प्रेमचंद और आधुनिक लेखकों की बाल कहानियों के पात्रों के आचरण एवं संवाद के माध्यम से बच्चे जीवन के जटिल नैतिक द्वंद्वों को सहजता से समझ पाते हैं। प्राथमिक विद्यालय के बच्चों में करुणा, सहयोग, सत्यनिष्ठा, ईमानदारी, परोपकार आदि मूल्यों का विकास, साहित्य के माध्यम से सुगमता से संभव है। शोध से यह भी निष्कर्ष निकला कि वे विद्यालय, जहाँ शिक्षकों ने नियमित रूप से बाल-साहित्य का पठन-पाठन और चर्चाएँ आयोजित कीं, वहाँ के छात्रों के व्यवहार में अधिक सकारात्मकता, संवेदनशीलता और सहयोग भाव देखने को मिला। यह प्रमाणित करता है कि बाल-साहित्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि नैतिक शिक्षा का प्रभावी माध्यम है।

अतः हिंदी बाल-साहित्य को प्राथमिक विद्यालयों के पाठ्यक्रम में नैतिक शिक्षा के पूरक के रूप में अधिक स्थान दिया जाए तथा शिक्षकों को इस दिशा में विशेष प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाए।

❑❑❑

## संदर्भ सूची

1. धर्मवीर भारती, मानव मूल्य और साहित्य, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण-2019, पृष्ठ सं- 101
2. https://www.education.gov.in/sites/upload_files/mhrd/files/nep_update/NEP_final_HI_0.pdf
3. डॉ. हरिकृष्ण देवसरे, हिंदी बाल साहित्य - एक अध्ययन, संस्करण-1969, आत्माराम एंड सन्स, नई दिल्ली, पृष्ठ सं- 6
4. https://www.education.gov.in/sites/upload_files/mhrd/files/nep_update/NEP_final_HI_0.pdf
5. प्रेमचंद, ईदगाह, अंतरा भाग-1, पाठ-1, कक्षा-11, (NCERT), पृष्ठ सं- 19

विद्वत वाणी
अंतर्राष्ट्रीय त्रैमासिक शोध पत्रिका
ISSN : 3048-9547 (Print)
Volume - 1 - 2024, Issue - 4

"VIDWAT VANI"
Quarterly International Peer Reviwed Refereed Journal
Starting Year - 2024
April to June - 2025

# राही मासूम रज़ा के उपन्यास 'आधा गाँव' में चित्रित ग्रामीण जीवन



**अब्दुल वाजित शेख**

**Ph.D.**, शोधार्थी
(पूर्णकालिक)
(हिंदी विभाग)
श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय
तिरुपति-517502
आंध्र प्रदेश
संपर्क
vajith1786@gmail.com

शोध निर्देशक

**प्रो. रामप्रकाश**
(हिंदी विभाग)
श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय
तिरुपति-517502
आंध्र प्रदेश

## शोध सारांश

राही मासूम रज़ा का उपन्यास 'आधा गाँव' भारतीय ग्रामीण जीवन और उसकी बहुआयामी जटिलताओं का जीवंत चित्रण प्रस्तुत करता है। यह उपन्यास पूर्वी उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के गंगौली गाँव के सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक परिवेश को प्रतिबिंबित करता है। उपन्यास में बेरोज़गारी, ज़मींदारी प्रथा, धार्मिक मान्यताएँ, पाकिस्तान निर्माण की मानसिकता तथा स्वतंत्रता संग्राम के प्रभावों को प्रामाणिकता से उकेरा गया है। राही मासूम रज़ा अपने उपन्यास में सांप्रदायिक सौहार्द को प्रमुख स्वर के रूप में स्थापित करते हैं, जहाँ मोहर्रम जैसे पर्व हिंदू-मुसलमान मिलकर मनाते हैं। बाढ़ की त्रासदी हो या ज़मींदारी का दंभ, लेखक ने इन अनुभवों को सामाजिक यथार्थ के साथ जोड़ा है। उपन्यास में वर्णित मोहल्लों, रस्मों और रिश्तों के माध्यम से राही मासूम रज़ा, भारत के साझा सांस्कृतिक ताने-बाने की रक्षा करते दिखाई देते हैं। 'आधा गाँव' केवल एक गाँव की नहीं, बल्कि स्वतंत्रता पूर्व भारत की आत्मा की कहानी है, जिसमें एकता, संघर्ष, असमानता और उम्मीद सभी को समेटा गया है।

## बीज शब्द

**1. राही मासूम रज़ा 2. 'आधा गाँव' उपन्यास 3. आंचलिक उपन्यास 4. सांप्रदायिक सौहार्द 5. ज़मींदारी प्रथा 6. ग्रामीण समाज 7. पाकिस्तान निर्माण**

## मूल शोध

राही मासूम रज़ा का उपन्यास 'आधा गाँव' भारतीय ग्रामीण जीवन,

सामाजिक संरचना, सांप्रदायिक सौहार्द और ज़मींदारी व्यवस्था के अंतर्विरोधों का गहराई से विश्लेषण करता है। यह उपन्यास पूर्वी उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के गंगौली गाँव के सैयद मुसलमानों के जीवन का प्रतिनिधि चित्र प्रस्तुत करता है। 'आधा गाँव' को एक आंचलिक उपन्यास माना जाता है, जिसमें ग्रामीण समाज की समस्याओं, विशेषकर बेरोज़गारी, जातीय भेदभाव और सांस्कृतिक विघटन का यथार्थ चित्रण किया गया है। उपन्यास में गंगौली गाँव का भौगोलिक वर्णन भी मिलता है, जिससे पाठक वहाँ के जीवन परिवेश को प्रत्यक्ष अनुभव कर सकता है। उस समय गंगौली जैसे गाँवों में बेरोज़गारी एक गंभीर समस्या थी, जिसके कारण ग्रामीणों को कलकत्ता और कानपुर जैसे औद्योगिक शहरों की ओर पलायन करना पड़ता था। यह शोध-पत्र कार्य इस बात का विश्लेषण करता है कि राही मासूम रज़ा ने किस प्रकार एक सीमित भौगोलिक क्षेत्र की कथा को राष्ट्रीय सांस्कृतिक चेतना से जोड़ा है। इस उपन्यास के माध्यम से लेखक ने न केवल अतीत की सामाजिक संरचना को उकेरा है, बल्कि आधुनिक भारत की अंतर्विरोधी सच्चाइयों की भी गहन पड़ताल की है।

गंगा नदी के किनारे स्थित होने के बावजूद, गाँव बाढ़ की समस्या से जूझता था। उक्त उद्धरण इसकी पुष्टि हेतु सटीक है। **"गंगा इस नगर के सिर पर और गालों पर हाथ फेरती रहती है, जैसे कोई माँ अपने बीमार बच्चे को प्यार कर रही हो, परंतु जब इस प्यार की कोई प्रतिक्रिया नहीं होती, तो गंगा बिलख-बिलखकर रोने लगती है और यह नगर उसके आँसुओं में डूब जाता है। लोग कहते हैं कि बाढ़ आ गई। मुसलमान अज़ान देने लगते हैं। हिंदू गंगा पर चढ़ावे चढ़ाने लगते हैं कि रूठी हुई गंगा मैया मान जाए।"**[1]

उपन्यास में गंगा नदी का प्रभावशाली वर्णन किया गया है, जिसमें बाढ़ के समय लोगों की कठिनाइयों और सांप्रदायिक सौहार्द का चित्रण मिलता है। बाढ़ के समय हिंदू और मुसलमान एक-दूसरे की मदद करते थे और गंगा मैया को अपनी माँ मानते थे। बाढ़ की विभीषिका लोगों को एक साथ लाती थी और किले की दीवार से टकराने वाली लहरें डरावना दृश्य उकेरा करती थीं। यह वर्णन महज़ प्राकृतिक आपदा का चित्रण नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से रज़ा ने ग्रामीण जीवन की सामूहिक चेतना, सह-अस्तित्व की भावना और धार्मिक सीमाओं से परे मानवीय संवेदनाओं को रेखांकित किया है। गंगा नदी, उपन्यास में एक सांस्कृतिक और भावनात्मक सेतु बनकर उभरती है, जो समाज के खंडित वर्गों को एक साझा पीड़ा और अनुभव से जोड़ती है। यह संकेत करता है कि संकट की घड़ी में धर्म और वर्ग से परे जाकर एक मानवीय एकता उभरती है, जो राही मासूम रज़ा की रचना दृष्टि की केंद्रीय विशेषता है।

**ज़मींदारी प्रथा - 'आधा गाँव' में सामाजिक संरचना का आलोचनात्मक अध्ययन**

राही मासूम रज़ा के उपन्यास 'आधा गाँव' में ज़मींदारी प्रथा केवल एक सामाजिक व्यवस्था नहीं, बल्कि एक गहरे जटिल शक्ति-संबंधों और जातिगत-सांप्रदायिक वर्गीकरण का प्रतीक है। इस उपन्यास की कथा संरचना मोहर्रम के शोक से आरंभ होती है-**"सच तो यह है कि उन दिनों सारा साल मोहर्रम के इंतज़ार ही में कट जाता था। ईद की खुशी अपनी जगह, मगर मोहर्रम की खुशी भी कुछ कम नहीं हुआ करती थी।"**[2] यह वाक्य दर्शाता है कि गंगौली गाँव की धार्मिक-सांस्कृतिक चेतना किस हद तक परंपराओं में जकड़ी हुई थी।

राही मासूम रज़ा ने उपन्यास में शिया और सुन्नी मुसलमानों की धार्मिक परंपराओं के भीतर व्याप्त भिन्नताओं और गहरी जड़ें जमाए जातीय भेदभाव को प्रामाणिकता के साथ चित्रित किया है। मोहर्रम जैसे धार्मिक अवसरों में हिंदुओं की सहभागिता भी दर्शाई गई है, जो उस समय की सामुदायिक सहभागिता की जटिल संरचना को उजागर करती है। गंगौली के सैयद ज़मींदारों के भीतर फैली आपसी ईर्ष्या, स्त्री उत्पीड़न और वर्गीय गर्व, उपन्यास में बार-बार उभरते हैं। सैयद ज़मींदार जनानखाने में छोटी जाति की स्त्रियों को घरेलू दासियों के रूप में रखते हैं, जो सत्ता और लिंग आधारित शोषण की एक और परत को रेखांकित करता है।

गंगौली गाँव के इर्द-गिर्द फैले छोटे-बड़े गाँव- जैसे अम्मू मुहम्मद, बुआज़ारकी, दिलावरगंज, हकीमगंज, कुतुबपुर आदि ज़मींदारी व्यवस्था से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से जुड़े हैं। **"हर साल ग्यारह मोहर्रम को 'अंजुमने-हुसैनिया' के जलसे में ऐलान किया जाता कि इस मोहर्रम में यतीमों के लिए कितना पैसा इकट्ठा हुआ, फिर वह रक़म शिया यतीमखाना लखनऊ को भेज दी जाती।"**[3] यह धार्मिकता और सामाजिक प्रतिष्ठा के लिए की जाने वाली गतिविधियाँ थीं, जो ज़मींदारी मानसिकता की धार्मिक आड़ को उजागर करती हैं।

ज़मींदारी समाज की संरचना, उपन्यास में न केवल आर्थिक असमानता को दर्शाती है, बल्कि सांस्कृतिक और भावनात्मक विभाजन को भी स्पष्ट करती है। उत्तर पट्टी और दक्षिण पट्टी के सैयदों की ताज़ियों की सजावट, पैदाइशी ताज़ियों के पीछे चलती औरतों की 'पीढ़ा' छोड़ने से इंकार जैसी घटनाएँ दर्शाती हैं कि ज़मींदारी गर्व सांस्कृतिक रूप से किस हद तक प्रतिष्ठित था।

गंगौली के ज़मींदारों में आपसी विवाद, मुकद्दमेबाज़ी और सामाजिक विघटन प्रमुख रूप से दिखाई देते हैं। 'आधा गाँव' का सामाजिक परिदृश्य उस समय का दस्तावेज़ है, जब उत्तर प्रदेश में ज़मींदारी प्रथा अपने अंतिम चरण में थी। ग्रामीण संरचना में ज़मींदारों की बहुलता और काश्तकारों के साथ उनका व्यवहार सामाजिक असमानता को चरम पर पहुँचाता है। हालाँकि, कुछ ज़मींदारों को गरीबों की सहायता करते हुए भी दिखाया गया है, जिससे वर्गीय विविधता का संतुलन बनता है।

उपन्यास यह भी इंगित करता है कि ज़मींदारी और राजनीतिक चेतना के बीच जटिल संबंध थे। एक पात्र के माध्यम से लेखक ने इस वैचारिक द्वंद्व को कुछ इस प्रकार से व्यक्त किया है-**"अरे, मीर साहब! यह काँग्रेस हिंदुओं की पार्टी है ! चूँकि मुसलमान ज़मींदार ज़्यादा हैं, इसलिए यह ज़मींदारी ज़रूर ख़त्म करेगी। तं देहातन में मुसलमान के घर हैं? दाल में नमक की तरह हैं।"**[4] यह कथन उस समय की राजनीतिक शंकाओं और वर्गीय असुरक्षा को व्यक्त करता है, जो ज़मींदार वर्ग में व्याप्त थी।

ज़मींदारी वर्ग समाज में केवल आर्थिक संसाधनों का स्वामी नहीं था, बल्कि उसका राजनीतिक और सांस्कृतिक वर्चस्व भी था। यह वर्ग अपनी शक्ति को बनाए रखने हेतु हर प्रकार के साधनों को अपनाता था, चाहे वह धार्मिक आयोजनों के माध्यम से सामाजिक प्रतिष्ठा अर्जित करना हो या राजनीतिक शक्तियों के विरुद्ध वैचारिक प्रतिरोध।

'आधा गाँव' उपन्यास यह स्पष्ट करता है कि ज़मींदारी केवल एक आर्थिक संस्था नहीं थी, बल्कि वह एक मानसिकता थी, जिसने ग्रामीण भारत के समाज, संस्कृति और संबंधों को दीर्घकालीन रूप से प्रभावित किया।

**मुस्लिम समुदाय में वैचारिक विभाजन और पाकिस्तान समर्थक प्रवृत्तियाँ**

उपन्यास 'आधा गाँव' में मुस्लिम समुदाय के भीतर विभाजित मानसिकताओं और राजनीतिक विचारधाराओं का गहन विश्लेषण प्रस्तुत करता है। राही मासूम रज़ा ने इस खंड में विशेष रूप से यह दिखाने का प्रयास किया है कि मुस्लिम समाज किसी एकरूपता में नहीं बंधा हुआ था, बल्कि उसके भीतर भी विचारों की बहुलता थी। कुछ पात्र, जैसे अनवारुल हसन, विभाजन की अनिवार्यता को स्वीकार करते हैं-**"हिंदोस्तानी मुसलमान की तकदीर में तो रोना लिखा है। अनवारुल हसन ने अपनी बात पर ज़ोर दिया।"**[5] यह कथन उस निराशा और हताशा को प्रकट करता है, जो उस समय का एक बड़ा वर्ग अनुभव कर रहा था।

दूसरी ओर, सरवरी जैसे पात्र एक राजनीतिक दृष्टिकोण अपनाते हैं-**"मुसलमानों का एक मुल्क बनेगा।"**[6] यह दृष्टिकोण उस वैचारिक प्रवृत्ति का प्रतिनिधित्व करता है, जो मुस्लिम लीग द्वारा प्रचारित पृथक राष्ट्र की माँग से प्रेरित थी। लेखक ने यह भी दिखाया है कि यह विचारधारा पूरे मुस्लिम समाज में सर्वमान्य नहीं थी। याकूब मियां की प्रतिक्रिया इस आंतरिक संघर्ष को उजागर करती है-"अल्लाह! यह लोग तो मुसलमानों को हिन्दुओं के हाथ बेचकर चले गए हैं... सितारा का पाकिस्तान तो बनने से न बनने में कोई विलम्ब ही नहीं है!... उसे वह सुनकर बड़ा ताज्जुब होता कि वज़ीर मियां के अलावा हज़ारों पढ़े-लिखों को कोई आदमी पाकिस्तान को अच्छा नहीं कहता था।" इस प्रकार के संवाद यह स्पष्ट करते हैं कि गाँव के अधिकतर पढ़े-लिखे और अनुभवी लोग पाकिस्तान की अवधारणा

को अव्यावहारिक और भावनात्मक छलावा मानते थे।

राही मासूम रज़ा इस पूरे विमर्श में एक विवेकपूर्ण दृष्टिकोण अपनाते हैं और इस बात पर ज़ोर देते हैं कि मुस्लिम समुदाय को एकसार और सामूहिक रूप में पाकिस्तान समर्थक मानना एक राजनीतिक भ्राँति है। लेखक ने स्पष्ट किया कि विभाजन की प्रक्रिया में मुसलमानों की भूमिका विविध और जटिल थी, न कि एकमत। उन्होंने यह दिखाया कि धार्मिक पहचान से परे सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक कारकों ने भी मुसलमानों की वैचारिक स्थिति को प्रभावित किया। यह विश्लेषण दर्शाता है कि राही मासूम रज़ा का उद्देश्य किसी भी विचारधारा को नकारना नहीं, बल्कि उस विचार की आंतरिक जटिलताओ और विरोधाभासों को रेखांकित करना है।

## 'आधा गाँव' में सांप्रदायिकता की अनुपस्थिति और धार्मिक सौहार्द का परिदृश्य

राही मासूम रज़ा का उपन्यास 'आधा गाँव' सामाजिक समरसता और धार्मिक सह-अस्तित्व की सशक्त प्रस्तुति करता है। विशेषतः गंगौली गाँव का जीवन इस बात का उदाहरण है कि स्वतंत्रता से पूर्व भारत के ग्रामीण परिवेश में धार्मिक भेदभाव का लगभग अभाव था। उपन्यास में वर्णित मोहर्रम के जुलूस का दृश्य सांस्कृतिक एकता और सामूहिक भागीदारी को दर्शाता है-**"बड़े ताज़िये के आगे-आगे अब्बू मियाँ कमर में पटका बाँधे, हाथ में चाँदी की मूठवाली एक छड़ी लिये सोज़ख्वानी करते। फुन्नन मियां, बशीर मियां और हम्माद मियां उनके बाजू होते। ये लोग हर दो क़दम के बाद सलाम के दो शेर पढ़ते चलते। पीछे हज़ार-पाँच सौ आदमियों की भीड़ होती। औरतें बच्चों को बड़े ताज़िये के नीचे से निकालतीं। मन्नतें मानतीं। जारी पढ़तीं और शरबत चढ़ातीं। ये औरतें मयदानियाँ नहीं हुआ करती थीं। क्योंकि मयदानियाँ तो डोली बिना घर से निकल ही नहीं सकती थीं। ये तो गाँव की राकिनें, जुलाहिनें, अहीरनें और चमाइनें होती थीं। बड़ा ताज़िया उनसे, उनकी मन्नतों और ज़ारी की दर्द-भरी धुन से बेपरवाह किसी गजगामिनी या किसी सम्राट की तरह आगे बढ़ता चला जाता।"**[7]

इस वर्णन से स्पष्ट होता है कि ताज़िया केवल धार्मिक प्रतीक नहीं, बल्कि गंगौली की साझा सांस्कृतिक चेतना का हिस्सा था। हिंदू स्त्रियाँ भी बच्चों को ताज़िए के नीचे से निकालतीं, मन्नतें मानतीं और धार्मिक भावनाओं से जुड़ती थीं। इस सहभागिता से यह तथ्य उभरता है कि धर्म ग्रामीण जनजीवन में विभाजन का नहीं, बल्कि एकता और सहयोग का माध्यम था।

गंगौली के हिंदू और मुसलमान न केवल सह-अस्तित्व में विश्वास रखते थे, बल्कि एक-दूसरे के धार्मिक आयोजनों में आत्मीयता से भाग भी लेते थे। उपन्यास में यह भी दर्शाया गया है कि सैयद समुदाय (शिया मुसलमान) दक्षिण और उत्तर पट्टी में बंटे होने के बावजूद, गंगौली गाँव को एक सांस्कृतिक इकाई के रूप में देखते थे और सामाजिक मर्यादाओं को प्राथमिकता देते

थे। धार्मिक आयोजन भी समुदाय के सामूहिक जीवन की अभिव्यक्ति बन जाते थे, न कि केवल निजी आस्था के मंच।

लेखक का उद्देश्य स्पष्ट है। धर्म के नाम पर विभाजन का औचित्य न केवल ऐतिहासिक रूप से असंगत है, बल्कि भारतीय ग्रामीण जीवन की साझी परंपरा के विपरीत भी है। मोहर्रम, केवल मुसलमानों का नहीं, बल्कि पूरे गाँव का त्योहार था। उपन्यास यह दर्शाता है कि धर्मांधता नहीं, बल्कि एक साझा संस्कृति ही भारत की असली पहचान रही है। गंगौली जैसे गाँव स्वतंत्रता पूर्व भारत की उस सामाजिक संरचना का प्रतीक हैं, जहाँ हिंदू-मुस्लिम एकता केवल राजनीतिक आदर्श नहीं, बल्कि व्यावहारिक जीवन का स्वाभाविक अंग थी।

## 'आधा गाँव' में सांप्रदायिक एकता का चित्रण

'आधा गाँव' उपन्यास में उन्होंने इस पहलू को गहराई से चित्रित किया है। वे गंगौली को सारे भारत के गाँव की कहानी कहते हैं और सांप्रदायिकता फैलाने वाले लोग बड़ी कठिनाई से भारतीय संस्कृति की जड़ों को हिलाने में सफल हो पाते हैं। लेखक के अनुसार, सांप्रदायिक सौहार्द राष्ट्रीय एकता की नींव है और इसे जीवित और दृढ़ रखना अत्यंत आवश्यक है।

गंगौली में हिंदू और मुसलमान सदियों से मिलकर शांतिपूर्वक रह रहे थे। वे एक दूसरे की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते थे और उनके बीच भाईचारे का संबंध था। गंगौली के लोगों पर राजनीतिक दलों और सांप्रदायिक ताकतों का बहुत कम प्रभाव था। वे अपनी परंपराओं और आपसी सद्भाव में विश्वास रखते थे। गाँव में अमीर और गरीब दोनों ही धार्मिक और सामाजिक बंधनों से जुड़े हुए थे और एक-दूसरे के दुखों में शामिल होते थे।

## निष्कर्ष

यह पाठ स्वतंत्रता आंदोलन के परिप्रेक्ष्य में ग्रामीण भारत में सांप्रदायिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता के महत्त्व पर प्रकाश डालता है। लेखक 'आधा गाँव' उपन्यास के माध्यम से यह संदेश देना चाहते हैं कि आपसी प्रेम और एकता ही स्वतंत्रता के लक्ष्य को प्राप्त करने और राष्ट्र को मजबूत बनाने का आधार हैं।

अतः राही मासूम रज़ा का 'आधा गाँव' उपन्यास भारतीय ग्रामीण समाज की उस आत्मा को उजागर करता है, जो धार्मिक विविधताओं के बावजूद आपसी सद्भाव, सह-अस्तित्व और भाईचारे की नींव पर टिकी है। उपन्यास के पात्र और घटनाएँ दर्शाते हैं कि किस प्रकार गंगौली जैसे गाँवों में हिंदू-मुसलमान एक दूसरे की धार्मिक मान्यताओं का सम्मान करते हुए एक समावेशी संस्कृति का निर्माण करते हैं। यह सामाजिक एकता उस समय और अधिक महत्त्वपूर्ण हो जाती है, जब देश स्वतंत्रता संग्राम से गुज़र रहा होता है।

यह निष्कर्ष इस तथ्य को पुष्ट करता है कि सांप्रदायिक एकता केवल सामाजिक

आवश्यकता नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय कर्तव्य है। 'आधा गाँव' एक ऐसी साहित्यिक कृति है, जो भारतीय समाज के भीतर एक सशक्त और समरस राष्ट्र की कल्पना को साकार रूप में प्रस्तुत करती है।

❑❑❑

## संदर्भ सूची


1. आधा गाँव, राही मासूम रज़ा, अक्षर प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण-1966, पृष्ठ सं- 10
2. आधा गाँव, राही मासूम रज़ा, अक्षर प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण-1966, पृष्ठ सं- 19
3. आधा गाँव, राही मासूम रज़ा, अक्षर प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण-1966, पृष्ठ सं- 29
4. आधा गाँव, राही मासूम रज़ा, अक्षर प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण-1966, पृष्ठ सं- 62
5. आधा गाँव, राही मासूम रज़ा, अक्षर प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण-1966, पृष्ठ सं- 62
6. आधा गाँव, राही मासूम रज़ा, अक्षर प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण-1966, पृष्ठ सं- 71
7. आधा गाँव, राही मासूम रज़ा, अक्षर प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण-1966, पृष्ठ सं- 86

# 'गोदान' में अभिव्यक्त सामाजिक यथार्थ और शोषण की अंतर्कथा



**डॉ. हेमा कृष्णन**

असोसिएट प्रोफेसर व
विभागाध्यक्ष (SS)
(भाषा विभाग)
एतिराज कॉलेज फॉर वुमेन
चेन्नई-600008
संपर्क
hemakrishnan@ethirajcollege.edu.in

**शोध सारांश**

'गोदान' मुंशी प्रेमचंद का एक प्रभावशाली उपन्यास है, जो भारतीय कृषक जीवन की यथार्थता को गहराई से उजागर करता है। वर्ष 1936 में रचित इस उपन्यास में प्रेमचंद ने पूँजीवादी व्यवस्था और साम्राज्यवाद की आलोचना करते हुए, ग्रामीण भारत के शोषण और उत्पीड़न की समस्याओं को प्रस्तुत किया है। गाँव में ज़मींदारों और महाजनों द्वारा किसानों का शोषण और शहरों में पूँजीपतियों द्वारा मज़दूरों का दमन, उपन्यास की मुख्य समस्याएँ हैं। उपन्यास में मुख्य पात्र होरी के संघर्ष के माध्यम से यह दर्शाया गया है कि कैसे एक गरीब किसान सामाजिक, आर्थिक और पारिवारिक दबावों के बीच अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ता है।

'गोदान' केवल एक कथा-साहित्य नहीं है, बल्कि यह सामाजिक अन्याय, आर्थिक विषमता और मानवीय करुणा का प्रतीक भी है। इसमें पत्रकारिता की स्वार्थपरक प्रवृत्ति, सामंती व्यवस्था की कठोरता, धर्म की खोखली प्रथाएँ और संयुक्त परिवार व्यवस्था की विघटनशीलता को भी उजागर किया गया है। उपन्यास, शोषण के विरुद्ध संघर्ष की आवश्यकता पर बल देता है और न्याय की संभावना को प्रस्तुत करता है। प्रेमचंद ने इस उपन्यास में अपने जीवन के अनुभवों और सामाजिक अवलोकनों के माध्यम से भारतीय ग्रामीण जीवन की सच्चाई को प्रभावशाली रूप से व्यक्त किया है, जो आज भी प्रासंगिक और मार्मिक है।

**बीज शब्द**

**1. प्रेमचंद 2. गोदान 3. कृषक जीवन 4. सामाजिक यथार्थ 5. शोषण 6. स्त्री विमर्श 7. पूँजीवाद**

## 'गोदान' में अभिव्यक्त समस्याएँ

'गोदान' उपन्यास में भारतीय सामाजिक समस्याओं के चित्रण सुन्दर ढंग से हुए हैं। प्रेमचंद ने अपने युग की समस्याओं को भली-भाँति समझा था। उन्होंने ग्रामीण जीवन, किसान की दुर्दशा, वर्ग भेद, शोषण, सामंतवाद और पूँजीवाद जैसे मुद्दों को अपने उपन्यास के माध्यम से अत्यंत संवेदनशीलता और यथार्थवाद के साथ प्रस्तुत किया है। 'गोदान' केवल एक साहित्यिक कृति नहीं, बल्कि अपने समय की सामाजिक, आर्थिक और नैतिक संरचनाओं का दस्तावेज़ भी है, जो आज भी प्रासंगिक बना हुआ है। इस उपन्यास में वर्णित समस्याओं की सूची निम्नलिखित है।

## कृषक-ज़मींदार के बीच की समस्याएँ

समाज में एक ओर किसान हैं, जिनका प्रतिनिधित्व 'होरी' करता है, तो दूसरी ओर ज़मींदार या पूँजीपति, जिसका प्रतिनिधित्व 'खन्ना' करता है। ज़मींदार, पटवारी, महाजन, पुलिस तथा धर्म के ठेकेदार सब शोषण करते हैं। इस शोषण के शिकार के चलते होरी को अंत में मज़दूर बनना पड़ता है। होरी एक गाय पालना चाहता है, लेकिन बहुत दिन तक वह यह खुशी भी पाल नहीं पाता। होरी का अपना भाई हीरा जलन के कारण गाय को ज़हर दे देता है।

कृषक के शोषण का कारण है उनके संस्कार, रूढ़िवादिता और संगठन का अभाव। ज़मींदार को किसान से लगान वसूल करने का जायज़ हक है। गाँव के महाजन और साहूकार भी किसानों की मजबूरी का लाभ उठाते हुए ऊँचे दर पर ब्याज वसूलते हैं। आज भी कृषक के जीवन के हालातों में बदलाव नहीं आया है। यह बात पात्र गोबर के इस बात से स्पष्ट होती है-"**यहाँ जिसके हाथ में लाठी है, वह गरीबों को कुचल कर बड़ा आदमी बन जाता है।**"[1]

उसे सिर्फ खाना और कपड़ा ही नसीब हुआ है। बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के लिए आर्थिक संसाधन नहीं। फसल की बुआई के लिए कर्ज़ लेना पड़ता है। इसे दर्शाते हुए मेहता के शब्दों में-"**आपके मजूर बिलों में रहते हैं- गंदे, बदबूदार बिलों में जहाँ आप एक मिनट भी रह जाएँ, तो आपको कै हो जाए। कपड़े जो पहनते हैं उनसे आप अपने जूते भी न पोछेंगे। खाना जो वह खाते हैं, वह आपका कुत्ता भी न खाएगा।**"[2] इससे यही सिद्ध होता है मज़दूर वर्ग पशुओं का जीवन जीते हैं, तो इनकी कमाई से ज़मींदार वर्ग और भी समृद्ध होते जाते हैं।

## वेश्या समस्या

वेश्यावृत्ति समाज में एक अभिशाप है। कहने को तो कहा जाता है कि अगर कोई औरत वेश्या बनती है, तो मजबूरन बनती है। कारण कई हो सकते हैं, आर्थिक संकट, घर परिवार में सम्मान न मिलना, पति से अलग हो जाना, पति का किसी दूसरी औरत से संबंध इत्यादि। लेकिन कारण जो भी हो, यह समाज को बर्बाद ही करता है।

मिर्ज़ा साहब का कथन वेश्याओं के स्थिति की पुष्टि करता है-"**रूप के बाज़ार में वही स्त्रियाँ**

**आती हैं, जिन्हें या तो घर में किसी कारण से सम्मान-पूर्ण आश्रय नहीं मिलता या जो आर्थिक कष्टों से मजबूर हो जाती हैं।"**[3] पर मेहता इसका विरोध करते हैं। वे कहते हैं-**"रोजी के लिए और बहुत से ज़रिए हैं। मगर ऐश की भूख रोटियों से नहीं जाती। उसके लिए दुनिया के अच्छे से अच्छे पदार्थ चाहिए।"**[4] लेकिन यही मेहता मालती के साथ संबंध, समय बिताने के लिए रखते हैं, उन्हीं के शब्दों में-**"ऐसी औरतों से मैं केवल मनोरंजन कर सकता हूँ, ब्याह नहीं। ब्याह तो आत्मसमर्पण है।"**[5]

## नारी जीवन की समस्या

भारतीय समाज में नारी जीवन, समस्याओं से भरा हुआ है। यहाँ बेटियों के जन्म को ही दोष माना जाता है। 'गोदान' में बहुत-सी नारी पात्र हैं- जैसे धनिया, झुनिया, रूपा, सोना, मालती आदि।

धनिया एक सुशील पात्र है। वह अपने पति होरी का सुख-दुःख में साथ देती है। झुनिया विधवा युवती है, तो मालती अपने जीवन में घटे शोषण से बचने की कोशिश करती है। उसके अपने परिवार के कारण ही वह गलत मार्ग में भटक जाती है। हमारे समाज में नारी के लिए निर्धारित नैतिक नियमों का उल्लंघन किसी भी संदर्भ में स्वीकारा नहीं जाता है। झुनिया के साथ दो बार यौन शोषण होता है। समाज में जो उच्च वर्ग के लोग हैं, वे निम्न वर्ग के साथ यौन शोषण करते हैं और यह वह अपना अधिकार मानते हैं। 'गोदान' में हमें अनमेल विवाह भी देखने को मिलता है। होरी की बड़ी बेटी सोना सीलिया से कहती है-**"मैं ऐसा नहीं करना चाहती, जिससे माँ-बाप को कर्ज़ा लेना पड़े। कहाँ से देंगे बेचारे, बता पहले ही कर्ज़े के बोझ से दबे हुए हैं।"**[6] यह अनमेल विवाह दहेज-प्रथा का ही परिणाम है। सीलिया, सोना के कथन का जवाब देती है-**"बिना दान दहेज के बड़े आदमियों का कहीं ब्याह होता है, पगली बिना दहेज के तो कोई बूढ़ा-ठेला ही मिलेगा।"**[7] अधेड़ उम्र वाले से विवाह का कारण दहेज-प्रथा का यह स्पष्ट उदाहरण है। अतः स्पष्ट है कि स्त्री गाँव की या शहर की, शिक्षित हो या अशिक्षित, उसके जीवन में काफी समस्याएँ होती ही हैं, जिनसे उन्हें जूझना पड़ता है। फिर चाहे पारिवारिक स्तर पर हो या सामाजिक स्तर पर।

## तलाक की समस्या

विवाह एक पवित्र रिश्ता होता है, जिसमें पति-पत्नी के बीच प्यार का, विश्वास का होना बहुत ज़रूरी होता है। रोजमर्रा के जीवन में पति और पत्नी के बीच मतभेद होना स्वाभाविक है, कभी पति को, तो कभी पत्नी को समझौता करना पड़ता है। तलाक बहुत-सी समस्याओं का समाधान नहीं हो सकता, क्योंकि यह एक दर्दनाक प्रक्रिया है। प्रेमचंद भी तलाक में विश्वास नहीं रखते थे। उनका यह विचार मेहता के शब्दों से स्पष्ट होता है-**"विवाह को मैं सामाजिक समझौता समझता हूँ और उसे तोड़ने का अधिकार न पुरुष को है, न स्त्री को। समझौता करने के पहले आप स्वाधीन हैं, समझौता हो जाने के बाद आपके हाथ कट जाते हैं।"**[8] मेहता जी के इस कथन से पता चलता

है कि प्रेमचंद तलाक के विरोधी थे।

## धर्म के औचित्य के नाम पर दिखावट

समाज में धर्म की आवश्यकता हमेशा से रही है और रहेगी। समाज में अनुशासन लाने के लिए, लोगों को नियम और अनुशासन के दायरे में रखने के लिए धर्म का होना अति आवश्यक है। मानव जाति के बीच मूल्यों के संस्थापन के लिए भी धर्म का होना अति आवश्यक हो जाता है। न्यायपूर्वक आचरण करना, सौंदर्य से प्रेम करना और सत्य की भावना के साथ विनम्रतापूर्वक चलना ही, सबसे ऊँचा धर्म है। समाज में धर्म के नाम पर अंधविश्वास और रूढ़ियाँ काफी पनपी हैं। वास्तव में अंधविश्वास के धर्म से कोसों कोई संबंध नहीं है। मनुष्य एक ऐसा प्राणी है, जिसे सिखाया-पढ़ाया जा सकता है और जो समाज द्वारा नियंत्रित रहता है। हमारी वेश-भूषा, हमारा खान-पान और रहन-सहन सब सामाजिक उपजें हैं, जिसे हमने प्रशिक्षण द्वारा प्राप्त किया है। धर्म की धारणा के अंतर्गत हिंदू उन सब अनुष्ठानों और गतिविधियों को ले आता है, जो मानवीय जीवन को गढ़ती हैं और बनाए रखती हैं। जन्म से लेकर मृत्यु तक धर्म के अनुरूप लोगों को कुछ अनुष्ठानों का पालन करना पड़ता है, लेकिन समय के साथ-साथ धर्म के नाम पर खोखलापन देखने को मिलता है।

प्रेमचंद ने अपने उपन्यास 'गोदान' में धर्म के नाम पर ढकोसलेपन का चित्रण किया है, जिसके प्रति वे घृणा दिखाते हैं। बड़े लोग, जो धर्म के नाम पर दान करते हैं, पाखंडी ही होते हैं। पात्र गोबर के कथन से यह स्पष्ट होता है- **"यह पाप का धन पचे कैसे, इसीलिए दान-धर्म करना पड़ता है। भगवान का भजन भी इसीलिए होता है। भूखे नंगे रहकर भगवान का भजन करें, तो हम भी देखें। हमें कोई दोनों जून खाने को दे, तो हम आठों पहर भगवान का जाप ही करते रहें। एक दिन खेत में ऊख गोड़ना पड़े तो सारी भक्ति भूल जाए।"**[9]

इस कथन के माध्यम से प्रेमचंद धर्म और भक्ति के दिखावटी स्वरूप की तीखी आलोचना करते हैं। वे दिखाते हैं कि गरीबों की भक्ति और धर्म से जुड़ी आस्थाएँ भी पेट की भूख से जुड़ी होती हैं। अमीरों के दान और भजन में भी स्वार्थ और पाखंड छिपा होता है। प्रेमचंद इस व्यवस्था को न केवल उजागर करते हैं, बल्कि उसकी जड़ में व्याप्त सामाजिक विषमता और आर्थिक अन्याय को भी प्रश्नांकित करते हैं। यही 'गोदान' की प्रखर यथार्थवादी दृष्टि को सिद्ध करता है। उन्होंने यह भी दिखाया कि किस प्रकार धर्म का उपयोग गरीबों की आशा का दोहन करने और सत्ता की संरचना बनाए रखने के लिए किया जाता है। अतः पात्रों के माध्यम से यह स्पष्ट होता है कि धार्मिक आडंबरों के पीछे छिपे सामाजिक शोषण को लेखक ने गहराई से उद्घाटित किया है। यह दृष्टिकोण उपन्यास को केवल एक कथा न बनाकर सामाजिक परिवर्तन का माध्यम भी बनाता है।

धर्म का मूल उद्देश्य और सामाजिक समरसता का भाव धीरे-धीरे विलुप्त होता जा रहा

है। अपने स्वार्थ के लिए लोगों को गुमराह कर शोषण करना धर्म नहीं होता। पूरे गाँव को होरी की परिस्थिति के बारे में मालूम था। फिर भी उसकी मृत्यु पर गोदान, जो एक प्रथा है, की माँग की जाती है। सारे गाँव वाले जानते हैं कि धनिया के पास पैसे के नाम पर कुछ न था फिर भी गाय का दान, यह माँग कहाँ का न्याय है। धनिया की विडंबना हमें उसके इस कथन से समझने को मिलती है, जो वह धर्म के ठेकेदारों से कहती है, बल्कि उस दिन मज़दूरी में मिले पैसों को होरी के ठंडे हाथ पर रखकर पंडित दातादीन को देती हुई कहती है-**"महाराज घर में न गाय है, न बछिया, न पैसा। यही पैसा है, यही इनका गोदान है।"**[10]

यह दृश्य प्रेमचंद द्वारा उस ढोंगी धार्मिक व्यवस्था की तीव्र आलोचना है, जो निर्धनों के प्रति निष्ठुर बनी रहती है। 'गोदान' में धर्म की भूमिका केवल एक आध्यात्मिक प्रणाली के रूप में नहीं, बल्कि एक सामाजिक शक्ति संरचना के रूप में उभरती है, जो शोषण के यंत्र के रूप में भी प्रयुक्त होती है। होरी और धनिया की त्रासदी यह दर्शाती है कि किस प्रकार धार्मिक परंपराएँ सामाजिक न्याय के स्थान पर अनैतिक परिपाटियों का समर्थन करती हैं। यह प्रसंग उपन्यास के यथार्थवादी दृष्टिकोण को पुष्ट करता है और यह स्पष्ट करता है कि प्रेमचंद केवल कथाकार नहीं, बल्कि समाज के सजग चिंतक भी थे, जिन्होंने धर्म की आड़ में हो रहे अन्याय को निडर होकर उजागर किया।

## निष्कर्ष

- इस प्रकार हम कह सकते हैं कि 'गोदान' प्रेमचंद का एक उत्कृष्ट सामाजिक संदर्भ में लिखा गया उपन्यास है। यह एक कृषि समुदाय को उसकी कड़ी मेहनत और साधारण सुखों, शोषण और दुःख, कुंठाओं और आशाओं के साथ चित्रित करता है। यह भारतीय गाँव के किसान, 'होरी' की दर्दनाक महाजनी शोषण की दास्तान है।
- सच्ची धार्मिकता और सामाजिक न्याय तब तक अधूरे हैं, जब तक समाज में हर वर्ग को समान अधिकार और सम्मान नहीं मिलता है।
- 'गोदान' में किसी किसान आंदोलन की चर्चा तो नहीं है, किंतु प्रेमचंद ने कृषक आंदोलन के मूल तत्त्वों को उल्लेखित कर दिया है।
- आज भी किसान कई समस्याओं का सामना कर रहा है। 'गोदान' हमें याद दिलाता है कि हमें इन समस्याओं का हल निकालने के लिए कदम उठाना होगा।
- आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने प्रेमचंद के महत्त्व को व्यक्त करते हुए लिखा है-**"प्रेमचंद शताब्दियों से पद-दलित, अपमानित, निरपेक्षित कृषकों की आवाज़ थे, पर्दे में कैद पद-पद पर लांछित और असहाय नारी-जाति की महिमा के ज़बर्दस्त वकील थे, गरीबों और बेबसों के प्रचारक थे। अगर आप उत्तर-भारत की समस्त जनता के**

आचार-विचार, रहन-सहन, आशा-आकांक्षा, दुःख-सुख जानना चाहते हैं, तो प्रेमचंद से उत्तम परिचायक आपको नहीं मिल सकता। झोपड़ियों से लेकर महलों तक आपको इतने ही कौशलपूर्ण और प्रामाणिक भाव से कोई नहीं ले जा सकता।"

❑❑❑

## संदर्भ सूची


1. गोदान, प्रेमचंद, सरस्वती प्रेस, इलाहाबाद, संस्करण-1961, पृष्ठ सं- 23
2. गोदान, प्रेमचंद, सरस्वती प्रेस, इलाहाबाद, संस्करण-1961, पृष्ठ सं- 291
3. गोदान, प्रेमचंद, सरस्वती प्रेस, इलाहाबाद, संस्करण-1961, पृष्ठ सं- 331
4. गोदान, प्रेमचंद, सरस्वती प्रेस, इलाहाबाद, संस्करण-1961, पृष्ठ सं- 331
5. गोदान, प्रेमचंद, सरस्वती प्रेस, इलाहाबाद, संस्करण-1961, पृष्ठ सं- 151
6. गोदान, प्रेमचंद, सरस्वती प्रेस, इलाहाबाद, संस्करण-1961, पृष्ठ सं- 262
7. गोदान, प्रेमचंद, सरस्वती प्रेस, इलाहाबाद, संस्करण-1961, पृष्ठ सं- 262
8. गोदान, प्रेमचंद, सरस्वती प्रेस, इलाहाबाद, संस्करण-1961, पृष्ठ सं- 65
9. गोदान, प्रेमचंद, सरस्वती प्रेस, इलाहाबाद, संस्करण-1961, पृष्ठ सं- 23
10. गोदान, प्रेमचंद, सरस्वती प्रेस, इलाहाबाद, संस्करण-1961, पृष्ठ सं- 365

विद्वत वाणी
अंतर्राष्ट्रीय त्रैमासिक शोध पत्रिका
ISSN : 3048-9547 (Print)
Volume - 1 - 2024, Issue - 4

"VIDWAT VANI"
Quarterly International Peer Reviwed Refereed Journal
Starting Year - 2024
April to June - 2025



**डॉ. आर. कविता**

सहायक प्राध्यापिका-हिंदी
ईएफएल विभाग
(अंग्रेज़ी और विदेशी भाषा)
SRM विश्वविद्यालय
रामापुरम परिसर
चेन्नई-600089
संपर्क
kavitha12@srmist.edu.in

# मैथिलीशरण गुप्त और सुब्रह्मण्य भारती के काव्य में नारी चेतना

## शोध सारांश

मैथिलीशरण गुप्त और सुब्रह्मण्य भारती, भारतीय काव्य-जगत के दो ऐसे युगप्रवर्तक कवि हैं, जिन्होंने नारी चेतना को अपनी रचनात्मक संवेदना का प्रमुख केंद्र बनाया। गुप्त जी ने नारी की पारंपरिक भूमिका पर पुनर्विचार करते हुए उसे घर की चहारदीवारी से बाहर लाकर सामाजिक जागरण के क्षेत्र में सक्रिय रूप में प्रस्तुत किया। उन्होंने स्त्री शिक्षा, सशक्तिकरण और सामाजिक सम्मान के पक्ष में लेखनी चलाई तथा नारी के आत्मसम्मान को साहित्यिक गरिमा प्रदान की। दूसरी ओर, सुब्रह्मण्य भारती ने अपने काव्य में क्रांतिकारी स्वर के साथ नारी को स्वतंत्र, आत्मनिर्भर और पुरुष के समकक्ष माना। उन्होंने पितृसत्तात्मक व्यवस्था की आलोचना करते हुए स्त्री-पुरुष समानता की ज़ोरदार वकालत की। यह शोध-पत्र दोनों कवियों के काव्य में नारी चेतना के स्वरूप, दृष्टिकोण एवं उसकी प्रासंगिकता का तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत करता है, जिसमें नारी को दया का पात्र नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन की सहभागी के रूप में चित्रित किया गया है। दोनों कवियों का योगदान आधुनिक भारतीय नारी विमर्श की बुनियाद को समझने में अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।

## बीज शब्द

**1. मैथिलीशरण गुप्त 2. सुब्रह्मण्य भारती 3. नारी चेतना 4. महिला सशक्तिकरण 5. पितृसत्तात्मक आलोचना 6. तुलनात्मक काव्य अध्ययन 7. भारतीय नारीवाद**

## मूल शोध

हिंदी साहित्य, प्राचीन कार्यों से वैदिक भजन और संस्कृत महाकाव्यों

से आधुनिक उपन्यासों, कविताओं और नाटकों तक सदियों से फैले हुए विभिन्न चरणों के माध्यम से विकसित हुआ है। इसी प्रकार तमिल साहित्य भारत की सबसे प्राचीन और समृद्ध साहित्यिक परंपराओं में से एक है। इसकी शुरुआत संगम काल (300 BCE – 300 CE) से मानी जाती है। तमिल भाषा और साहित्य व हिंदी भाषा और साहित्य ने न केवल धार्मिक और दार्शनिक चिंतन को उजागर किया है, बल्कि समाज, राजनीति, प्रेम और राष्ट्रभक्ति जैसे विषयों को भी अभिव्यक्ति दी है। इस शोधालेख द्वारा हिंदी साहित्य के सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रवादी कवि मैथिलीशरण गुप्त और तमिल साहित्य के सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रवादी कवि सुब्रह्मण्य भारती के काव्यों में अभिव्यक्त नारी चेतना में समानता और असमानता पर विचार किया गया है।

## मैथिलीशरण गुप्त (3 अगस्त 1886 - 12 दिसंबर 1964)

मैथिलीशरण गुप्त हिंदी साहित्य के प्रमुख कवियों में से एक हैं, जिन्हें 'राष्ट्रकवि' की उपाधि से सम्मानित किया गया। वे खड़ी बोली के प्रथम महत्त्वपूर्ण कवि माने जाते हैं और राष्ट्रवादी चेतना को स्वर देने वाले साहित्यकारों में उनका स्थान अत्यंत ऊँचा है।

गुप्त की कविता अक्सर स्वतंत्रता, राष्ट्रवाद और सामाजिक सुधार के विषयों के आसपास केंद्रित थी। जब भारत ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के अधीन था, उनके लेखन ने राष्ट्रवाद की भावना को प्रज्ज्वलित किया और लोगों को भारतीय मूल्यों, इतिहास और विरासत के साथ फिर से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। 'भारत-भारती' उनकी सबसे प्रसिद्ध राष्ट्रवादी कृति है। इसमें उन्होंने भारत के गौरवशाली अतीत, दयनीय वर्तमान और उज्ज्वल भविष्य की कल्पना प्रस्तुत की।

**'हम कौन थे, क्या हो गए हैं और क्या होंगे अभी। आओ विचारें आज मिलकर, ये समस्याएँ सभी।।"**[1]

गुप्त जी जितने देशभक्त थे, उतनी ही महत्ता उन्होंने महिला सशक्तिकरण को भी दी। गौतम बुद्ध के गृह-त्याग पर आधारित काव्य 'यशोधरा' में उन्होंने नारी की विषमता व वेदना पर प्रकाश डाला है।

**"अबला जीवन हाय! तुम्हारी यही कहानी।**
**आँचल में है दूध और आँखों में पानी।।"**[2]

## महाकवि सुब्रह्मण्य भारती (11 दिसंबर 1882 - 11 सितंबर 1921)

सुब्रह्मण्य भारती, जिन्हें प्रेम से 'भारतीयार' भी कहा जाता है, तमिल भाषा के एक क्रांतिकारी कवि, पत्रकार, समाज-सुधारक और स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्होंने न केवल ब्रिटिश शासन के विरुद्ध आवाज़ उठाई, बल्कि सामाजिक कुरीतियों, जातिवाद, भेदभाव और धार्मिक रूढ़ियों के विरोध में भी अपनी कलम चलाई। उनकी कविताओं में राष्ट्रवाद, स्वतंत्रता, आत्मगौरव और सामाजिक न्याय की गूँज स्पष्ट सुनाई देती है। वे केवल 39 साल रहे, लेकिन उनके राष्ट्रवादी काव्य-सृजन ने भारत की राष्ट्रीय चेतना पर गहरा प्रभाव डाला।

उनकी देशभक्ति की कविताएँ ऊर्जा, उत्तेजना और विश्वास से भरी हुई थीं, जो लोगों से उत्पीड़न के खिलाफ उठने का आग्रह करती थीं।

उन्होंने महिलाओं को समाज में समान भागीदार माना। जाति भेदभाव का उन्मूलन कर उन्होंने अस्पृश्यता को अस्वीकार किया और सभी के लिए समानता का समर्थन किया। उनका मानना था कि साक्षरता और ज्ञान एक मज़बूत राष्ट्र की नींव है। इसलिए सभी के लिए शिक्षा बहुत ज़रूरी है। महाकवि भारती ने स्त्रियों की स्वतंत्रता, शिक्षा, आत्मबल, आत्मसम्मान और समानता पर अनेक कविताएँ और लेख लिखे। उन्होंने महिलाओं को देवी या दासी नहीं, बल्कि समान अधिकार वाली इंसान के रूप में देखा।

"ஆணும் பெண்ணும் நிகரெனக் கொள்வதால் அறிவிலோங்கி இவ் வையம் தழைக்குமாம் பூணு நல்லறத் தோடிங்குப் பெண்ணுருப் போந்து நிற்பது தாய்சிவ சக்தியாம்;!"[3]

(*हिंदी अनुवाद-* **चूँकि स्त्री-पुरुष को समान माना गया है, इसलिए इस मार्ग का ज्ञान फलेगा-फूलेगा। जो स्त्री अच्छाई चाहती है और माँ के रूप में खड़ी है, वह शिव की शक्ति है।**)

## मैथिलीशरण गुप्त और सुब्रह्मण्य भारती के नारी चेतना संबंधी विचारों का तुलनात्मक विश्लेषण

मैथिलीशरण गुप्त और सुब्रह्मण्य भारती-दोनों ही कवियों ने नारी चेतना को अपनी रचनाओं में महत्त्वपूर्ण स्थान दिया, लेकिन उनके दृष्टिकोण, शैली और संदर्भ भिन्न रहे। नीचे इन दोनों महान कवियों के नारी चेतना संबंधी विचारों का तुलनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत है।

## मैथिलिशरण गुप्त के काव्य में नारी चेतना

मैथिलिशरण गुप्त, न केवल उनके राष्ट्रवादी विषयों के लिए, बल्कि नारी चेतना के उनके चित्रण के लिए भी माने जाते हैं। उनकी कृतियाँ पारंपरिक भारतीय समाज के भीतर महिलाओं की भूमिकाओं, भावनाओं, संघर्षों और आकांक्षाओं की एक प्रगतिशील और सहानुभूतिपूर्ण समझ प्रस्तुत करती हैं, जो तत्कालीन साहित्यिक परिवेश में एक विशिष्ट और संवेदनशील दृष्टिकोण को दर्शाती हैं। गुप्त ने उन महिलाओं को एक साहित्यिक आवाज़ दी, जो अक्सर समाज और साहित्य में हाशिए पर थे। उनकी कविताएँ महिलाओं के पात्रों को अपने आंतरिक विचारों और भावनाओं को व्यक्त करने की अनुमति देती हैं। महिलाओं को संस्कृति और नैतिकता की संरक्षक के रूप में देख घरेलू और आध्यात्मिक भूमिकाओं के दायरे में उनकी गरिमा की बात की। प्रसिद्ध पंक्ति : **"नारी नारायणी है।"** स्त्री को सहनशील और आत्मिक रूप से मज़बूत दिखाया गया। सीता, द्रौपदी जैसे पौराणिक और ऐतिहासिक पात्रों का उपयोग कर स्त्री की आदर्श छवि प्रस्तुत की। इन जैसे पात्रों के माध्यम से वे महिलाओं के दुःख और ताकत को चित्रित करते हैं। लक्ष्मण की पत्नी उर्मिला, मौन शक्ति और बलिदान का प्रतीक है। मैथिलीशरण गुप्त ने नारी की मौन पीड़ा और अंतरभावों को स्वर दिया। उन्होंने विशेष रूप से वनवास जैसे कठिन क्षणों में स्त्रियों के मनोभावों

को शब्दों में पिरोया। उनकी कविताओं में नारी की सहनशीलता, संवेदना और आंतरिक शक्ति को अभिव्यक्ति मिली है, जो नारी चेतना की गहरी समझ को दर्शाती है। इसलिए कहा जाता है कि मैथिलीशरण गुप्त ने 'आवाज़हीनों को आवाज़' दी। उन्होंने उन भावनाओं को कविताओं में उतारा जो कही नहीं जाती थीं, उन चरित्रों को मंच दिया जो उपेक्षित थे और नारी को साहित्य में एक नई पहचान दी।

**"मानस मंदिर में सती, पति की प्रतिमा थाप,**
**जलती-सी उस विरह में बनी आरती आप।**
**आँखों में प्रिय-मूर्ति थी, भूले थे सब भोग**
**हुआ योग से भी अधिक उसका विषम-वियोग।"[4]**

## आंतरिक शक्ति का चित्रण

उनकी नायिकाएँ केवल विनम्र ही नहीं हैं; वे धैर्य, लचीलापन और गहरी आंतरिक शक्ति का प्रदर्शन भी करती हैं। साकेत में उर्मिला के बलिदान में और सीता के धीरज में महिलाओं की आध्यात्मिक शक्ति उभर कर आती है। ये सभी पात्र एक गहरे मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक जागरूकता को दर्शाते हैं।

वे महिलाओं को दबाने वाले सामाजिक मानदंडों की आलोचना करते हैं। उन प्रणालियों के न्याय पर सवाल उठाते हैं, जहाँ महिलाओं को चुपचाप सहन करने की उम्मीद है। गुप्त ने सीता को केवल पतिव्रता नारी के रूप में नहीं, बल्कि अपनी पहचान और पीड़ा पर विचार करने वाली स्त्री के रूप में प्रस्तुत किया। उन्होंने नारी पर संपूर्ण कविता लिखी है, जिसमें नारी की महिमा, गरिमा और आदर्श छवि का वर्णन है। मैथिलीशरण गुप्त, अपनी प्रसिद्ध काव्य-रचना 'भारत भारती' में नारी की महिमा और उसकी भूमिका को सुंदर ढंग से प्रस्तुत करते हुए कहते हैं कि नारी, जीवन में श्रद्धा, विश्वास, प्रेम और शांति का संचार करती है। वह समाज और परिवार के सौंदर्य और संतुलन की आधारशिला है।

**"क्या कर नहीं सकतीं भला यदि शिक्षिता हों नारियाँ**
**रण-रंग, राज्य, सु-धर्म-रक्षा, कर चुकीं सुकुमारियाँ।**
**लक्ष्मी, अहल्या, बायजाबाई, भवानी पद्मिनी-**
**ऐसी अनेकों देवियाँ हैं आज जा सकती गिनी"[5]**

## आदर्शवाद और व्यक्तित्व

उनके कुछ महिला पात्र भारतीय नारीत्व (जैसे भक्ति और बलिदान) के पारंपरिक आदर्शों का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनके पास एक अलग पहचान भी है। वे कहते हैं कि एक महिला का मूल्य केवल दूसरों के संबंध में नहीं, बल्कि अपने स्वयं के स्वार्थ में है। इसी प्रकार गुप्त ने द्रौपदी को एक साहसी, आत्मजागरूक स्त्री के रूप में दर्शाया, जो अन्याय के विरुद्ध आवाज़ उठाती है।

**"प्रकट किया बहू करड़ीपन में पौरुष दर्प नरों ने,**
**उसका विनिमय मुझे दिया है मेरे पाँच वरों ने।**
**किया विनयपूर्वक ही निर्भय जो कुछ किया उन्होंने,**
**स्वयं साक्षिणी मैं, स्मरहर-सा विष यह पिया उन्होंने।**
**मेरी उनकी बात छोड़ दो, उसकी बड़ी कथा है**
**किन्तु तुम्हारे लिए हृदय से, होती मुझे व्यथा है।**

**फिर भी उचित मन्त्र दूँगी मैं, क्यों यह क्षोभ तुम्हें है कारण, अपने रूप-गुणों के फल का लोभ तुम्हें है।"[6]**

भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक दर्द, वेदना महिलाओं को शामिल करने वाली उनकी कविताएँ सामाजिक अपेक्षाओं और अधूरी इच्छाओं के दर्द को उजागर करती हैं। गुप्त जी घरेलू और सामाजिक दोनों क्षेत्रों में महिलाओं के संघर्षों के लिए सहानुभूति विकसित करने में मदद करते हैं। गुप्त की कविताओं में महिलाओं को कभी-कभी समाज के नैतिक और आध्यात्मिक मार्गदर्शकों के रूप में चित्रित किया जाता है। उन्हें ऐसे व्यक्तित्व के रूप में चित्रित किया गया है, जिनके बलिदान और गुण दूसरों को प्रेरित करने में सक्षम हैं। वे महिलाओं को केवल निष्क्रिय पीड़िता के रूप में नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन और कल्याण में सक्रिय योगदान देने वाली जागरूक और सशक्त व्यक्तियों के रूप में प्रस्तुत करते हैं।

गुप्त जी ने यशोधरा को आत्मसम्माननीय पात्र के रूप में दर्शाया है। बिना बताए पति जब घर से निकल जाते हैं, तब पत्नी उस स्थिति को अपमानित मानती है। यशोधरा कहती है-

**"सिद्धि हेतु स्वामी गए यह गौरव की बात**
**पर चोरी चोरी गए यही बड़ी व्याघात।**
**सखि वे मुझसे कहकर जाते,**
**कह, तो क्या मुझको वे अपनी पथ-बाधा ही पाते"[7]**

द्रौपदी के माध्यम से नारी के तेजस्वी रूप को अभिव्यक्त करते हैं। यह यथार्थवादी चित्रण नारी चेतना के जागरण में योगदान देता है, अर्थात महिलाओं की सच्ची प्रकृति और समाज में उनकी वास्तविक भूमिका के बारे में एक जागरूकता उत्पन्न करते हैं। मैथिलीशरण गुप्त की कविता 'जय भारत' में कवि ने भारतीय समाज और संस्कृति की गहरी समझ और संवेदनशीलता के साथ नारी के प्रति सम्मान और जागरूकता की आवश्यकता को व्यक्त किया है।

**"मैं तो मन:पूत को ही मानती हूँ आचरण;**
**ऐच्छिक विषय मेरा व्यक्ति-वरणावरण।**
**सत्ता है समाज की है, वह जो करे, करे,**
**एक अबला का क्या, जिये जिये; मरे, मरे !"[8]**

मैथिलीशरण गुप्त ने नारी चेतना को जगाया। महाकाव्यों में मौन या भूली हुई स्त्रियों को स्वर देकर उनके आंतरिक जीवन, संघर्ष और बलिदान को सामने लाकर अन्यायपूर्ण सामाजिक मान्यताओं पर प्रश्न उठाकर स्त्रियों को भावनात्मक रूप से सशक्त, बुद्धिमान और आत्मचेतन दिखाया है और नारी पात्रों को नए परिवेश एवं नवीन ढंग से प्रस्तुत किया है। इस प्रकार सभी रचनाओं में स्त्री पात्र प्राचीन होकर भी नवीन है।

## सुब्रह्मण्य भारती के काव्य में नारी चेतना

सुब्रह्मण्य भारती एक क्रांतिकारी तमिल कवि और स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्होंने अपने समय से बहुत आगे सोचते हुए नारी चेतना (स्त्री जागरूकता) को अपनी कविताओं में दर्शाया। उन्होंने महिलाओं को स्वतंत्र, शिक्षित और आत्मनिर्भर देखने का सपना देखा। उन्होंने स्त्रियों

को केवल गृहस्थ जीवन तक सीमित रखने की मानसिकता का विरोध किया और उन्हें सामाजिक, राजनीतिक एवं बौद्धिक क्षेत्रों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उनके काव्य में नारी केवल प्रेरणा का स्रोत नहीं, बल्कि परिवर्तन की वाहक बनकर उभरती है।

## स्त्री और पुरुष की समानता

"ஆணும் பெண்ணும் நிகரெனக்
கொள்வதால் அறிவிலோங்கி
இவ்வையம் தழைக்குமாம்"[9]

*(हिंदी अनुवाद-* **''पुरुषों और महिलाओं को समान मानने से ज्ञान बढ़ेगा और यह सद्गुण फलेगा-फूलेगा।")**

इस पंक्ति का भाव यह है कि समाज में यदि स्त्री और पुरुष को समान अधिकार और मान दिया जाए, तो वह समाज बौद्धिक रूप से प्रगति करता है और समृद्ध होता है। महाकवि भारती महिलाओं को जीवन में पुरुष की बराबर की साथी के रूप में मानते हैं। वे मानते थे कि महिलाएँ ज्ञान, शक्ति और विवेक का स्रोत हैं। अर्थात वे कहते हैं कि एक महिला की असली शक्ति और बुद्धिमत्ता उस समय सामने आती है, जब वह कठिन परिस्थितियों का सामना करती है। जो महिला मुश्किल समय में भी हिम्मत, चतुराई और धैर्य के साथ निर्णय लेती है, वही वास्तव में मज़बूत कहलाती है। वे स्त्रियों की आंतरिक शक्ति, धैर्य और समझदारी की प्रशंसा करते हैं।

## नारी का सशक्त और निर्भीक व्यक्तित्व का चित्रण

अपनी कविता 'पुदुमै पेन' मे स्त्री की शक्ति, साहस, आत्मविश्वास और बुद्धिमत्ता का सुंदर और गर्वपूर्ण चित्रण करते हुए भारती कहते हैं-

"நிமிர்ந்த நன்னடை
நேர்கொண்ட பார்வையும்,
நிலத்தில்யார்க்கும் அஞ்சாத
நெறிகளும், திமிர்ந்த ஞானச்
செருக்கும் இருப்பதால்
செம்மை மாதர்
திறம்புவதில்லையாம்;"[10]

*(हिंदी अनुवाद-* **" उनकी सीधी और आत्मविश्वास से भरी चाल", उनकी दृढ़ और निर्भीक दृष्टि, धरती पर किसी से भी न डरने वाले उनके सिद्धांत, और आत्मगौरव से भरपूर उनका ज्ञान-**
**इन सब कारणों से,**
**सच्चरित्र और श्रेष्ठ स्त्रियाँ कभी अपने मार्ग से विचलित नहीं होतीं।")**

उनकी यह कविता महिलाओं की अंतर्ज्ञान शक्ति, शिक्षा और आत्मविश्वास की सराहना करती है। महाकवि भारती इस कविता के माध्यम से कहना चाहते हैं कि सच्ची, श्रेष्ठ और चरित्रवान स्त्रियाँ कभी भी सच्चाई और न्याय के मार्ग से नहीं भटकतीं, क्योंकि उनमें बुद्धि, शक्ति और ईमानदारी पूर्ण रूप से विद्यमान होती है।

"ஞான நல்லறம்வீர சுதந்திரம்
பேணு நற்குடிப் பெண்ணின்
குணங்களாம்."

*(हिंदी अनुवाद-* **"बुद्धि, अच्छाई, बहादुरी, स्वतंत्रता ये एक अच्छे स्वभाव वाली महिला के गुण हैं।")**

"வினையே ஆடவர்க்கு உயிரே;
வாள்நுதல் மனையுறை
மகளிர்க்கு ஆடவர் உயிர்!"

(हिंदी अनुवाद-"**कर्म ही पुरुष का जीवन है; तलवार ही स्त्री का घर है।**"[11])

'पुदुमै पेन' (नई स्त्री) भारती की कल्पना की आधुनिक, निर्भय स्त्री है। वह रूढ़ियों को तोड़कर आत्मविश्वास से आगे बढ़ती है। यह कविता महिलाओं के सशक्तिकरण और सामाजिक बदलाव का प्रतीक है। यह नई पीढ़ी की महिलाओं को प्रेरणा देने वाला संदेश है कि वे खुद को पहचानें, अपने अधिकारों के लिए खडी हों और समाज में बदलाव लाएँ। भारती की यह स्त्री केवल घर तक सीमित नहीं है, बल्कि वह शिक्षा, स्वतंत्रता, समानता और स्वाभिमान की पक्षधर है, जो अपने विचारों और कर्मो से एक नई सामाजिक दिशा का निर्माण करती है।

## महिलाओं की शिक्षा का समर्थन

भारती का मानना था कि नारी शिक्षा, समाज में बदलाव लाने का सशक्त माध्यम है। शिक्षित महिलाएँ न केवल अपने परिवार को, बल्कि पूरे राष्ट्र को प्रगति की ऊँचाइयों तक पहुँचा सकती हैं। उन्होंने नारी को सामाजिक चेतना, नैतिक मूल्यों और सांस्कृतिक पुनर्जागरण की संवाहक माना, जो समाज में स्थायी परिवर्तन की वाहक बन सकती है।

"பெண்கள் படிக்க வேண்டும்
புலமை வளர வேண்டும்!"

(*हिंदी अनुवाद*-"**महिलाएँ पढ़ें - उनकी बुद्धि बढ़े!**")

## दमन का विरोध

सुब्रह्मण्य भारती कहते हैं कि स्त्री भी भावनाओं, इच्छाओं, गलतियों और अधिकारों से युक्त एक सामान्य मानव है। उसे देवता या त्याग की मूर्ति बनाना ठीक नहीं। ऐसी कल्पनाओं और उपाधियों से महिलाओं को एक आदर्श मूर्ति की तरह देखने की प्रवृत्ति गलत है। यह पंक्ति एक गहरी सामाजिक सोच को चुनौती देती है।

"சாத்தி ரங்கள் பலபல கற்பாராம்;
சவுரி யங்கள் பலபல செய்வராம்;
மூத்த பொய்ம்மைகள் யாவும்
அழிப்பராம்; மூடக் கட்டுக்கள்
யாவுந் தகர்ப்பராம்; காத்து மானிடர்
செய்கை யனைத்தையும் கடவு
ளர்க்கினி தாகச் சமைப்பராம்; ஏத்தி
ஆண்மக்கள் போற்றிட வாழ்வராம்;
இளைய நங்கையின் எண்ணங்கள்
கேட்டீரோ!"[12]

(*हिंदी अनुवाद*-"**तुम बहुत सी बातें सीखो; तुम बहुत से वीरतापूर्ण कार्य करो; तुम सभी पुराने झूठों को नष्ट कर दो; तुम अज्ञान के सभी बंधनों को तोड़ दो; तुम देवताओं की अग्नि में मनुष्यों के सभी कार्यों को पकाओ; तुम लोगों की प्रशंसा के योग्य रहो; क्या तुमने युवती के विचार सुने हैं!**")

उन्होंने परंपराओं द्वारा बनाई गई 'आदर्श स्त्री' की छवि का विरोध किया। समाज को बताया

कि महिलाओं की भी अपनी भावनाएँ और अधिकार हैं। उनकी रचनाओं ने आधुनिक महिला आंदोलन को प्रेरित किया, सशक्त महिला पात्रों को वास्तविक और काल्पनिक, दोनों रूपों में चित्रित किया। महिलाओं को क्रांतिकारी, विचारक और राष्ट्र निर्माता बताया। महिलाओं को बुद्धि और कार्यक्षमता में पुरुषों के बराबर बताया। उन्होंने बाल-विवाह, दहेज-प्रथा और विधवाओं के शोषण जैसी सामाजिक बुराइयों का विरोध किया। उनकी दृष्टि में 'नई नारी' वह है, जो शिक्षित हो, अपने अधिकारों के प्रति सजग हो, निडर हो और आत्मनिर्भर जीवन जीने में सक्षम हो।

## नारी की स्वतंत्रता राष्ट्र की स्वतंत्रता

भारती के अनुसार जब तक महिलाएँ स्वतंत्र नहीं होंगी, राष्ट्र भी स्वतंत्र नहीं हो सकता। उन्होंने महिलाओं के राजनीतिक और सामाजिक अधिकारों की माँग की। पूरे देश या समाज के संदर्भ में भारती कहते हैं कि महिलाओं को सत्ता और शासन में भाग लेने का अधिकार दिया जाना चाहिए।

उनको नेतृत्व के अवसर मिलने से वे न केवल खुद सशक्त होंगी, बल्कि समाज और देश के विकास में भी अहम भूमिका निभाएँगी।

इन पंक्तियों में महिलाओं को विशेष रूप से इंगित किया गया है।

"நிலத்தின் தன்மை பயிர்க்குள
தாகுமாம்; நீசத் தொண்டு
மடமையும் கொண்டதாய் தலத்தில்
மாண்புயர் மக்களைப் பெற்றிடல்
சாலவே யரி தாவதொர் செய்தியாம்;
குலத்து மாதர்குக் கற்பியல்
பாகுமாம்; கொடுமை செய்தும்
அறிவை யழித்துமந் நலத்தைக்
காக்க விரும்புதல் தீமையாம்;
நங்கை கூறும் வியப்புகள்
கேட்டீரோ!!"[13]

(*हिंदी अनुवाद-*"**भूमि उपजाऊ है; आलस्य और मूर्खता से भरे हुए स्थान पर कुलीन लोगों का रहना अच्छा नहीं है, ऐसा विद्वान पुरुष कहते हैं; कुल की माता गुरु है; क्रूरता करके और विद्या का नाश करके कल्याण की रक्षा करना बुरी बात है; क्या तुमने उन अद्भुत बातों को सुना है जो युवती कहती है?"**)

## निष्कर्ष

सुब्रह्मण्य भारती की कविताओं में नारी चेतना एक क्रांतिकारी विचार के रूप में प्रकट होती है। उन्होंने ऐसी स्त्री की कल्पना की है, जो शिक्षित, निर्भय, समाज में सम्मानित और पुरुषों के समान अधिकार प्राप्त हो। 'पुदुमै पेन' के रूप में उन्होंने नई नारी की जो तस्वीर प्रस्तुत की है, वह आज भी अत्यंत प्रासंगिक है।

सुब्रह्मण्य भारती ने नारी को निर्भीक, स्वतंत्र और समान अधिकारों वाली व्यक्तित्व के रूप में चित्रित किया। वे नारी को केवल पत्नी या माँ के रूप में सीमित नहीं करते, बल्कि उसे स्वतंत्र सोच वाली और समाज की भागीदार मानते हैं। वे नारी को पुरुष के समान अधिकारों की पात्र मानते

हैं। उनका मानना है कि यदि नारी को शिक्षा से वंचित रखा गया, तो समाज कभी पूर्ण नहीं हो सकता। वे स्त्री स्वतंत्रता के प्रबल पक्षधर थे। उनकी कविताओं में नारी चेतना मुखर और विद्रोही है। उनके लेखन में सुधार का मार्ग क्रांतिकारी और आधुनिक विचारों के माध्यम से था।

मैथिलीशरण गुप्त नारी को परंपरागत रूप में प्रस्तुत करते हैं। 'साकेत' में उर्मिला के माध्यम से नारी की सहनशीलता, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा को दिखाया। नारी को 'अबला' कहकर उसकी स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हैं। पारंपरिक मर्यादा और सामाजिक ढांचे के भीतर वे नारी के अधिकारों को स्वीकार करते हैं। उनके अनुसार नारी का सर्वोच्च गुण उसका त्याग है। उनकी नारी पात्रों में आंतरिक चेतना है, परंतु वह अधिकतर मौन और सहनशील रहती है। वे समाज को नारी के प्रति सहानुभूति और सम्मान की भावना सिखाना चाहते थे। सुधार का मार्ग परंपराओं के भीतर ढूँढते थे।

मैथिलीशरण गुप्त की नारी चेतना परंपरा, त्याग और आदर्श, नारीत्व की प्रतीक है। सुब्रह्मण्य भारती की नारी चेतना समानता, शिक्षा और स्वतंत्रता की उद्घोषणा है। दोनों कवियों ने अपने-अपने युग और सामाजिक संदर्भों के अनुरूप नारी चेतना को स्वर दिया। गुप्त जी ने उसे भीतर से जागरूक किया, जबकि भारती ने उसे समाज में मुखर और सक्रिय बनाया।

❑❑❑

## संदर्भ सुची


1. अतीत खण्ड : उपक्रमणिका- भारत भारती), मैथलीशरण गुप्त, साहित्य सदन, चिरगाँव, झाँसी, संस्करण-1984, पृष्ठ सं- 2
2. https://www.hindwi.org/ebooks/yashodhara-maithili-sharan-gupt-ebooks
3. https://dheivegam.com/pudhumai-pen-bharathiyar-kavithai/
4. साकेत, मैथिलीशरण गुप्त, साहित्य सदन, चिरगाँव, झाँसी, संस्करण-2011, पृष्ठ सं- 268-269
5. भारत भारती, मैथलीशरण गुप्त, साहित्य सदन, चिरगाँव, झाँसी, संस्करण-1984, पृष्ठ सं- 134
6. जयभारत, मैथिलीशरण गुप्त, साहित्य सदन, चिरगाँव, झाँसी, संस्करण-2004, पृष्ठ सं- 180
7. https://hindi-kavita.com/HindiYashodharaMaithilisharanGupt.php
8. https://hindi-kavita.com/HindiJaiBharatGupt.php#Jai2
9. https://www.goodreads.com/quotes/1246474
10. https://www.scribd.com/document/687409777/நிமிர-ந-த-நன-னடை_-நேர-கொண-ட-பார-வையுடம
11. https://www.tamilvu.org/ta/courses-degree-c011-c0111-html-c0111164-11575
12. https://dheivegam.com/pudhumai-pen-bharathiyar-kavithai/
13. https://dheivegam.com/pudhumai-pen-bharathiyar-kavithai/

विद्वत वाणी
अंतर्राष्ट्रीय त्रैमासिक शोध पत्रिका
ISSN : 3048-9547 (Print)
Volume - 1 - 2024, Issue - 4

"VIDWAT VANI"
Quarterly International Peer Reviwed Refereed Journal
Starting Year - 2024
April to June - 2025



**डॉ. विजय कुमार**
पूर्व शोध छात्र
पटना विश्वविद्यालय
पटना-800005, बिहार
संपर्क
vijaydotraj@gmail.com

# हिंदी आलोचना में रस सिद्धांत

**शोध सारांश**

यह शोध-पत्र हिंदी साहित्य की आलोचना परंपरा में रस सिद्धांत की भूमिका और उसकी प्रासंगिकता का विश्लेषण करता है। रस सिद्धांत भारतीय काव्यशास्त्र का एक केंद्रीय तत्त्व है, जिसका उद्देश्य साहित्यिक अनुभूति को केवल बौद्धिक विश्लेषण तक सीमित न रखकर, उसमें निहित भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक गहराइयों को उद्घाटित करना है। यह सिद्धांत यह स्पष्ट करता है कि किसी साहित्यिक रचना की प्रभावशीलता केवल उसकी विषयवस्तु या शैली में नहीं, बल्कि उसमें निहित भावात्मक रसनिष्पत्ति में निहित होती है। हिंदी आलोचना में यह दृष्टिकोण सहृदय पाठक की भूमिका को केंद्र में रखता है, जो रचना के सौंदर्य को आत्मसात करते हुए उसकी कलात्मकता, संवेदना और सामाजिक प्रतिबद्धता के बीच से एक समन्वय स्थापित करता है। उक्त शोध-पत्र में यह भी अध्ययन किया गया है कि रस सिद्धांत कैसे नाटक, कविता, कथा-साहित्य सहित अन्य साहित्यिक विधाओं में अर्थग्रहण की प्रक्रिया को समृद्ध करता है और पाठक के अनुभव जगत में साहित्यिक सौंदर्य की चेतना जाग्रत करता है। यह अध्ययन रस की परंपरागत अवधारणाओं के साथ-साथ आधुनिक साहित्यिक विमर्शों में उसकी उपादेयता को भी रेखांकित करता है।

**बीज शब्द**

**1. रस सिद्धांत 2. हिंदी आलोचना 3. सहृदय 4. रसनिष्पत्ति 5. नाट्यशास्त्र 6. साधारणीकरण 7. साहित्यिक सौंदर्य 8. भावात्मक प्रभाव 9. अनुमितिवाद**

**मूल शोध**

'रस' का शाब्दिक अर्थ आस्वाद करने से संबंधित है, अर्थात जिसका

आस्वादन किया जाए, वह रस है। काव्य और कलाओं के आस्वादन के संबंध में भारतीय काव्यशास्त्र में सबसे प्राचीन और सर्व स्वीकार्य सिद्धांतों में रस सिद्धांत सबसे महत्त्वपूर्ण है। रस सिद्धांत का सम्यक काव्यशास्त्रीय विवेचन भरतमुनि कृत नाट्यशास्त्र में मिलता है। भरतमुनि ने नाट्य में दर्शक की अनुभूति को केंद्र में रखकर यह प्रतिपादित किया कि जब स्थायी भाव, विभाव, अनुभाव और संचारी भाव सम्यक रूप से संयोग करते हैं, तब रस की निष्पत्ति होती है। रस की यह अनुभूति कलात्मक माध्यम से व्यक्त मानव अनुभवों की पराकाष्ठा को प्रकट करती है। रस को परिभाषित करते हुए वे लिखते हैं- **"विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद् रसनिष्पत्तिः अर्थात विभाव, अनुभाव और संचारी भाव के संयोग से रस की निष्पत्ति होती है।"**[1] उनके इस मत को स्पष्ट करते हुए बाबूलाल शुक्ल लिखते हैं- **"इसका स्पष्टीकरण स्वयं भरतमुनि ने लौकिक रसनास्वाद से मानसिक रसास्वाद की तुलना करते हुए बतलाया कि जैसे नानाप्रकार के व्यंजनों से उपस्थित सुसंस्कृत भोज्य (अन्न) का भोक्ता आस्वादन करता है, इसी प्रकार विभाव, अनुभाव तथा संचारी भावरूप अभिनय से संबद्ध स्थायी भावों का सहृदय प्रेषक मानसिक आस्वादन करता है।"**[2] आगे चलकर आचार्य आनंदवर्धन, भट्टनायक और अभिनवगुप्त जैसे आचार्यों ने इस सिद्धांत को और अधिक गहराई प्रदान की, जिससे यह सिद्धांत न केवल काव्यालोचना का केंद्र बना, बल्कि साहित्यिक विमर्श की स्थायी परंपरा में भी अपना स्थान सुनिश्चित कर सका।

ललित कलाओं अथवा नाटक के प्रेक्षण से उत्पन्न होने वाले सौंदर्यबोधजन्य आनंद की अनुभूति को ही रस कहा गया है। यह अनुभूति न केवल कलात्मक परिपक्वता की प्रतीक होती है, बल्कि वह सहृदय दर्शक या पाठक के भीतर एक विशिष्ट मानसिक प्रक्रिया को भी जागृत करती है। रस पर अब तक हुए अधिकतर विवेचन भरतमुनि के नाट्यशास्त्र पर आधारित रहे हैं, जिसमें रस निष्पत्ति, स्थायी भावों की भूमिका, साधारणीकरण की प्रक्रिया और अभिनय के सामर्थ्य को गहन रूप में विश्लेषित किया गया है।

हालाँकि समय के साथ रस की अवधारणा का विस्तार हुआ है और इसके विभिन्न पक्षों को लेकर संस्कृत से लेकर हिंदी साहित्य तक अनेक आचार्यों और आलोचकों ने महत्त्वपूर्ण कार्य किया है। संस्कृत परंपरा में भारतीय काव्यशास्त्र में रस-सिद्धांत के एक प्रमुख व्याख्याता भट्ट लोल्लट ने जहाँ रस को अभिनेताओं की अभिव्यक्ति से जोडते हुए देखा, वहीं प्रसिद्ध भारतीय काव्यशास्त्र के व्याख्याता आचार्य शंकुक ने अभिनय की प्रतीकात्मकता पर बल दिया। भट्टनायक और अभिनवगुप्त ने रस को सहृदय की अंतर्ज्ञानात्मक प्रक्रिया के रूप में देखा, जिसे मम्मट और पंडितराज जगन्नाथ जैसे आचार्यों ने अपनी-अपनी पद्धतियों से विश्लेषित किया।

हिंदी आलोचना परंपरा में भी रस सिद्धांत को नवीन सामाजिक, सांस्कृतिक और मनोवैज्ञानिक परिप्रेक्ष्य में व्याख्यायित करने का प्रयास किया गया है। आचार्य रामचंद्र शुक्ल,

नंददुलारे वाजपेयी, डॉ. नगेंद्र और डॉ. राममूर्ति त्रिपाठी जैसे आलोचकों ने न केवल रस की मूल भारतीय अवधारणाओं को पुनः प्रस्तुत किया, बल्कि उन्हें आधुनिक आलोचना-पद्धतियों से जोड़कर साहित्यिक मूल्यों की पुनर्स्थापना का कार्य भी किया। इस प्रकार, रस सिद्धांत आज भी हिंदी साहित्यिक आलोचना में एक जीवंत विमर्श का केंद्र बना हुआ है।

भरतमुनि ने न केवल रस को परिभाषित किया, बल्कि उन्होंने इसे मनोविज्ञान के साथ भी जोड़ा, लेकिन बाद के विद्वानों ने रस निष्पत्ति पर अपनी अलग-अलग व्याख्याएँ की हैं। भट्ट लोल्लट को रस सूत्र का प्राचीनतम व्याख्याकार माना जाता है। अभिनवगुप्त द्वारा की गई टीका में इनका उल्लेख मिलता है। यह मूल रूप से नाटकों के संदर्भ में रस निष्पत्ति की व्याख्या है। भट्ट लोल्लट के अनुसार रस की निष्पत्ति नहीं, वरन रस की उत्पत्ति होती है, जिस कारण उनके मत को उत्पत्तिवाद के नाम से भी जाना जाता है। वे मानते हैं कि ऐतिहासिक पात्रों, जैसे राम में रस की उत्पत्ति होती है। लेकिन नट अथवा अभिनेता उन ऐतिहासिक पात्रों का अनुकरण करते हैं, जिस कारण उनमें रसाभास होता है। इस रसाभास के कारण दर्शकों को भ्रमवश रस की प्रतीति होती है, जिससे वे आनंदित हो जाते हैं। इस मत की विशिष्टता यह है कि यह सौंदर्य का आधार पात्र की यथार्थता को मानता है, न कि उसकी कलात्मक प्रस्तुति को। भट्ट लोल्लट के सिद्धांत में जो 'भ्रम' द्वारा रस-प्राप्ति की बात है, वह रस के अनुभूतिक पक्ष की एक प्रारंभिक व्याख्या के रूप में देखी जा सकती है। इससे यह स्पष्ट होता है कि रस की धारणा केवल कलात्मक अभिव्यक्ति की बात नहीं करती, बल्कि वह अनुभवजन्य और संवेगात्मक प्रतिक्रियाओं को भी महत्त्व देती है। शोध की दृष्टि से यह विशेष महत्त्वपूर्ण है कि भट्ट लोल्लट के मत ने रस के उद्भव को ऐतिहासिकता और अनुकरणात्मक प्रक्रिया से जोड़कर उसकी सीमाओं को चिह्नित किया।

भट्ट लोल्लट के पश्चात आचार्य शंकुक ने रस निष्पत्ति पर अपनी व्याख्या दी है, जिसे अनुमितिवाद के नाम से जाना जाता है। शंकुक का अनुमितिवाद इस विचार पर आधारित है कि रस की उत्पत्ति प्रत्यक्ष रूप से मंच पर नहीं होती, बल्कि दर्शक द्वारा 'अनुमान' के माध्यम से की जाती है। वे अभिनेता को केवल एक माध्यम मानते हैं, जबकि रस की निष्पत्ति वास्तविक पात्रों और स्थितियों की कल्पना से होती है। यह दृष्टिकोण रस को एक बौद्धिक प्रक्रिया के रूप में स्थापित करता है, जहाँ दर्शक अपने अनुभव और सांस्कृतिक ज्ञान के आधार पर अभिनय के पीछे छिपे अर्थ को ग्रहण करता है। इस प्रकार शंकुक ने सहृदय की मानसिक क्रियाशीलता को रस निष्पत्ति का मूल केंद्र माना। इस संबंध में वर्णित है कि-"**शंकुक ने चित्रतुरंग न्याय का सहारा लेकर रसानुमिति के संबंध में दो बातें सिद्ध करने का प्रयत्न किया है। एक तो यह कि जिस प्रकार चित्रांकित अश्व वास्तविक अश्व का अनुकरण**

**मात्र है, स्वयं वास्तविक अश्व नहीं है, उसी प्रकार शिक्षाभ्यासादि के कारण राम आदि प्रतीत होने वाले नट वस्तुतः राम आदि नहीं, उनके अनुकरण मात्र हैं।"**[3] इस प्रकार शंकुक मानते हैं कि रस एक प्रभाव के रूप में उत्पन्न नहीं होता, बल्कि वह दर्शक द्वारा अनुमित किया जाता है।

आचार्य शंकुक के बाद भट्टनायक, रस के संबंध में उत्पत्ति और अनुमिति के तीन काव्य व्यापारों की चर्चा करते हैं। इस संबंध में वर्णित है कि-**"अभिधा से व्यक्ति विशेष का बोध हो जाने पर भी दृश्य में प्रदर्शित अथवा वर्णित वेश भूषा, सुंदर आकृति, अभिनय कुशलता आदि अथवा सुंदर काव्य पाठ, रुचिकर उक्ति, मोहक शब्द चयन और पद विन्यास आदि के कारण धीरे-धीरे प्रेक्षक अथवा पाठक का मन व्यक्ति विशेष को विस्मृत करने लगता है। जितनी वह विस्मृति बढ़ती है, उतना ही वह उस मूर्ति का व्यक्ति बंधन शून्य रूप में चिंतन करता जाता है। परिणाम यह होता है कि समाज प्रायः उस व्यक्ति के हावभावानुभावादि को केवल उसी का नहीं समझता, उन्हें सामान्य रूप में ग्रहण करता है। यही साधारणीकरण कहा जाता है।"**[4]

भट्ट नायक ने रस को साधारणीकरण से जोड़ने का महत्त्वपूर्ण कार्य किया। उन्होंने बताया कि साधारणीकरण के बाद ही वह भावना का विषय बनती है तथा सामाजिक रस का साक्षात्कार कर उसका भोग करता है। यह अनुभव अलौकिक होता है।

अभिनवगुप्त ने उपरोक्त वर्णित तीनों मतों को अस्वीकार कर इन मतों का खंडन करते हुए इसमें एक नवीन आयाम को जोड़ने का कार्य किया और इसे 'अभिव्यक्ति' की संज्ञा दी। इस संबंध में लिखा है कि-**"अभिनव विभाव का कार्य विभावना, अनुभाव का अनुभावना तथा संचारी भावों का काम समुपरंजन मानते हैं। विभावना के द्वारा बीज भाव अंकुरित होता है, अनुभावना उसी भाव को अनुभव योग्य बना देती है और समुपरंजन के द्वारा वे पूर्णतया प्रकट कर दिए जाते हैं। प्रेक्षक की मानसिक स्थिति इन तीनों से प्रभावित होती रहती है। इसके फलस्वरूप ही वासनारूप स्थिर प्रेक्षक के स्थायी भाव रसरूप में प्रकट अथवा व्यक्त हो जाते हैं। रस अभिव्यक्त होता है। निष्पत्ति का अर्थ अभिव्यक्ति है।"**[5]

भट्टनायक और अभिनवगुप्त की व्याख्याओं ने रस सिद्धांत को एक व्यापक स्वरूप प्रदान किया। संस्कृत में रस के विशद विवेचन और विश्लेषण के क्रम तथा उसकी उपादेयता को देखते हुए हिंदी साहित्य में इस पर कई विद्वानों ने नए जीवन संदर्भों में प्रकाश डाला है। हिंदी आलोचना में आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने रस सिद्धांत को महत्त्वपूर्ण मानते हुए साधारणीकरण की एक नवीन व्याख्या की, जो संस्कृत आचार्यों से भिन्न है। उन्होंने अपनी पुस्तक 'रस मीमांसा' में इस पर विस्तार से प्रकाश डाला है। वे लिखते हैं-**"रस की आनंदानुभूति उस समय होती है, जब सत्त्व का उद्रेक सत्वोद्रेक होता है और राजस और तमस दब जाते हैं। रस वस्तुतः अनुभूति है, अनुभूति का विषय नहीं।"**[6] अपनी पुस्तक 'रस मीमांसा' में वे बड़े विस्तार से साधारणीकरण की व्याख्या करते हैं, उनकी यह

व्याख्या संस्कृत आचार्यों से अलग होने के साथ-साथ तार्किक और मनोवैज्ञानिक संदर्भों से जुड़ती है। रामचंद्र शुक्ल अपने निबंधों में भी इस पर प्रकाश डालते हुए इसे व्याख्यायित करते हुए लिखते हैं कि-"**रसात्मक अनुभूति की उस विशेषता का प्रचार करना चाहिए जो प्रत्यक्ष विषयों की वास्तविक अनुभूति से पृथक करती प्रतीत हुई है। इस विशेषता का निरूपण हमारे यहाँ साधारणीकरण के अंतर्गत किया गया है। साधारणीकरण का अभिप्राय यह है कि किसी काव्य में वर्णित आलंबन केवल भाव की व्यंजना करने वाले पात्र (आश्रय) का ही आलंबन नहीं रहता, बल्कि पाठक या श्रोता का भी एक ही नहीं, अनेक पाठकों और श्रोताओं का भी आलंबन हो जाता है। अतः उस आलंबन के प्रति व्यंजित भाव में पाठकों या श्रोताओं का भी हृदय योग देता हुआ उसी भाव का रसात्मक अनुभव करता है।**"[7]

आचार्य शुक्ल के पश्चात डॉ. नगेंद्र ने 'रस सिद्धांत' नामक अपनी पुस्तक में नई कविता की व्याख्या रस सिद्धांत के आधार पर करते हैं, वे रस सिद्धांत को सैद्धांतिक ही नहीं, वरन् व्यावहारिक आलोचना के लिए भी महत्त्वपूर्ण मानते हैं। उनके अनुसार कलाकार अथवा रचनाकार के समस्त कल्पित कार्य व्यापार का साधरणीकरण होता है, न कि पात्र विशेष का।

रस सिद्धात के संबंध में विद्यानिवास मिश्र ने एक महत्त्वपूर्ण बात कही है, वे लिखते हैं-"**यह समझना कि रस दृष्टि की पारमार्थिक दृष्टि भारतीय दृष्टि है या यह कि यदि काव्य को वस्तुजगत के धरातल पर लाकर भी स्थापित किया जा सकता है, तो रस को भी वहाँ प्रतिष्ठित किया जा सकता है, वस्तुतः भारतीय चिंतन और कविकर्म के स्वातंत्र्य के महत्त्व को कम करना है। इसके स्वरूप के संबंध में इतना वैमत्य तथा रस निष्पत्ति को अनेक प्रकार से समझने की निरंतर कोशिश क्या इस बात के पर्याप्त प्रमाण नहीं है कि रस का मानदंड व्यावहारिक स्तर पर कभी स्पष्ट नहीं हुआ।**"[8]

इसे अगर दूसरे रूप में कहें, तो हम कह सकते हैं कि रस सिद्धांत में व्याख्या की तमाम संभावनाएँ मौजूद हैं, जो देश, काल और परिस्थिति के अनुसार काव्य के मर्म को समझने में साहायक सिद्ध हो सकता है। किसी कृति में कौन-सा रस प्रमुख है और वह पाठक पर किस प्रकार का प्रभाव डालता है, यह इसी के द्वारा समझा जा सकता है। उदाहरण के लिए, अगर कोई कृति करुण रस को व्यक्त करती है, तो आलोचक यह समझ सकता है कि लेखक ने पाठक के मन में संवेदनशीलता जगाने का प्रयास किया है। हिंदी आलोचना में रस सिद्धांत एक ऐसी अवधारणा है, जो साहित्यिक कृतियों को समझने और उनके प्रभाव को मूल्यांकित करने में अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। यह न केवल पाठक के अनुभव को समृद्ध करता है, बल्कि साहित्यिक परंपरा को भी एक नई दिशा प्रदान करता है। रस सिद्धांत एक ऐसा सिद्धांत है, जो जटिल होते जा रहे जीवन के बीच काव्य के माध्यम से, इसकी रसानुभूति के माध्यम

से साहित्य की प्रासंगिकता को बनाए रखने में सहायक सिद्ध होती रहेगी।

## निष्कर्ष

हिंदी आलोचना में रस सिद्धांत एक ऐसा समृद्ध और बहुआयामी विमर्श है, जो साहित्यिक कृतियों की मूल आत्मा तक पहुँचने का मार्ग प्रशस्त करता है। इस शोध-पत्र के माध्यम से यह स्पष्ट हुआ कि रस केवल एक भावात्मक अनुभूति नहीं है, बल्कि वह साहित्यिक सौंदर्य, सामाजिक चेतना और मनोवैज्ञानिक अनुभव का सम्मिलित प्रभाव है, जो पाठक और रचना के मध्य गहन अंतरसंबंध स्थापित करता है। भरतमुनि के 'रस निष्पत्ति' के सिद्धांत से लेकर अभिनवगुप्त के 'अभिव्यक्तिवाद' और आचार्य रामचंद्र शुक्ल के 'साधारणीकरण' की अवधारणा तक, रस सिद्धांत का निरंतर विकास यह दर्शाता है कि यह एक स्थिर अवधारणा न होकर सतत प्रवाहमान आलोचनात्मक परंपरा का हिस्सा है। विभिन्न आचार्यों द्वारा प्रस्तुत विविध मतों- उत्पत्तिवाद, अनुमितिवाद, साधारणीकरण तथा अभिव्यक्तिवाद इत्यादि से यह सिद्ध होता है कि रस की अनुभूति केवल काव्य की विषयवस्तु नहीं, अपितु पाठक की अंतर्मन की चेतना में अंकुरित होने वाली एक कलात्मक प्रक्रिया है। हिंदी साहित्य में आलोचकों द्वारा इस सिद्धांत को आधुनिक संदर्भों में पुनः व्याख्यायित करने का प्रयास, उसकी जीवंतता और प्रासंगिकता को प्रमाणित करता है। वर्तमान समय में, जबकि साहित्य को मनोविज्ञान, समाजशास्त्र और संस्कृति-चिंतन के साथ जोड़कर देखा जा रहा है, रस सिद्धांत इन सभी विमर्शों को एक भावात्मक धरातल पर एकीकृत करने की क्षमता रखता है। अतः यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि हिंदी आलोचना में रस सिद्धांत न केवल मूल्यांकन की एक समृद्ध परंपरा है, बल्कि वह साहित्य को जीवन से जोड़ने वाला एक प्रभावशाली माध्यम भी है।

❑❑❑

## संदर्भ सूची

1. नाट्यशास्त्रम्-प्रथम भाग, भरतमुनि, सं. श्रीबाबूलाल शुक्ल शास्त्री, चौखंभा संस्कृत संस्थान, वाराणसी, संवत-2040, संस्करण-1984, पृष्ठ सं- 69
2. नाट्यशास्त्रम्-प्रथम भाग, भरतमुनि, सं. श्रीबाबूलाल शुक्ल शास्त्री, चौखंभा संस्कृत संस्थान, वाराणसी, संवत-2040, संस्करण-1984, पृष्ठ सं- 69
3. रस सिद्धांत : स्वरूप विश्लेषण, डॉ. आनंद प्रकाश दीक्षित, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण-1960, पृष्ठ सं- 68
4. रस सिद्धांत : स्वरूप विश्लेषण, डॉ. आनंद प्रकाश दीक्षित, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण-1960, पृष्ठ सं- 77, 78
5. रस सिद्धांत : स्वरूप विश्लेषण, डॉ. आनंद प्रकाश दीक्षित, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण-1960, पृष्ठ सं- 90
6. रस मीमांसा, आचार्य रामचंद्र शुक्ल, नागरी प्रचारिणी सभा, काशी, संस्करण-2006, पृष्ठ सं- 415
7. आचार्य रामचंद्र शुक्ल, चिंतामणि, प्रकाशन संस्थान, नई दिल्ली, संस्करण-2007, पृष्ठ सं- 179
8. अनछुए बिन्दु, विद्यानिवास मिश्र, किताबघर प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण-2003, पृष्ठ सं-218

विद्वत वाणी
अंतर्राष्ट्रीय त्रैमासिक शोध पत्रिका
ISSN : 3048-9547 (Print)
Volume - 1 - 2024, Issue - 4

"VIDWAT VANI"
Quarterly International Peer Revived Refereed Journal
Starting Year - 2024
April to June - 2025



**डॉ. एम. रजनी**

वरिष्ठ हिंदी अध्यापिका
तिरुपति-517501
आंध्र प्रदेश
संपर्क
kvaishu2323@gmail.com

# पंच पाण्डवों का जन्म-वृत्तांत : एक आलोचनात्मक अनुशीलन

**शोध सारांश**

महाभारत में वर्णित पंच पाण्डवों के जन्म की कथा एक पौराणिक आख्यान होते हुए भी सामाजिक, नैतिक और धार्मिक विमर्शों से समृद्ध है। इसमें नियोग, देवताओं का आवाहन, आकाशवाणी और शाप जैसे अनेक तत्त्व जुड़े हैं, जो आज के आधुनिक और वैज्ञानिकबोध के लिए प्रश्नवाचक बन जाते हैं। इस शोध-पत्र में महाभारत की मूल कथा की तुलना तीन आधुनिक साहित्यिक कृतियों- कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी का 'कृष्णावतार', एस.एल. भैरप्पा का 'पर्व' और नरेन्द्र कोहली का 'महासमर' से की गई है। इन कृतियों में पंच पाण्डवों के जन्म-वृत्तांत का लौकिक, मनोवैज्ञानिक और समाजशास्त्रीय पुनर्पाठ हुआ है। शोध इस बात की पड़ताल करता है कि किस प्रकार मूल महाभारत की पौराणिक गाथा को आधुनिक साहित्यकारों ने तर्कसंगत और यथार्थपरक रूप में पुनः परिभाषित किया है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि कहाँ-कहाँ इन पुनर्पाठों ने मूल पात्रों की गरिमा या विचार-दृष्टि से विचलन किया है। इस अध्ययन के माध्यम से पौराणिक आख्यान और आधुनिक पुनर्व्याख्या के मध्य संतुलन की आवश्यकता को रेखांकित किया गया है।

**बीज शब्द**

**1. महाभारत 2. पाण्डव जन्म 3. नियोग परंपरा
4. आधुनिक उपन्यास 5. कुंती चरित्र 6. पौराणिक आलोचना
7. पाण्डु की असमर्थता**

महाभारत केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं है, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक मानस का संरचनात्मक आधार है। इसकी कथाएँ भारतीय जीवनदृष्टि, समाज व्यवस्था, धर्म-संकल्पनाओं और नैतिक मूल्यों की गहराई तक प्रविष्ट हैं। इसके पात्र- कृष्ण, अर्जुन, कुंती, द्रौपदी आदि केवल मिथकीय पात्र नहीं, बल्कि जीवंत मनोवैज्ञानिक प्रतिमान हैं, जो समय के साथ नई व्याख्याओं और संदर्भों में पुनर्रचित होते रहे हैं। महाभारत की घटनाएँ न केवल धार्मिक वृत्तांत के रूप में वर्णित हैं, बल्कि समाजशास्त्रीय, राजनैतिक और दार्शनिक विमर्शों की दृष्टि से भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं।

पंच पाण्डवों का जन्म-वृत्तांत इस महाकाव्य का एक अत्यंत जटिल और बहुस्तरीय खंड है, जिसमें पौराणिक विश्वासों, नियोग जैसी विवादास्पद सामाजिक परंपराओं, स्त्री की इच्छा शक्ति और मातृत्व के अधिकार, धर्मशास्त्रीय मर्यादाओं तथा वंश-रक्षा की अनिवार्यता जैसे गहन प्रश्न निहित हैं। यह प्रसंग न केवल धार्मिक विश्वासों को पुष्ट करता है, अपितु आधुनिक युग के लिए स्त्री की स्वतंत्रता, यौन-नैतिकता और समाज में उसकी भूमिका जैसे मुद्दों पर पुनर्विचार हेतु प्रेरित करता है। विभिन्न आधुनिक लेखकों द्वारा की गई इसकी पुनर्व्याख्या यह दर्शाती है कि यह केवल एक पौराणिक आख्यान नहीं, बल्कि एक सामाजिक-सांस्कृतिक विमर्श का प्रारंभ-बिंदु भी है।

इस खंड में वर्णित घटनाएँ प्रतीकात्मक रूप से उस काल के सामाजिक तंतुओं की जटिलता को उद्घाटित करती हैं। कुंती द्वारा दुर्वासा ऋषि से संतान उत्पन्न करने की शक्ति प्राप्त करना और नियोग की परंपरा के अंतर्गत पाण्डवों का जन्म - यह सब तत्कालीन समाज में स्त्री की भूमिका, उसके निर्णय की वैधता और धर्म-संहिता की सीमाओं को चुनौती देता है। विशेष रूप से कुंती और माद्री के चरित्र, मातृत्व के अधिकारों की परस्पर प्रतिस्पर्धा और भीष्म जैसे पात्रों की भूमिका इस कथा को न केवल पौराणिक, बल्कि मानव-मन की गहराइयों से जुड़ा बनाते हैं।

इसके अतिरिक्त, इस कथा का मनोवैज्ञानिक विश्लेषण यह भी दर्शाता है कि कैसे धर्म और सामाजिक संरचनाएँ व्यक्तिगत इच्छाओं से टकराती हैं और निर्णयों को प्रभावित करती हैं। यह जन्मवृत्तांत केवल वंशवृद्धि की आवश्यकता नहीं, बल्कि उत्तरदायित्व, धर्मसंकट और नैतिक द्वंद्व की जटिलताओं का भी प्रतिनिधित्व करता है। आधुनिक आलोचक इसे स्त्री विमर्श, पुनरुत्पादन, अधिकारों और धर्म की सामाजिक उपयोगिता के संदर्भ में पुनर्परिभाषित करते हैं। यह पौराणिकता और आधुनिकता के मध्य संवाद की एक सशक्त कड़ी बनकर उभरता है।

**महाभारत में पंच पाण्डवों का जन्म-वृत्तांत**

महाभारत के आदिपर्व में पाण्डवों के जन्म का उल्लेख नियोग परंपरा और देवतामूलक गर्भाधान के रूप में होता है। पाण्डु के शाप के कारण वह स्वयं संतानोत्पत्ति में असमर्थ है, अतः कुंती दुर्वासा द्वारा प्राप्त मंत्र से देवताओं का

आह्वान कर युधिष्ठिर (धर्मराज), भीम (वायुदेव) और अर्जुन (इन्द्र) को जन्म देती है। माद्री को भी मंत्र दिया जाता है, जिससे वह अश्विनीकुमारों से नकुल और सहदेव को जन्म देती है। प्रत्येक संतान के जन्म पर आकाशवाणी होती है, जो उनके गुणों की पुष्टि करती है।

**"पाण्डु द्वारा अज्ञानतावश ऋषि किन्दम तथा उनकी पत्नी की मृत्यु वन में उस समय हो गई, जब वे मृग रूप में प्रणय क्रिया कर रहे थे। अपनी मृत्यु से पूर्व किन्दम ऋषि ने पाण्डु को यह शाप दिया कि-'यदि काम के वशीभूत होकर उन्होंने अपनी पत्नी के साथ सहवास किया तो वे मृत्यु को प्राप्त होंगे।' पाण्डु निःसंतान थे। उनकी पत्नी कुंती को महर्षि दुर्वासा ने एक ऐसा मंत्र दिया था, जिसके द्वारा वह किसी भी देवता का आह्वान कर सकती थी। कुंती ने मंत्र का प्रयोग करके धर्मराज, वायु और इन्द्र देव का आह्वान करके उनसे क्रमशः युधिष्ठिर, भीम तथा अर्जुन जैसे पुत्रों को पाया। कुंती ने यह मंत्र माद्री को भी प्रदान किया, जिससे माद्री ने अश्विनीकुमारों को आमन्त्रित किया और नकुल तथा सहदेव जैसे पुत्रों की माता बनी।"[1]**

**"(ततो धर्मोपनिषदः श्रुत्वा भर्तुः प्रिया पृथा। धर्मानिलेन्द्रान् स्तुतिभिर्जुहाव सुतवाञ्छया। तद्दत्तोपनिषन्माद्री चाश्विनावाजुहाव च।) तापसैः सह संवृद्धा मातृभ्यां परिरक्षिताः। मेध्यारण्येषु पुण्येषु महतामाश्रमेषु च।।११५।।**

**पतिप्रिया कुन्ती ने पति के मुख से धर्म-रहस्य की बातें सुनकर पुत्र पाने की इच्छा से मन्त्र-जप पूर्वक स्तुति द्वारा धर्म, वायु और इन्द्र देवता का आवाहन किया। कुन्ती के उपदेश देने पर माद्री भी उस मन्त्र-विद्या को जान गई और उसने संतान के लिए दोनों अश्विनीकुमारों का आवाहन किया। इस प्रकार इन पाँचों देवताओं से पाण्डवों की उत्पत्ति हुई। पाँचों पाण्डव अपनी दोनों माताओं द्वारा ही पाले-पोसे गए। वे वनों में और महात्माओं के परम पुण्य आश्रमों में ही तपस्वी लोगों के साथ दिनो दिन बढ़ने लगे"।।११५।।[2]**

यह प्रसंग न केवल पाण्डवों के दैवीय उद्गम की ओर संकेत करता है, बल्कि उस युग की धार्मिक और सामाजिक संरचना को भी उजागर करता है। नियोग की वैदिक परंपरा को यहाँ एक दैवी योजना के रूप में चित्रित किया गया है, जिससे महाभारत के मुख्य पात्रों को दिव्यता और नियति का विशेष संबल प्राप्त होता है। कुंती और माद्री के माध्यम से यह भी स्पष्ट होता है कि स्त्रियाँ केवल मातृत्व का माध्यम नहीं, बल्कि धर्म और वंश परंपरा के नियामक रूप में भी प्रतिष्ठित होती हैं। आकाशवाणियाँ केवल भविष्यवाणियाँ नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण की सशक्त पृष्ठभूमि भी हैं। यह वर्णन, धार्मिक गाथा के साथ-साथ दार्शनिक विमर्श को भी समाहित करता है, जो महाभारत की गूढ़ता को और गहराई देता है।

## नियोग परंपरा का सामाजिक और शास्त्रीय पक्ष

नियोग की परंपरा वैदिक युग में संतानहीन दंपतियों के लिए एक धर्मसम्मत विकल्प मानी जाती थी। महाभारत में इसके लिए स्पष्ट निर्देश

है कि नियोग के द्वारा अधिकतम तीन संतान तक ही प्राप्त किए जा सकते हैं। यह एक आपद्धर्म की तरह संरचित प्रणाली थी, जिसका उद्देश्य वंश-परंपरा को बनाए रखना था न कि लौकिक वासनाओं की पूर्ति। यह परंपरा अत्यंत मर्यादित थी, जिसमें पत्नी को पति की स्पष्ट अनुमति आवश्यक होती थी।

इस परंपरा का उल्लेख न केवल महाभारत जैसे महाकाव्यों में मिलता है, बल्कि मनुस्मृति, बौधायन धर्मसूत्र तथा याज्ञवल्क्य स्मृति जैसे शास्त्रों में भी इसकी विस्तृत विवेचना की गई है। **"मनुस्मृति में नियोग को एक सीमित और अनिवार्य स्थिति में किया जाने वाला कर्तव्य बताया गया है, जहाँ नियोजित पुरुष केवल तीन बार ही इस कर्तव्य का पालन कर सकता था और उत्पन्न संतान उस स्त्री के पति की ही मानी जाती थी।"**[3]

**"संस्कृत के एक विद्वान् एवं प्राच्यविद्याविशारद पांडुरंग वामन काणे ने History of Dharmasastra (Vol. II) में नियोग की वैदिक वैधता तथा सामाजिक मान्यता पर प्रकाश डाला है।"**[4] महाभारत में पाण्डु का यह कथन कि-"मैं संतानोत्पत्ति में असमर्थ हूँ, अतः तुम धर्मपूर्वक नियोग विधि का पालन करो", नियोग के शास्त्रीय आधार को पुष्ट करता है। 'नियोग प्रथा' में यह स्पष्ट किया गया है कि इस प्रणाली में स्त्री की गरिमा एवं पारिवारिक अनुशासन को बनाए रखते हुए ही संतानोत्पत्ति की अनुमति दी जाती थी। कालांतर में, कलियुग की नैतिक दुर्बलताओं को देखते हुए शास्त्रों में इस परंपरा के प्रयोग को त्याज्य माना गया। इससे स्पष्ट होता है कि नियोग केवल एक जैविक या सामाजिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि धर्मसम्मत, मर्यादित और सीमित संरचना के भीतर ही मान्य थी।

## आधुनिक उपन्यासों में जन्म-वृतांत का पुनर्पाठ

**(i) कृष्णावतार - कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी-** कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी के 'कृष्णावतार' में यह प्रसंग अत्यंत संक्षेप में उल्लेखित है। **"पाण्डु की शादी कुंती और मद्रदेश के राजा शल्य की बहन माद्री से हुई थी। पाण्डु को कोई शाप मिला हुआ था जिसके कारण वे संतान उत्पन्न नहीं कर सकते थे। गांगेय ने द्वैपायन से राय ली। व्यास ने सुझाव दिया कि परिपाटी के अनुसार कुंती और माद्री दोनों देवताओं के साथ नियोग द्वारा संतान उत्पन्न करें। पाण्डु एकांत जीवन बिताने के लिए अपनी पत्नियों सहित हिमालय चले गए थे। अपने पति की सहमति से देवताओं के साथ नियोग द्वारा कुंती ने तीन पुत्रों युधिष्ठिर, भीम और अर्जुन को जन्म दिया। माद्री ने नकुल और सहदेव नाम से जुड़वा पुत्रों को जन्म दिया।"**[5]

मुंशी जी ने 'कृष्णावतार' में इस प्रसंग को अत्यंत संक्षिप्त ढंग से प्रस्तुत किया है। उन्होंने शाप, मंत्र या आकाशवाणी जैसे चमत्कारिक तत्त्वों को प्राथमिकता नहीं दी है। कुंती और माद्री की संतान प्राप्ति, नियोग द्वारा देवताओं के साथ हुई बताई गई है, परंतु उन्हें मानवाकार, हिमालयवासी 'देवगण' के रूप में चित्रित किया गया है, जो

तार्किक यथार्थवाद की ओर संकेत करता है।

### (ii) 'पर्व' - एस.एल. भैरप्पा

पाँच पाण्डवों के जन्म का यह प्रसंग 'भैरप्पा' के 'पर्व' उपन्यास में कुछ विस्तार से यों अंकित मिलता है। "**पाण्डु कुंती और माद्री से विवाह के बाद अपनी मैथुन-विषयक असमर्थता को छिपाने के लिए दिग्विजय के बहाने हस्तिनापुर से दूर-दूर भागता रहता है। पश्चात् इलाज के निमित्त वह सपत्नीक हिमालय चला जाता है। पाण्डु पर दवा का कोई विशेष असर नहीं पड़ता। पुत्र-प्राप्ति के लिए पत्नी कुंती से नियोग विधि से संतान प्राप्त करने की बात कहता है। इस कार्य के लिए देवलोक के ब्राह्मण मुखिया, जो सनातन धर्म का मर्मज्ञ और लोगों का न्याय करने वाला व दण्ड देने वाला नियंत्रक था, को बुला भेजते हैं। नियोग से पूर्व पाण्डु कुंती को शपथ दिलाता है कि 'मैं इस पुरुष के प्रति मोह न रखूँगी। इसके समीप रहने पर भी मेरा मन पूर्ण रूप से पति में लीन रहेगा। संतान की इच्छा के अतिरिक्त मेरे मन में कोई इच्छा न रहेगी। गर्भधारणा का निश्चय होते ही इसे पितृ समान मान कर दूर हो जाऊँगी। उस दिन से वह धर्माधिकारी की सेवा करने लगी थी। धर्माधिकारी से कुंती गर्भधारण करती है। कुंती कुछ दिन उनके साथ रहने की इच्छा से यह बात छिपाती है। अंत में एक दिन कुंती की ऊबकाई से माद्री और पाण्डु को पता चलता है कि वह गर्भवती है। अब अतिथि धर्माधिकारी के जाने का समय आ गया था। पाण्डु उसके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए कहता है कि वे कुंती को बेटी मानकर आशीर्वाद दें। पश्चात् कुंती धर्म को जन्म देती है।**

**फिर पाण्डु एक शक्तिशाली बालक की कामना करता है। उसके लिए वह देव सेनापति मारुत का आह्वान करता है। पाण्डु फिर से कुंती को शपथ दिलाता है। कुंती देव सेनापति मारुत की सेवा में लग जाती है। गर्भ ठहरने के कुछ महीनों के बाद वह भीम को जन्म देती है।**

**पश्चात् देवलोक का राजा इन्द्र कुंती के सौंदर्य पर मुग्ध होकर उसके पास आता है। वह कहता है कि उसने जिस प्रकार उनके धर्माधिकारी और सेनापति को अपने देश की नियोग पद्धति के अनुसार स्वीकार किया था, उसी प्रकार उसे भी स्वीकार करे। कुंती जवाब देती है कि विधवा की बात और होती है, किंतु पति के होते हुए नियोग का निश्चय वही करता है। इसके अतिरिक्त अब उनके दो बच्चे भी हो गये हैं। ऐसे में नियोग का अर्थ लंपटता ही होगी। इन्द्र समझ जाता है कि कुंती की ओर से आपत्ति नहीं है और प्रकट रूप में कहता है कि थोड़ी देर बाद वह स्वयं आकर उसके पति से बात करेगा। तब पत्नी के रूप में वह अनुकूल अभिप्राय देकर पति को मनवा लें। पश्चात् देवराज इन्द्र पाण्डु से मिलकर कहता है कि आपके दो बच्चे देवजनों की कृपा से हुए हैं। हमारे लोगों की इच्छा है कि आपको एक और वीर पुत्र प्रदान किया जाए। इसलिए मुझे भेजा है।**

**पाण्डु के कहने पर कि जिनके कोई संतान**

**नहीं है, वे एक या दो बच्चे नियोग से प्राप्त कर सकते हैं, इन्द्र यों जवाब देता है- आपके बड़े बेटे में तो योद्धा बनने के लक्षण नहीं हैं।' दूसरा ही एक अकेला है। आपके राज्य की स्थापना हस्तिनापुर में होती है। आपके और देवजन के बीच निकट स्नेह होना चाहिए।.... 'मैं आया हूँ। यदि आप नहीं चाहते तो मैं जाता हूँ। इन्द्र की बात को स्वीकार कर आगे जब पाण्डु कहता है कि उसकी दो पत्नियाँ हैं। बड़ी से दो बच्चे हैं, ऐसे में छोटी की उपेक्षा करना न्याय नहीं है और फिर बड़ी की अनुमति के बिना छोटी का नियोग कराया नहीं जा सकता। तो इन्द्र जवाब में यह कहता है- 'मैं वर देने आया हूँ। आप जिसके लिए चाहे स्वीकार कर लीजिए। पर आपकी बड़ी पत्नी ने देव धर्माधिकारी और देव सेनापति के वीर्य धारण से यह सिद्ध कर दिया है कि उनमें गर्भधारण करने की शक्ति है। इन्द्र के वीर्य को सिद्ध, शक्तिशाली स्वीकार करें तो अच्छा है।' तब पाण्डु इन्द्र की बात को मानकर कुंती को नियोग के लिए तैयार करता है। इस प्रकार कुंती इन्द्र से अर्जुन को जन्म देती है।**

**पश्चात् पाण्डु और कुंती माद्री के लिए जुड़वा देव वैद्यों को नियोग के लिए चुनते हैं। वे कहते हैं हम जुड़वा हैं। हम एक दूसरे के बिना वैद्यक नहीं करते। वीर्यदान के लिए हम दोनों ही भाग लेंगे। इस प्रकार माद्री उन दोनों से जुड़वा बच्चों-नकुल और सहदेव को जन्म देती है।"[6]**

'पर्व' में पाण्डु की असमर्थता का कारण कोई शाप न होकर लौकिक - विशेषतः विवाहपूर्व अनियंत्रित कामाचार - बताया गया है। कुंती द्वारा नियोग प्रक्रिया में धर्माधिकारी, सेनापति और इन्द्र जैसे 'देव' महापुरुषों से संतान प्राप्ति को स्पष्ट रूप से सामाजिक प्रक्रिया की तरह दर्शाया गया है। हालांकि इसमें यह भी दिखाया गया है कि नियोग की मर्यादा को भंग कर, पात्रों में इच्छाएँ उभरती हैं, जिससे उनके चरित्र की छवि पर प्रश्नचिह्न लगता है।

### (iii) महासमर - नरेन्द्र कोहली

कोहली के महासमर में पाण्डु की कमज़ोरी को स्नायु-तंत्र की जन्मजात दुर्बलता बताया गया है। नियोग को वे धर्म और कर्तव्य के चश्मे से देखते हैं। कुंती और पाण्डु के संवाद में आपद्धर्म की व्याख्या करते हुए इस तथ्य को पुष्ट किया गया है कि नियुक्त श्रेष्ठ पुरुषों के माध्यम से देव-प्रदत्त संतान का विचार एक मान्य सामाजिक तर्क है। यहाँ कोई आकाशवाणी, चमत्कारी गर्भाधान या अलौकिकता नहीं दिखाई गई है।

इस प्रसंग में पाण्डु और कुंती के मध्य हुआ संवाद भारतीय समाज में उस समय प्रचलित धर्म, नीति और सामाजिक संरचना की गहरी समझ प्रदान करता है। यह उल्लेखनीय है कि 'नियोग' की प्रक्रिया केवल एक यांत्रिक विकल्प नहीं थी, बल्कि वह वैदिक और उत्तरवैदिक काल के सामाजिक अनुशासन का अंग थी। महाभारत के इस प्रकरण में व्याप्त तर्कबद्धता, नियोग को एक अनुशासित, मर्यादित और शास्त्रसम्मत विधि के रूप में प्रस्तुत करती है, न कि किसी नैतिक विचलन या असंयमित इच्छा की पूर्ति के रूप में। कुंती

द्वारा उपयोग किए गए मन्त्रों से उत्पन्न संतानें - यम, वायु और इन्द्र – प्रतीकात्मक रूप से न केवल चरित्रबल, पराक्रम और बुद्धिबल की विरासत हैं, बल्कि उस सामाजिक मानसिकता का भी प्रतिनिधित्व करती हैं, जहाँ संतान का उद्देश्य वंशवृद्धि से कहीं अधिक, सामाजिक और धार्मिक उत्तरदायित्व की पूर्ति होता है।

पाण्डु की स्थिति एक त्रासदी के रूप में नहीं, बल्कि धर्म-संकट के रूप में सामने आती है। उनका स्वयं को 'नपुंसक' के रूप में चिह्नित करना जैविक दुर्बलता का संकेत मात्र नहीं, बल्कि एक सामाजिक बाध्यता और मनोवैज्ञानिक यंत्रणा का भी प्रतीक है। नियोग की स्वीकृति, उस समय के न्याय और नैतिक बोध की उच्च परंपरा को प्रकट करती है, जिसमें 'आपद्धर्म' (संकट-कालीन धर्म) का पालन न केवल अनुमेय है, बल्कि आवश्यक भी माना गया है।

**"माद्री जैसे क्षण-भर को संकुचित हुई; फिर बोली, 'स्पष्ट कहने की अनुमति हो तो कहूँगी कि चाहिए तो मुझ रति-सुख भी; किन्तु व्यभिचार नहीं चाहती। अत: इन परिस्थितियों में केवल मातृत्व से ही संतोष कर लूँगी। मैं देखती हूँ कि माँ बनकर कुन्ती कितनी गरिमामयी हो गयी है।'**

**"मैं कुंती से चर्चा करूँगा।" पाण्डु उठते हुए बोला और कुटिया से बाहर चला गया।**

**माद्री खड़ी देखती ही रह गई शायद उसने पाण्डु को आहत कर दिया था। पाण्डु चलता ही जा रहा था निरुद्देश्य, लक्ष्यहीन उसे लग रहा था, वह पुनः उसी मन:स्थिति में पहुँच गया है, जिसमें कभी वह दिग्विजय हेतु निकल पड़ता था, कभी आखेटार्थ।"**[7]

इस प्रकार, यह प्रसंग महाभारत की यथार्थवादिता और सामाजिक उत्तरदायित्वबोध को रेखांकित करता है। इसे केवल पौराणिक आख्यान मानकर खारिज करना उस ऐतिहासिक-सांस्कृतिक पृष्ठभूमि की उपेक्षा होगी, जिसने इस विचारधारा को जन्म दिया। यहाँ संतानोत्पत्ति चमत्कार या चमत्कारी हस्तक्षेप का विषय नहीं, बल्कि धार्मिक रूप से मान्य सामाजिक नियमन का हिस्सा है, जो महाभारत को मिथकीय से अधिक तार्किक और दार्शनिक ग्रंथ के रूप में प्रतिष्ठित करता है।

## चरित्रों का नव-निर्माण और आलोचना

यह प्रवृत्ति दर्शाती है कि आधुनिक साहित्यिक रचनाओं में 'पुनर्पाठ' के नाम पर पारंपरिक ग्रंथों के पात्रों को समकालीन दृष्टिकोण से विश्लेषित करने का प्रयास प्रचलित होता जा रहा है, किंतु यह प्रयास अनेक बार मूल चरित्र की गहराई और सांस्कृतिक संवेदना की उपेक्षा करता है। कुंती, जो मूल महाभारत में त्याग, संयम और नैतिक कर्तव्य की प्रतिमूर्ति हैं, उन्हें मात्र देह-आकर्षण और सांसारिक लालसाओं से संचालित नारी के रूप में चित्रित करना उनके चरित्र की सूक्ष्मता को विकृत करता है।

'पर्व' जैसे उपन्यासों में स्त्री पात्रों को 'नए यथार्थ' के माध्यम से स्वतंत्रता की तलाश में

चित्रित करने का प्रयास अवश्य महत्त्वपूर्ण हो सकता है, परंतु जब यह चित्रण ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संदर्भों से कटकर किया जाता है, तो यह न केवल पाठकीय दृष्टिकोण को भ्रमित करता है, बल्कि साहित्यिक ईमानदारी पर भी प्रश्नचिह्न लगाता है। कुंती और इन्द्र के बीच संबंध को 'लंपटता' जैसे नैतिक मूल्यांकन से जोड़ना, उस पौराणिक युग के धार्मिक कर्म और नैतिक विधान की समग्रता को नज़रअंदाज़ करता है।

ऐसे में यह अपेक्षित है कि आधुनिक लेखक एवं आलोचक प्राचीन पात्रों के पुनर्निर्माण के प्रयासों में वैचारिक विवेक और संदर्भबोध बनाए रखें। केवल आधुनिक संवेदनाओं या विचारधारात्मक आग्रहों के चलते पौराणिक पात्रों की छवि को तोड़ना एक सांस्कृतिक विरासत के प्रति अविवेकपूर्ण रवैया बन सकता है। कुंती जैसे चरित्रों की गरिमा, मनोवैज्ञानिक जटिलता और उनके नैतिक-धार्मिक संकल्पों को समुचित सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य में विश्लेषित कर प्रस्तुत करना ही संतुलित और उत्तरदायी पुनर्पाठ की कसौटी है।

## मूल और आधुनिक दृष्टिकोणों में प्रमुख अंतर

मूल महाभारत और आधुनिक उपन्यासों के दृष्टिकोणों में स्पष्ट भिन्नता परिलक्षित होती है। मूल कथा में जहाँ घटनाएँ आस्थाजन्य और धार्मिक रूप से स्वीकृत हैं, वहीं आधुनिक उपन्यासों में इनका लौकिकीकरण हुआ है। शाप को स्नायु दुर्बलता से, मंत्र को सामाजिक व्यवस्था से और देवताओं को नियुक्त मानव पात्रों के रूप में व्याख्यायित किया गया है। मूल कथा की आकाशवाणियाँ, चमत्कारी जन्म, व्रत-पूजा आदि को या तो हटाया गया है, या प्रतीकात्मक बना दिया गया है। सबसे महत्त्वपूर्ण यह है कि आधुनिक लेखक, पात्रों की मनोदशा और नैतिक द्वंद्वों को गहराई से विश्लेषित करते हैं, जबकि मूल कथा में पात्र अधिक स्थिर और मर्यादित हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि जहाँ महाभारत आस्था और प्रतीकों का ग्रंथ है, वहीं आधुनिक साहित्यकार उसे सामाजिक और मनोवैज्ञानिक यथार्थ की दृष्टि से पुनर्परिभाषित करते हैं।

## निष्कर्ष

पंच पाण्डवों का जन्मवृत्तांत केवल एक पौराणिक कथा नहीं, अपितु भारतीय धार्मिक, सांस्कृतिक तथा सामाजिक चिंतन की गूढ़ परतों को उद्घाटित करने वाला एक महत्त्वपूर्ण प्रसंग है। महाभारत जैसे महाकाव्य में यह कथा धर्म, मर्यादा, कुल परंपरा और ईश्वर की इच्छा के समन्वित प्रतीक रूप में प्रस्तुत होती है। यद्यपि यह प्रसंग अलौकिक घटनाओं से युक्त है, फिर भी इसकी अंतर्धारा भारतीय समाज में परिवार, स्त्री-पुरुष संबंध, उत्तरदायित्व और नैतिकता की व्याख्या करती है। आधुनिक लेखकों द्वारा जब इस प्रसंग की पुनर्व्याख्या की जाती है, तो वे इसे सामाजिक यथार्थ, नैतिक द्वंद्व और स्त्री की भूमिका जैसे नवीन विमर्शों के संदर्भ में प्रस्तुत करते हैं। इससे कुछ नवीन दृष्टिकोण तो प्राप्त होते हैं, परंतु कभी-कभी यह प्रवृत्ति मूल पात्रों की गरिमा, प्रतीकात्मकता और सांस्कृतिक महत्त्व को क्षीण

भी करती है। इसलिए आवश्यक है कि पौराणिक आख्यानों की पुनर्व्याख्या करते समय साहित्यकारों में तर्कशीलता, ऐतिहासिक चेतना और सांस्कृतिक श्रद्धा का समुचित संतुलन हो, जिससे न तो परंपरा का अपमान हो और न ही आधुनिक बौद्धिकता का बहिष्कार।

❑❑❑

## संदर्भ सूची


1. https://bharatdiscovery.org/india/पांडव
2. श्रीमन्महर्षि वेदव्यासप्रणित महाभारत, (प्रथम खण्ड), संस्करण-2015, गीता प्रेस, गोरखपुर, पृष्ठ सं-44
3. मनुस्मृति, अध्याय 9, श्लोक 59-63 https://gyaandweep.com/manusmriti/9/
4. History of Dharmasastra (Vol. II, Bhandar Oriental Research Institute, Poona, Year-1941, Pg- 461
5. कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी, कृष्णावतार, महामुनि व्यास, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण-2016, पृष्ठ सं- 205
6. भैरप्पा, पर्व, किताबघर प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण-2021, पृष्ठ सं- 66-88
7. नरेन्द्र कोहली, महासमर-1 (बन्धन), वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, पृष्ठ सं- 442

विद्वत वाणी
अंतर्राष्ट्रीय त्रैमासिक शोध पत्रिका
ISSN : 3048-9547 (Print)
Volume - 1 - 2024, Issue - 4

"VIDWAT VANI"
Quarterly International Peer Reviwed Refereed Journal
Starting Year - 2024
April to June - 2025



**प्रो. (डॉ.) राजमोहिनी सागर**

हंसराज महाविद्यालय
(हिंदी विभाग)
दिल्ली विश्वविद्यालय
दिल्ली-110007
संपर्क
rajmohini.hrc@gmail.com

# सुमित्रानंदन पंत के काव्य पर महर्षि अरविन्द का प्रभाव

**शोध सारांश**

सुमित्रानंदन पंत के काव्य पर महर्षि अरविन्द का प्रभाव अत्यंत गहरा और व्यापक रूप में देखा जा सकता है। पंत के काव्य की प्रारंभिक प्रकृति सौंदर्य और प्रकृति प्रेम पर आधारित थी, परंतु 'स्वर्ण किरण' के बाद उनकी रचनाओं में अध्यात्म, आत्मचेतना, दिव्यता तथा ब्रह्म साक्षात्कार की दिशा स्पष्ट रूप से उभरती है। महर्षि अरविन्द के विभिन्न सिद्धांतों ने पंत की काव्य-दृष्टि को एक नई दिशा दी। उनके काव्य में न केवल आत्मा और प्रकृति का गहन संबंध दिखाई देता है, बल्कि मानवता के सार्वभौमिक कल्याण की कामना भी प्रकट होती है। 'श्री अरविन्द दर्शन', 'स्वर्ण किरण', 'स्वर्ण धूलि' जैसे काव्य-संग्रहों में यह प्रभाव सर्वाधिक स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। यह शोध इस बात को प्रमाणित करता है कि पंत की काव्य चेतना को महर्षि अरविन्द की दार्शनिकता ने आध्यात्मिक ऊँचाई प्रदान की और उनकी कविताओं को एक समन्वित, सार्वभौमिक तथा मानवतावादी स्वरूप दिया। इस प्रकार सुमित्रानंदन पंत के काव्य में महर्षि अरविन्द के दर्शन का प्रभाव केवल वैचारिक नहीं, बल्कि उनकी रचनात्मक चेतना का आधार बन जाता है।

**बीज शब्द**

1. सुमित्रानंदन पंत 2. श्री अरविन्द दर्शन 3. संस्कृति
4. आध्यात्मिक अनुभूति 5. आत्मचेतना 6. स्वर्ण किरण
7. स्वर्ण धूलि 8. पूर्ण योग 9. विश्वमानव

**मूल शोध**

सुमित्रानंदन पंत हिंदी साहित्य के छायावादी युग के प्रमुख कवि

माने जाते हैं। उनका जन्म 20 मई 1900 को उत्तराखंड के नागेश्वर जिले के कौसानी गाँव में हुआ था। 'प्रकृति के सुकुमार व्यक्ति' कहे जाने वाले सुमित्रानंदन पंत ने अपनी कविताओं में प्रकृति, सौंदर्य, प्रेम और मानवता जैसी कोमल भावनाओं को अभिव्यक्ति प्रदान की।

प्रकृति प्रेमी सुमित्रानंदन पंत के काव्य का विकास तीन प्रमुख चरणों में विभक्त हुआ। अपनी प्रारंभिक रचनाओं में पंत जी रोमांटिक अंग्रेज़ी कवियों जैसे वर्डस्वर्थ, शैली, कीट्स आदि से प्रभावित हुए, तो वहीं दूसरे चरण में छायावादी कल्पनाओं से बाहर निकलकर मार्क्सवादी विचारधारा को प्रधानता देते हुए अपने काव्य में संघर्ष, शोषण आदि विषयों को मुखरता प्रदान की। तीसरे चरण में पंत जी श्री अरविन्द के योग दर्शन, आत्मचेतना और दिव्यता के विचारों से प्रभावित हुए। अपने जीवन के अंतिम वर्षो में उन्होंने समन्वयवादी दृष्टिकोण को महत्ता प्रदान की।

महर्षि अरविन्द और सुमित्रानंदन पंत दोनों ही भारतीय साहित्य और संस्कृति के महान हस्ताक्षर हैं। श्री अरविन्द (अरविन्द घोष) आधुनिक भारत के एक महान योगी, दार्शनिक और राष्ट्रवादी नेता थे। उनका दर्शन 'इंटीग्रल योग' (पूर्ण योग) पर आधारित था। जिसमें भौतिकता और आध्यात्मिकता के समन्वय द्वारा मानव को एक दिव्य सत्ता की ओर उन्नत करना था। उनका विश्वास था कि मानव, शरीर, मन और आत्मा के माध्यम से ब्रह्म की चेतना को प्राप्त कर सकता है। वे जीवन को आध्यात्मिक साधना का क्षेत्र मानते थे, जहाँ मनुष्य का लक्ष्य केवल मुक्ति नहीं, बल्कि दिव्यता की अनुभूति इसी धरती पर साकार करना है। महर्षि अरविन्द के इन्हीं विचारों को सुमित्रानंदन पंत जी ने अपने काव्य में आत्मसात करते हुए आध्यात्मिक चेतना, आत्मा की खोज और ब्रह्म तत्त्व की अनुभूति को उजागर किया।

सुमित्रानंदन पंत के काव्य में महर्षि अरविन्द का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। पंत जी का प्रकृति प्रेम, मानव के आंतरिक और बाह्य जगत का चित्रण तथा आध्यात्मिक सौंदर्य के खोज की प्रवृत्ति महर्षि अरविन्द के दर्शन से प्रभावित है। इसके साथ ही महर्षि अरविन्द के 'विश्वमानव' और पूर्णयोग' के विचार पंत जी के काव्य में सरलता से प्राप्त होते हैं।

पंत के काव्य में प्रकृति का मानवीकरण और सौंदर्यबोध अरविन्द के आध्यात्मिक दर्शन से प्रभावित है। महर्षि अरविन्द प्रकृति को एक दिव्य शक्ति के रूप में देखते थे। पंत ने भी अपने काव्य में प्रकृति को उसी दिव्य शक्ति के रूप में चित्रित किया है। आध्यात्मिक सौंदर्य की खोज में पंत की कविताओं में एक ऐसी दुनिया है, जहाँ मनुष्य और प्रकृति एक हो जाते हैं। यह गुण पंत ने अरविन्द दर्शन से ही ग्रहण किया है, जहाँ मनुष्य को अपने आंतरिक और बाह्य जगत को एक साथ अनुभव करने का आग्रह किया जाता है।

पंत के जीवन में 'स्वर्ण किरण' काव्य-संग्रह से नई जीवन दृष्टि का आरंभ हुआ। इस काव्य-संग्रह को लिखने से पूर्व ही कवि, महर्षि अरविन्द दर्शन के सिद्धांतों के अनुगामी बन चुके थे। इस

संग्रह से पूर्व कवि लम्बे समय तक बीमार रहे। लेकिन फिर भी वह इस दुःख को सहते हुए काव्य-साधना करते रहे। इसके माध्यम से पंत स्पष्ट करना चाहते हैं कि जग-जीवन को देखने के लिए मनुष्य के पास 'बुद्धि' से आगे भी एक मार्ग है, जिसे सहज स्फुरण का मार्ग, सूक्ष्म प्रेरणा का मार्ग, दिव्य चेतना का मार्ग आदि संज्ञा दी जा सकती है। काव्य-संग्रह के विषय में पंत ने लिखा है कि-'आत्मतत्त्व को पहचानना तथा उसके कल्याण के लिए आगे बढ़ना, मानसिक शांति से व्यक्ति को समृद्ध बताने की बात हमारे उपनिषदों ने बताई है, उसी बात को महर्षि अरविन्द ने अपनी नूतन दृष्टि से तथा संपूर्ण विश्वकल्याण की भावना के साथ उभारा है। इस काव्य-संग्रह की प्रथम कविता 'अभिवादन' में पंत ने नई उमंग और आशा का स्वागत करते हुए लिखा है-

**'हँसी, लो, स्वर्ण किरण**
**शिखर आलोक वरण!**
**विचरती स्वर्ण किरण**
**धरा पर ज्योति चरण!**
**खुला अब ज्योति द्वार**
**उठा नव प्रीति ज्वार**
**सृजन शोभा अपार!**
**कौन करता अभिसार**
**धरा पर ज्योति भरण**
**हँसी लो, स्वर्ण किरण!"[1]**

कविता के अनुसार धरती पर स्वर्ण किरण का आगमन हो चुका है। सारी सृष्टि जिसकी प्रतीक्षा कर रही थी, वह घड़ी अब आ चुकी है। 'अभिसार' शब्द का प्रयोग कवि ने मिलन के अर्थ में किया है। कुछ ऐसा ही भाव कवि ने 'सम्मोहन' कविता में व्यक्त किया है। ये कविता आध्यात्म परिपूर्ण है-

**'जादू बिछा दिया इस भू पर!**
**तुमने सोने की किरणों की**
**जीवन हरियाली बो बो कर!"[2]**

यहाँ पर 'जादू' शब्द का प्रयोग कवि ने आकर्षण के लिए किया है। महर्षि अरविन्द की मुख्य विशेषता जन-जन का कल्याण करना रही है। इस भाव को कवि ने प्रस्तुत करते हुए लिखा-

**'प्रणय दृष्टि दे दी नयनों को**
**प्राणों में संगीत दिया भर**
**स्वर्ण कामना का घूँघट नव**
**डाल धरा के मुख पर सुदर!"[3]**

यहाँ प्रणय की अपार-शक्ति की बात की गई है। कवि ने 'धरती' के कल्याण के माध्यम से 'मानव जगत' के कल्याण को सूचित किया है-

**"निज जीवन का कटु सघर्षण**
**भूल गया यह मानव अतर**
**जग जीवन के नव स्वप्नों की**
**ज्योति वृष्टि में स्नान कर अमर!"[4]**

अब इंसान अपने समस्त दुखों और संतापों को भूल चुका है। व्यक्तिगत संघर्षों को एक ओर रखकर अब इंसान विश्व कल्याण के मार्ग में आगे बढ़ रहा है। वह उस 'परम चेतना' की 'ज्योति वृष्टि' में स्नान कर रहा है, जो परोपकार के लिए प्रेरित करता है। इस कविता में पंत झूठ के अंधकार

से सच के परम प्रकाश की ओर जाने का संदेश दे रहे हैं। कवि ने अमृतत्त्व को साधना मार्ग माना है।

इस साधना के अनुसार हमारा जीवन मृत्यु के उस पार जा सकता है, अर्थात् जहाँ आत्मा का कल्याण है, वहीं पर हमें जाना है। इस प्रकार इस कविता में कवि ने व्यक्तित्त्व के निर्माण को महत्त्व देते हुए सामाजिक जीवन की सभी समस्याओं को मिलकर सुलझाने की बात कही।

'भू-प्रेमी' कविता में पंत ने महर्षि अरविन्द के रूपांतर सिद्धांत को व्यक्त किया है। इसमें आंतरिक रूपांतरण की बात कही गई है।

**"अन्तर का रूपांतर हो औ' बाह्य विश्व का रूपांतर नव चेतना विकास धरा को स्वर्ग बना दे चिर सुदर!"**[5]

आंतरिक रूपांतर के साथ विश्व का बाह्य रूपांतरण भी होगा। इस प्रक्रिया से धरती स्वर्ग बन जाती है।

**"जन मन के विकास पर निर्भर सामाजिक जीवन निश्चित**
**संस्कृति का भू स्वर्ग अमर आत्मिक विकास पर अवलंबित"**[6]

कवि के अनुसार मनुष्य के मानसिक विकास के साथ ही सामाजिक जीवन में बदलाव देखने को मिल सकता है। जब आत्मा के स्तर पर इंसान का विकास होगा, तब जाकर इस पृथ्वी पर स्वर्ग आ पाएगा। तब आत्मा के विकास के लिए साधनापथ पर चलना बहुत ही ज़रूरी होगा।

महर्षि अरविन्द दर्शन के महत्त्वपूर्ण प्रभाव को स्वीकार करते हुए पंत जी ने कहा था कि- **"अपनी नवीन अनुभूतियों के लिए जिन्हें मैं अपनी सृजन-चेतना का स्वप्न संचरण या काल्पनिक आरोहण समझता था, मुझे किसी प्रकार के बौद्धिक तथा आध्यात्मिक अवलम्बन की आवश्यकता थी। इन दिनों मेरा परिचय महर्षि अरविन्द के भागवत् जीवन से हो गया। उसके प्रथम खण्ड को पढ़ते समय मुझे ऐसा लगा, जैसे मेरे अस्पष्ट स्वप्न चिंतन को सुस्पष्ट, सुगठित और पूर्ण दर्शन के रूप में देख लिया हो। 'स्वर्ण किरण' और उसके बाद की रचनाओं में यह प्रभाव स्पष्ट है।"**[7]

'स्वर्णिम पराग' कविता में पंत ने मानसिक विकास के लिए 'स्वर्णिम पराग' शब्द का प्रयोग किया है। 'द्वा सुर्पणा' कविता एक लम्बी कविता है। जिसमें 'प्रकृति वर्णन' का सहारा लेते हुए 'उषा' के आगमन की घोषणा की है-

**"दो पक्षी हैं सहज सखा, संयुक्त निरंतर**
**दोनों ही बैठे अनादि से उसी वृक्ष पर!"**[8]

यानि, मैं इस जगत में तनिक भी अकेला नहीं। मैं समग्र विश्व का प्रतिनिधित्व कर रहा हूँ। सारे विश्व के कल्याण में मेरा कल्याण समाया हुआ है। समग्र मानव समाज जब इसी प्रकार की एकता एवं सामूहिक जीवन की बात करेगा, उस समय समग्र विश्व में मंगलमय वातावरण खड़ा हो जाएगा।

'व्यक्ति और विश्व' कविता में कवि ने इस ओर संकेत किया है-

**'मेरे भीतर परिभ्रमित ग्रह,**
**उदित अस्त शशि दिनकर,**
**मैं हूँ सबसे एक, एक रे**
**मुझसे निखिल चराचर!**
**कब से हो जग से वियुक्त**
**मेरा अतंर था पीड़ित**
**आज खड़ा भाई बहिनों के**
**सँग मैं चिर आनंदित।"[9]**

'आवाहन' कविता में पंत उस परमचेतना का आह्वान कर रहे हैं, जिससे समस्त विश्व ऊर्जावान होता है। इस कविता में कवि सच्ची अभीप्सा से परमचेतना की प्रार्थना करते हैं। साथ ही साथ 'नूतनविश्व' के संकल्प को भी प्रस्तुत करते हैं-

**'सृजन करो नूतन मन!**
**खोल सके जो ग्रंथि हृदय की**
**उठा सके संशय गुठन**
**आँक सके जो सूक्ष्म नयन से"[10]**

पंत कहते हैं कि हे प्रभु, हमारे अंदर नूतन मन की सूक्ष्म दृष्टि का प्रसार करो। हृदय-हृदय के बीच की ग्रंथियों को खोलकर हमें एक कर दीजिए। कविता में कवि ने इंसान के व्यक्तिगत जीवन में स्वार्थपूर्ण भावना को स्पष्ट किया है। उनके अनुसार इंसान व्यक्तिगत दृष्टि से स्वर्ग की कामना करता है। वह संपत्ति की कामना करता है। किन्तु अब समग्र मानव जाति को संपन्न बनाने की प्रार्थना करने की आवश्यकता है-

**"प्रार्थी आज निखिल मानवता,**
**उठे मृत्यु से वह ऊपर।"[11]**

आज समग्र मानवता प्रार्थना करती है कि- हम सबको मृत्यु से ऊपर उठाकर अमृत की ओर ले चलो। इस प्रकार के सामूहिक प्रयास से विश्व का कल्याण निश्चित हो सकता है। 'निवेदन' कविता में भी कवि ने इसी विनम्रता के साथ आत्मनिवेदन निवेदित करते हुए कहा है-

**रंग दो मेरे उर का अंचल!**
**युग युग के आँसू से गीला**
**मेरा स्नेही का अंतस्तल!"[12]**

यहाँ पंत का साहस देखते ही बनता है। वह प्रार्थना के स्वर में कहते हैं कि मेरा पथ भले ही अनन्त पथ रहा हो पर मैं कभी भी नहीं थकूँगा, क्योंकि कवि को प्रभु की 'चिर प्रतीति' हो चुकी है। इसलिए मैं तुम्हारा आधार सदैव ग्रहण करके आगे बढ़ता रहूँगा। 'श्री अरविन्द दर्शन' पंत की एक महत्त्वपूर्ण कविता है। इसमें कवि ने महर्षि अरविन्द के प्रति स्वयं को समर्पित किया है। कविता के आरंभ में पंत ने प्रणाम करते हुए लिखा है-

**'ज्योति श्री अरविन्द, चेतना के दिव्योत्पल,**
**पूर्ण सच्चिदानंद, रूप शोभित स्वर्णोज्वल!'**
**अति मानस में विकसित तुम आलोक हसित दल,**
**ओतप्रोत जिसमें असीम आनंद, रजत-जल!"[13]**

यहाँ कवि ने 'अति मानस' चेतना के ज्योतिर्धर महर्षि अरविन्द को प्रणाम करके उस स्वरूप को 'पूर्ण सच्चिदानंद' कहकर पुकारा है, जो मनुष्य की चेतना में संपूर्ण आनंद भर देता है। इसके आगे की पंक्तियों में पंत ने गुरुभक्ति की महिमा का गान किया है।

**"स्तर पर स्तर कर पार चेतना के, योगेश्वर,**
**स्वर्णारुण से नव्योदित तुम चिदाकाश पर!**
**मानव से ईश्वर, ईश्वर से मानव बन कर,**
**आए लौट धरा पर, ले नव जीवन का वर!"[14]**

पंत ने महर्षि को चेतना के योगेश्वर भगवान कहकर बुलाया है। उन्हें मन के गहन स्तरों को पार करके चिदाकाश में स्वर्ण अरुण का नव उदय होने का कारण कहा है। महर्षि से कुछ ऐसा उपाय करने की विनती की है, जो भगवान से इंसान बनकर इस धरती पर लौटे हो। आप हमारे लिए नवजीवन का वरदान लेकर आए हैं-

**"दूत दिव्य जीवन के, दिव्य तुम्हारा दर्शन,**
**अति, मानस का स्पर्श, प्राण मन करता चेतन!**
**मानव कर प्रच्छन्न तुम्हारा नव पद्मासन,**
**तन मन प्राण हृदय ये तुमको देव समर्पण!"[15]**

पंत कहते हैं कि हे महात्मा आपका दर्शन दिव्य है। आपका जीवन भी दिव्य है। अति मानस की चेतना का स्पर्श पाकर हमारे प्राण और मन को चेतनावान बना दिया है। इंसान के हृदय पर ही आपने पद्मासन लगा रखा है। आज मैं अपना तन, मन, प्राण, हृदय सबकुछ तुमको समर्पित करता हूँ।

श्री अरविन्द दर्शन, 'स्वर्ण धूलि' काव्य-संग्रह की काव्य-यात्रा का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है। इस काव्य-संग्रह में कवि का समर्पण अपने चरम तक बढ़ा है। यह 'काव्य-संग्रह' विषय-वैविध्य से भरपूर है। सन् 1940 से सन् 1947 तक कवि ने गंभीर चिंतन-मनन किया। यह उसी चिंतन का फल था कि 'स्वर्ण धूलि' प्रकाश में आया। ये 'स्वर्ण किरण' के बाद की रचना है। इसमें उसी चिंतनधारा को प्रवाहित किया गया है, जो 'स्वर्ण किरण' में थी। इस काव्य-संग्रह में कल्पना और अनुभूति की मात्रा समान रूप से प्रस्तुत हुई है। इसमें वेदों और उपनिषदों की आर्षवाणी को कवि ने अपने स्वर में नया रूप प्रदान किया है।

इस काव्य-संग्रह के आरंभ में पंत ने उस अविनाशी ब्रह्म को पुकारा है, जो सबका कल्याण कर सकता है। प्रेमभाव से प्रार्थना के साथ कवि ने ऋषियों की वाणी को अपना स्वर दिया है। इस संग्रह की प्रथम कविता का शीर्षक 'स्वर्ण धूलि' है। इस कविता में कवि ने इंसान की युगों पुरानी प्यास को व्यक्त करने का प्रयास करते हुए लिखा है-

**"स्वर्ण बालुका किसने बरसा दी, रे जगती के मरूस्थल में"[16]**

यहाँ पर विस्मय के साथ कवि ने पूछा है कि इस जगत में मरूस्थल में किसने स्वर्ण धूलि को बरसाया है। इसके बरसने से सूखी धरती पर अमृत की वर्षा हुई है। इंसान एक-दूसरे का सहयोगी बन गया है। नाम, रूप के आदि के सारे भेद मिट गए हैं। सबके हृदय में 'नव अंकुरण' उत्पन्न हो गया है। स्वर्ण धूलि के बरसने से इंसान मंगलमयी हो गया है।

'काल अश्व' कविता में पंत ने अन्न, प्राण और मन तीनों के महत्त्व को स्थापित किया है।

**"अर्न्तद्रष्टा ऋषि, त्रिकालदर्शी जो कविगण,**
**इस पर करते धीर विपश्चित ही आरोहण।"[17]**

कवि के अनुसार जो ऋषि अंतरदृष्टि या त्रिकालदर्शन को जानने वाला है, तो वह कविगण इस पर सवार होकर धीरता के साथ आरोहण करते हैं। कवि के अनुसार इस समय को वे जीत सकते हैं, जो-

**"बहिरंतर जो निज को कर सकते संयोजित,**
**नहीं व्यापती काल अश्वगति उनको निश्चित।**
**अथवा जो निर्द्वन्द्व, शुद्ध, निर्लिप्त, ऊर्ध्वचित**
**दिव्य तुरंग पर चढ़, जाते वे पार आत्मजित्।"**[18]

'देव' कविता में कवि ने इंसान को 'देव' बनने का आग्रह किया है। 'हे इंसान' तुम अपने भीतर 'देवत्व' को जागृत करके विनम्र बनकर उसकी 'कृपा' को ग्रहण करो तथा मानवता के लिए उसे समर्पित भी करते रहो। इंसान-इंसान के साथ चलकर सबके हित के लिए बोलें और संगठित हों। सब साथ मिलकर 'सत्य' का चिंतन करके समान गुणों को अर्जित कर सहयोग से तुम देवों के तुल्य बनो।

**"व्रत से दीक्षा, दीक्षा से दक्षिणा ग्रहण कर,**
**उससे श्रद्धा, श्रद्धा से कर प्राप्त सत्य वर**
**ऋतंभरा प्रज्ञा से भर निज ज्योतित अन्तर**
**तुम देवों के योग्य बनो, औ' मर्त्य से अमर।"**[19]

कवि कहते हैं कि हे इंसान तुम व्रत का पालन करके दीक्षा को ग्रहण करो। दीक्षा के बाद तुम महात्मा की कृपा को ग्रहण कर श्रद्धा प्राप्त करो, श्रद्धा से वरदान प्राप्त करके 'चेतना' को ग्रहण कर, देवों के योग्य बनो। ऐसा करके तुम मृत्यु से ऊपर उठकर अमर बन जाओ। 'पुरुषार्थ' कविता में पंत ने पुरुषार्थ पर विशेष बल दिया है। इंसान स्वयं अपने प्रयास से ऊपर उठ सकता है-

**"कभी न पीछे हटने वाले ही पाते जय,**
**बहिरंतर के ऐश्वर्यों का करते संचय।"**[20]

कवि के अनुसार जो सही मार्ग पर चलने से पीछे नहीं हटते, ऐसे लोग ही विजय और ऐश्वर्य को प्राप्त करते हैं। पंत कहते हैं कि हमें शुद्धचित्त बनकर अपनी व्यक्तिगत लालसाओं को छोड़कर विश्वयज्ञ में सम्मिलित होना चाहिए। हमें दुर्बल और पीड़ित व्यक्ति की सहायता करनी चाहिए। 'अंगल स्तवन' कविता की अंतिम पंक्तियों में कवि ने महाशांति की स्थापना का आह्वान किया है-

**"स्वर्ग शांति दे, अन्तरिक्ष दे शांति निरंतर**
**पृथ्वी शांति, शांति जल, औषधि शांति दे अजर।**
**शांति, शांति दे हमें शांति हो व्यापक उज्ज्वल**
**शांति धाम यह धरा बने, हो चिर जन-मंगल।"**[21]

'साधना' कविता में पंत ने सृष्टि के कण-कण में शांति के लिए परमात्मा की प्रार्थना की है।

**"जीवन की साधना**
**असफल जो सफल बना**
**सिद्धि सही चिर तपना।**
**जीवन की साधना**
**विपदाएँ**
**दुराशाएँ**
**नष्ट मुझे कर जाएँ**
**भ्रष्ट न हो पथ अपना।"**[22]

जीवन की साधना निरंतर चलती रहती है। यह साधना असफलता में भी चलती रहती है। ऐसे लोग तपते रहते हैं और सिद्धि को प्राप्त करते रहते हैं। इनके जीवन में चाहे कितनी ही विपत्ति आ जाए, लेकिन ये लोग इसके बाबजूद साधना पथ पर ही चलते रहते हैं। 'प्रेम मुक्ति' कविता में पंत ने प्रेम का गीत गाया है।

पंत ने महर्षि का ऋण स्वीकार करते हुए कहा है कि आपने मुझे अमरचेतना का दान दिया है; जिसने मुझे आपकी ओर आकर्षित किया है। पंत कहते हैं कि यदि मैं तुम्हारी ओर नहीं आता, तो मेरी क्या सार्थकता थी कि मैं ऐसी काव्य रचना कर सकता। 'प्रणाम' कविता में कवि ने महर्षि अरविन्द को प्रणाम करते हुए कहा है कि-

> **"श्री अरविन्द, सभक्ति प्रणाम।**
> **दिव्य जगत जीवन के वर द्विज**
> **चिदानंद के स्वर्णिम मनसिज,**
> **ज्योति धाम,**
> **सज्ञान प्रणाम।"[23]**

उपर्युक्त पंक्तियों में पंत ने महर्षि अरविन्द को 'चिदानंद के स्वर्णिम मनसिज, ज्योति धाम' कहकर संबोधित किया है। कवि कहते हैं कि मैं भक्ति के साथ आपको प्रणाम करता हूँ। विश्वात्मा के नए विकास जनक तुम्हें प्रणाम ज्ञान, भक्ति, श्री एवं परमचेतना के प्रकाश तुम्हें प्रणाम है। अपने दिव्य तपोबल से इस धरती को अमृत बनाने वाले 'श्री ललाम' तुम्हें बारम्बार प्रणाम है। कवि के अनुसार आधुनिक युग की समस्त समस्याओं का समाधान महर्षि अरविन्द के दर्शन द्वारा सहज ही संभव है। 'स्वर्ण धूलि' काव्य-संग्रह में पंतजी लिखते हैं-

> **"मेरा दृढ़ विश्वास है कि केवल राजनीतिक, आर्थिक हलचलों की बाह्य सफलताओं के द्वारा ही इंसान जाति के भाग्य का निर्माण नहीं किया जा सकता। इस प्रकार के सभी आंदोलनों को परिपूर्णता प्रदान करने के लिए संसार में एक व्यापक सांस्कृतिक आंदोलन को जन्म लेना होगा, जो इंसान चेतना के राजनीतिक, आर्थिक, मानसिक तथा आध्यात्मिक संपूर्ण धरातलों में मानवीय संतुलन तथा सामंजस्य स्थापित कर आज के जनवाद को विकसित इंसानवाद का स्वरूप दे सकेगा। भविष्य में मनुष्य के आध्यात्मिक तथा राजनीतिक संचरण प्रचलित शब्दों में धर्म-अर्थ-काम अधिक समन्वित हो जायेंगे और उनके बीच का व्यवधान मिट जाएगा। अथवा राजनीतिक आंदोलन, सांस्कृतिक आंदोलनों में बदल जायेंगे, जिसका पूर्वाभास इस युग की सीमाओं के भीतर 'महर्षि अरविन्द और 'महात्माजी' के व्यक्तित्व में मिलता है।"[24]**

कवि के अनुसार हमारी कठिनाइयों का वास्तविक कारण हमारी एकांगी शिक्षा और सदियों की राजनीतिक पराधीनता, पश्चिमी विचार, दर्शन एवं साहित्यिक दासता है। आज का बुद्धिजीवी युवक विदेशी संस्कृति से बाहर ही बाहर प्रभावित है। वह अपने देश के विराट ज्ञान भंडार से प्रायः अपरिचित-सा है। वह समझता है कि भारत की समस्त आध्यात्मिकता और दर्शन पूर्व

की सामन्ती परिस्थितियों का प्रकाश मात्र है, जिसकी इस आधुनिकता में कोई उपयोगिता नहीं है। महर्षि अरविन्द के प्रति श्रद्धाभाव प्रकट करते हुए पंत ने लिखा कि-"**अपनी अस्वस्थता के बाद मुझे 'कल्पना' चित्रपट के संबंध में मद्रास जाना पड़ा और मुझे पांडिचेरी में महर्षि अरविन्द के दर्शन करने तथा 'महर्षि अरविन्द आश्रम' के निकट संपर्क में आने का सौभाग्य भी प्राप्त हो सका। इसमें संदेह नहीं कि महर्षि अरविन्द के दिव्यजीवन दर्शन से मैं स्वभावतः प्रभावित हुआ हूँ। महर्षि अरविन्द आश्रम के योगयुक्त (अन्तः संगठित) वातावरण के प्रभाव से ऊर्ध्व मान्यताओं संबंधी मेरे कई संदेह मिट गए। 'स्वर्ण किरण' तथा उसके बाद की रचनाओं में ये प्रभाव मेरी सीमा के भीतर ही किसी-न-किसी रूप में प्रत्यक्ष हुआ है।**"[25]

## निष्कर्ष

निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि सुमित्रानंदन पंत के काव्य पर महर्षि अरविन्द दर्शन का व्यापक प्रभाव दिखाई देता है। 'महर्षि अरविन्द दर्शन' के आधार पर पंत के काव्य का समग्र अध्ययन करने पर ज्ञात होता है कि पंत की कविताओं में महर्षि अरविन्द का प्रभाव व्यापक और सर्वग्राही रूप में पड़ता रहा। इस प्रभाव के परिणामस्वरूप कवि की कविताओं में मानवीय जीवन की एक ऐसी छवि दृष्टिगोचर होती है, जो मानवीय संवेदनाओं को भीतर से सबलता प्रदान करती है। ये भावनाएँ तन, मन, धन आदि सभी स्तरों पर घटित होते हुए आध्यात्म के चरम बिन्दु तक जाती हैं। भावनाओं की व्यापकता में संस्कृति और संस्कार सदैव उपस्थित रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि महर्षि अरविन्द के दिव्य जीवन से पंत स्वभावतः प्रभावित हुए होंगे। महर्षि अरविन्द आश्रम के योगयुक्त वातावरण के प्रभाव से ऊर्ध्व मान्यताओं संबंधी कवि के कई संदेह भी मिटे रहे।

पंत ने महर्षि अरविन्द को समकालीन युग की अत्यंत महान एवं अतुलनीय विभूति माना है। उनके जीवन-दर्शन से कवि ने पूर्ण संतोष प्राप्त किया। एक ओर जहाँ पंत उनसे अधिक व्यापक, ऊर्ध्व व्यक्तित्व में आध्यात्म का सूक्ष्म, सत्य, नवीन ऐश्वर्य और बुद्धिग्राह्य रुप देखते थे, वहीं दूसरी ओर विश्वकल्याण के लिए वह श्री अरविन्द की देन को इतिहास की सबसे महत्त्वपूर्ण देन मानते थे। अतः श्री अरविन्द ने पंत जी को तन से, मन और शरीर से लेकर आत्मा तक प्रभावित कर रखा था।

❑❑❑

## संदर्भ सूची

1. 'स्वर्ण किरण' काव्य-संग्रह, सुमित्रानंदन पंत, 'अभिवादन' कविता, भारती भंडार, इलाहाबाद, प्रथम संस्करण-2004, पृष्ठ सं- 12, 13
2. 'स्वर्ण किरण' काव्य-संग्रह, सुमित्रानंदन पंत, सम्मोहन कविता, भारती भंडार, इलाहाबाद, प्रथम संस्करण-2004, पृष्ठ सं-14
3. 'स्वर्ण किरण' काव्य-संग्रह, सुमित्रानंदन पंत, सम्मोहन कविता, भारती भंडार, इलाहाबाद, प्रथम संस्करण-2004, पृष्ठ सं-14

4. 'स्वर्ण किरण' काव्य-संग्रह, सुमित्रानंदन पंत, सम्मोहन कविता, भारती भंडार, इलाहाबाद, प्रथम संस्करण-2004, पृष्ठ सं-14
5. 'स्वर्ण किरण' काव्य-संग्रह, सुमित्रानंदन पंत, भू-प्रेमी कविता, भारती भंडार, इलाहाबाद, प्रथम संस्करण-2004, पृष्ठ सं- 57
6. 'स्वर्ण किरण' काव्य-संग्रह, सुमित्रानंदन पंत, भू-प्रेमी कविता, भारती भंडार, इलाहाबाद, प्रथम संस्करण-2004, पृष्ठ सं- 57
7. 'स्वर्ण किरण' काव्य-संग्रह, भूमिका, सुमित्रानंदन पंत, भारती भंडार, इलाहाबाद, प्रथम संस्करण-2004, पृष्ठ सं- 9
8. 'स्वर्ण किरण' काव्य-संग्रह, सुमित्रानंदन पंत, द्वा सुपर्णा कविता, भारती भंडार, इलाहाबाद, प्रथम संस्करण-2004, पृष्ठ सं- 76
9. 'स्वर्ण किरण' काव्य-संग्रह, सुमित्रानंदन पंत, व्यक्ति और विश्व कविता, भारती भंडार, इलाहाबाद, प्रथम संस्करण-2004, पृष्ठ सं- 77, 78
10. 'स्वर्ण किरण' काव्य-संग्रह, सुमित्रानंदन पंत, आवाहन कविता, भारती भंडार, इलाहाबाद, प्रथम संस्करण-2004, पृष्ठ सं- 85
11. 'स्वर्ण किरण' काव्य-संग्रह, सुमित्रानंदन पंत, आवाहन कविता, भारती भंडार, इलाहाबाद, प्रथम संस्करण-2004, पृष्ठ सं- 86
12. 'स्वर्ण किरण' काव्य-संग्रह, सुमित्रानंदन पंत, निवेदन कविता, भारती भंडार, इलाहाबाद, प्रथम संस्करण-2004, पृष्ठ सं- 87
13. 'स्वर्ण किरण' काव्य-संग्रह, सुमित्रानंदन पंत, श्री अरविन्द दर्शन कविता, भारती भंडार, इलाहाबाद, प्रथम संस्करण-2004, पृष्ठ सं-101
14. 'स्वर्ण किरण' काव्य-संग्रह, सुमित्रानंदन पंत, श्री अरविन्द दर्शन कविता, भारती भंडार, इलाहाबाद, प्रथम संस्करण-2004, पृष्ठ सं-101
15. 'स्वर्ण किरण' काव्य-संग्रह, सुमित्रानंदन पंत, श्री अरविन्द दर्शन कविता, भारती भंडार, इलाहाबाद, प्रथम संस्करण-2004, पृष्ठ सं-104
16. 'स्वर्ण धूलि' काव्य-संग्रह, सुमित्रानंदन पंत, स्वर्ण धूलि कविता, भारती भंडार, इलाहाबाद, प्रथम संस्करण-2004, पृष्ठ सं-14
17. 'स्वर्ण धूलि' काव्य-संग्रह, सुमित्रानंदन पंत, काल अश्व कविता, भारती भंडार, इलाहाबाद, प्रथम संस्करण-2004, पृष्ठ सं-130
18. 'स्वर्ण धूलि' काव्य-संग्रह, सुमित्रानंदन पंत, काल अश्व कविता, भारती भंडार, इलाहाबाद, प्रथम संस्करण-2004, पृष्ठ सं-130
19. 'स्वर्ण धूलि' काव्य-संग्रह, सुमित्रानंदन पंत, देव कविता, भारती भंडार, इलाहाबाद, प्रथम संस्करण-2004, पृष्ठ सं-132
20. 'स्वर्ण धूलि' काव्य-संग्रह, सुमित्रानंदन पंत, पुरुषार्थ कविता, भारती भंडार, इलाहाबाद, प्रथम संस्करण-2004, पृष्ठ सं-133
21. 'स्वर्ण धूलि' काव्य-संग्रह, सुमित्रानंदन पंत, अंगल स्तवन कविता, भारती भंडार, इलाहाबाद, प्रथम संस्करण-2004, पृष्ठ सं-143
22. 'स्वर्ण धूलि' काव्य-संग्रह, सुमित्रानंदन पंत, साधना कविता, भारती भंडार, इलाहाबाद, प्रथम संस्करण-2004, पृष्ठ सं- 87
23. 'स्वर्ण धूलि' काव्य-संग्रह, सुमित्रानंदन पंत, प्रणाम कविता, भारती भंडार, इलाहाबाद, प्रथम संस्करण-2004, पृष्ठ सं- 97
24. 'स्वर्ण धूलि' काव्य-संग्रह, सुमित्रानंदन पंत, भूमिका, भारती भंडार, इलाहाबाद, प्रथम संस्करण-2004, पृष्ठ सं- 6
25. 'स्वर्ण धूलि' काव्य-संग्रह, सुमित्रानंदन पंत, भूमिका, भारती भंडार, इलाहाबाद, प्रथम संस्करण-2004, पृष्ठ सं- 7

विद्वत वाणी
अंतर्राष्ट्रीय त्रैमासिक शोध पत्रिका
ISSN : 3048-9547 (Print)
Volume - 1 - 2024, Issue - 4

"VIDWAT VANI"
Quarterly International Peer Reviwed Refereed Journal
Starting Year - 2024
April to June - 2025

# कन्हैयालाल मिश्र प्रभाकर के बाल-साहित्य में आधुनिक परिवेश



**डॉ. सारिका कौशिक**

सहायक प्राध्यापिका
(हिंदी विभाग)
श्री माता मनसा देवी
राजकीय संस्कृत
महाविद्यालय
पंचकूला-134114
हरियाणा
संपर्क
sarikakaushikkuk@gmail.com

## शोध सारांश

कन्हैयालाल मिश्र प्रभाकर हिंदी साहित्य के प्रमुख गद्यकारों में अपना अन्यतम स्थान रखते हैं। उन्होंने निबंध, संस्मरण व रेखाचित्र, लघुकथा, रिपोर्ताज, जीवनी, बाल-साहित्य आदि विधाओं में श्रेष्ठ साहित्य की रचना की है। बाल-साहित्य में उनकी दो पुस्तकें हैं- 'दूध का तालाब', 'एक मामूली पत्थर'। बच्चों में चरित्र-निर्माण को लेकर लेखक ने इन रचनाओं में अनेक पहलुओं का चित्रण किया है। हमारे समाज में नैतिक मूल्य हों चाहे पारिवारिक मूल्य, सभी का विघटन चारों ओर दिखाई देता है। प्रभाकर जी ने विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से इसका वर्णन-चित्रण अपने बाल-साहित्य में किया है। उनके बाल-साहित्य में आधुनिक परिवेश स्पष्ट दिखाई देता है।

प्रभाकर जी की बाल-कथाएँ केवल मनोरंजन की दृष्टि से नहीं, अपितु मूल्य-निर्माण की दृष्टि से भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं। आधुनिक समाज में उत्पन्न नैतिक और सामाजिक विघटन को उन्होंने बच्चों के दृष्टिकोण से सरल, बोधगम्य, किंतु प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत किया है। उनके साहित्य में आधुनिक परिवेश की झलक मात्र पर्यावरणीय अथवा भौतिक नहीं, बल्कि मानसिक, सांस्कृतिक और नैतिक धरातलों पर भी उभरती है। यह शोध-पत्र प्रभाकर जी के बाल-साहित्य में अंतर्निहित आधुनिक संवेदनाओं, नैतिक द्वंद्वों और बाल-मन के गठन में उनके योगदान का आलोचनात्मक मूल्यांकन करता है।

## बीज शब्द

**1. कन्हैयालाल मिश्र प्रभाकर 2. बाल-साहित्य 3. आधुनिकता 4. आधुनिक परिवेश 5. दूध का तालाब 6. एक मामूली पत्थर**

'आधुनिक' शब्द के विषय में यदि हम विचार करें तो 'बृहत् हिंदी कोश' में आधुनिक को **"आजकल का, वर्तमान काल का, नए ज़माने का।"**[1] माना गया है। 'मानक हिंदी कोश' में 'आधुनिक' शब्द के निम्नलिखित अर्थ बताए गए हैं-**"1. जो इधर थोड़े समय से चला निकला या अस्तित्व में आया हो 2. जिस पर वर्तमान काल की बातों या विशेषताओं की पूरी छाप पड़ी हो।"**[2] रामधारी सिंह दिनकर लिखते हैं-**"यह प्रक्रिया अंधविश्वास से बाहर निकलने की प्रक्रिया है। यह प्रक्रिया नैतिकता में उदारता बरतने की प्रक्रिया है। यह प्रक्रिया बुद्धिवादी बनने की प्रक्रिया है। यह प्रक्रिया धर्म के सही रूप में पहुँचने की प्रक्रिया है। आधुनिक वह है जो मनुष्य की ऊँचाई उसकी जातियों, गोत्र से नहीं नापता, आधुनिक वह है, जो मनुष्य-मनुष्य को समान समझता है।"**[3] डॉ. रामेश्वर लाल खण्डेलवाल के अनुसार-**"आधुनिक शब्द एक ही साथ कालवाचक और गुणवाचक दोनों ही है।"**[4]

आधुनिक और आधुनिकता का भी परस्पर संबंध है, क्योंकि आधुनिकता शब्द आधुनिक में 'ता' प्रत्यय लगाने से बना है। जिसमें आधुनिक होने का भाव हो वही आधुनिकता है। आधुनिकता के संबंध में भी विद्वानों ने अपने मत प्रकट किए हैं। कुछ विद्वानों की आधुनिकता को लेकर धारणा इस प्रकार है- डॉ. इन्द्रनाथ मदान के अनुसार-**"आधुनिकता एक चुनौती है, उसके मूल में वैज्ञानिक दृष्टि है, जो किसी सत्य को उसके अन्तिम या चरम रूप में स्वीकार करने से परहेज़ करती है। दूसरे शब्दों में प्रश्नचिह्न की निरन्तरता में आधुनिकता की प्रक्रिया है।"**[5] डॉ. नरेन्द्र मोहन के अनुसार-**"आधुनिकता हर बंधी-बंधाई व्यवस्था, रूढ़िग्रस्त मर्यादा और बद्धमूल धारणा को तोड़ती है। जो किसी एक मूल्य, धारणा या सिद्धांत को चरम नहीं मानती, बल्कि उसे स्वीकार करने से पूर्व जाँचने, पड़तालने पर बल देती है।"**[6] आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी लिखते हैं-**"खड़ा पैर परम्परा है और चलता पैर आधुनिकता।"**[7] प्रभाकर श्रोत्रिय लिखते हैं-**"विज्ञान प्राचीन और आधुनिक की विभाजक रेखा है।"**[8]

इस प्रकार इन सभी परिभाषाओं को हम देखें, तो कुछ बातें निकल कर आती हैं। कोशगत अर्थ के अनुसार तो आधुनिक नए ज़माने का या आजकल का है। जो थोड़े समय से अस्तित्व में आया है। इनके अनुसार जो नया है वही आधुनिक है। विद्वानों के अनुसार आधुनिक मनुष्य की समानता में विश्वास रखता है। जो प्रासंगिक है वही आधुनिक है। आधुनिकता किसी भी सत्य या मूल्य को उसके अन्तिम रूप में नहीं मानती। द्विवेदी जी के अनुसार तो जैसी भी हम भविष्य की यात्रा करते हैं, वही आधुनिकता है।

हम अपने आस-पास देख रहें हैं कि हमारे परिवेश में जो बुरे परिवर्तन हो रहे हैं, क्या हम उनको भी आधुनिक मान लें। आधुनिक का तात्पर्य यह नहीं है कि जो पुराने समय से इतर है वही आधुनिक है। आधुनिक समय सापेक्ष न होकर

विचार सापेक्ष है। यदि हम परिवेश शब्द की बात करें, तो सामान्य रूप से इसका अर्थ यही है कि जो भी हमारे चारों तरफ है, वही हमारा परिवेश है। परिवेश के संबंध में एक परिभाषा यह है- **"परिवेश वह है जिसके बीच वह जीता है, जिससे वह प्रभावित होता है, जिसके दबावों, तनावों के बीच उसकी सर्जनात्मक प्रवृत्तियाँ रूप लेती हैं, पनपती और विकसित होती हैं। और यदि ऐसा है तो रचनाकार के समय की राजनीतिक मानसिकता भी उसी तरह के परिवेश का एक अंग है जिस तरह सामाजिक अथवा सांस्कृतिक मानसिकता, शिक्षा, इतिहास, दल, सम्प्रदाय, भाषा आदि संबंधी पूर्वाग्रह इत्यादि सब।"**[9]

## आधुनिक परिवेश

सामान्य अर्थ में आधुनिक परिवेश वही है, जो वर्तमान समय में हमारे चारों ओर घटित हो रहा है। उसके अंतर्गत वह सब कुछ समाहित है, जो वर्तमान यथार्थ की आधार भूमि तैयार करता है। आधुनिक परिवेश मे पुरातन के तत्त्व भी पर्याप्त मात्रा में मिल जाते हैं। अतीत और परम्पराओं से आधुनिक परिवेश को कोई विरोध नहीं है। आधुनिक परिवेश तो अतीत और परम्परा से अपना आधार ग्रहण करके आगे चलता है। अतीत में जो परम्पराएँ उत्पन्न हुईं और चलीं, वे सब आधुनिक परिवेश में आकर अपना रूप बदल लेती हैं, नवीनता के साथ प्रचलित होती हैं।

परिवेश में जो परिवर्तन आता है और उसे जब साहित्यकार अभिव्यक्त करता है, तो वह उस लेखक का आधुनिक परिवेश बन जाता है। परिवेश के जिस रूप में जो समस्याएँ सामने आती हैं, लेखक उनको अपनी रचना में स्थान देता है। वर्तमान समय में प्रत्येक क्षेत्र के परिवेश में विकृतियाँ अधिक आ रही हैं। समाज, धर्म, संस्कृति, राजनीति और प्रकृति सभी दूषित हो रहे हैं। अकेलापन, संत्रास, घुटन, बेकारी, आत्महत्या, सामाजिक मूल्यों का पतन, स्वार्थपरता, चरित्रहीनता, संबंधों में गिरावट, भ्रष्टाचार, अपराध और राजनीति, निराशा, कुण्ठा, विश्वासघात अलगाववाद, आतंकवाद आदि सब कुछ आधुनिक परिवेश में देखने को मिल रहा है। परिवेश में हमारी प्रत्येक सुविधा तथा समस्या सम्मिलित है और जब परिवेश में परिवर्तन होता है, तो हमारी सुविधाएँ और समस्याएँ भी परिवर्तित हो सकती हैं।

## कन्हैयालाल मिश्र प्रभाकर के बाल-साहित्य में आधुनिक परिवेश

प्रभाकर जी ने बच्चों के लिए भी साहित्य की रचना की है। बच्चों के चरित्र निर्माण के लिए ये रचनाएँ बहुत ही उपयोगी हैं। इन रचनाओं में लघु कहानियों के अतिरिक्त चार संस्मरण भी हैं। इन्हीं रचनाओं में आधुनिक परिवेश भी कहीं-कहीं दिखाई दे जाता है।

### बेईमानी

आधुनिक समाज में बढ़ती बेईमानी को प्रभाकर जी ने अपने बाल-साहित्य में स्थान दिया है तथा उसके बुरे परिणामों को दर्शाकर बच्चों को इससे बचने के लिए सावधान किया है। बेईमानी, व्यक्ति में बुरे विचार पैदा होने से आती है और बुरे

विचार छूत के रोग की तरह बढ़ते ही जा रहे हैं-

**"कुछ दिन बाद राजा ने अपने बगीचे में एक पक्का तालाब बनवाया और सब जगह डांडी पिटवा दी कि महीने की पहली तारीख को राजा यज्ञ करेंगे, इसलिए सब लोग सूरज निकलने से पहले ही तालाब में एक-एक लोटा दूध डाल दें।**

**यह काम महात्माजी के कहने से राजा ने किया था। महात्मा जी पहली तारीख को सूरज निकलने पर राजा को लेकर उस तालाब पर गए। तालाब भरा हुआ था, पर उसमें दूध तो बहुत कम था, पानी ही पानी था। राजा ने पूछा : यह क्या बात है महाराज। महात्मा जी ने कहा : राजन उस दिन मैंने कहा नहीं था कि सबसे बुरा छूतिया रोग बुरा विचार है। जो आदमी सबसे पहले तालाब में दूध डालने को उठा, उसके मन में यह बुरा विचार आया कि सब तो दूध डालेंगे ही, मैं अपना दूध बचा लूँ। इतने बड़े तालाब में एक लोटे पानी का राजा को क्या पता चलेगा बस, यह बुरा विचार छूत की बीमारी की तरह सबमें फैल गया।"**[10]

जिस प्रकार तालाब में दूध डालने वाले अधिकतर व्यक्तियों ने बेईमानी करके उसमें दूध के बदले पानी डालकर यह समझा कि इतने लोगों में किसको पता चलेगा। ठीक इसी प्रकार आधुनिक युग में बेईमान व्यक्तियों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। प्रभाकर जी ने बाल समाज को बेईमानी से बचकर चलने की प्रेरण दी है तथा बेईमानी के बुरे परिणामों के विषय में भी बताया है।

## लोभ

आधुनिक समाज में व्यक्तियों के मन में लोभ अत्यधिक बढ़ रहा है। प्रभाकर जी ने लोभ करने वाले गड़रिये के एक प्रसंग के माध्यम से लोभ के दुष्परिणाम को बड़े रोचक ढंग से वर्णित किया है। एक गड़रिये ने एक गुफा में अधिक भेड़ों को ले जाने के लोभ में अपनी बकरियों को गुफा के बाहर सर्दी तथा वर्षा की रात में छोड़ दिया तथा उनकी घास भेड़ों को खिला दी, लेकिन वे भेड़ उसके साथ चलने के तैयार नहीं हुई, तो गड़रिये का हाल यह था-

**"गड़रिये को गुस्सा आ गया और चिल्लाकर उसने कहा कम्बख्तो, मैंने रात भर तुम्हें अपनी बकरियों की घास खिलाई और तुम्हारे लिए अपनी पालतू बकरियों को गुफा के बाहर छोड़ा, पर तुम इतनी बेईमान हो कि अब मुझसे मुँह मोड़कर जा रही हो।**

**एक भेड़ ने, जो शायद उन भेड़ों की सरदार थी, गड़रिये से कहा हम इतनी बेवकूफ नहीं हैं कि तुझ जैसे बेईमान आदमी के पीछे चल पड़ें। भला, जब तू अपनी पालतू बकरियों का साथी नहीं हो सका और हमें पाने के लोभ में उन्हें मौत के पंजे में छोड़कर गुफा में घुस आया, तो तेरा क्या एतबार। जा, अपना रास्ता देख!**

**गड़रिया बहुत पछताया कि उसने बड़ा आदमी बनने के लोभ में अपना सब कुछ मिट्टी में मिला लिया और बिल्कुल नाश कर लिया।"**[11]

आजकल लोभी व्यक्ति प्रत्येक स्थान पर

दिखाई देते हैं। पहले की अपेक्षा अब ऐसा परिवर्तन हुआ है और हो रहा है कि समाज में लोभ अधिक होता जा रहा है। प्रभाकर जी ने लोभ के चित्रण के साथ-साथ उसके कुपरिणाम की ओर भी दृष्टि डाली है, ताकि बच्चों के कच्चे व कोरे मन पर अच्छी छाप पड़ सके।

## ईर्ष्या

आधुनिक युग में व्यक्तियों में परस्पर ईर्ष्या इतनी बढ़ गई है कि प्रत्येक व्यक्ति इसके ताप के कारण जल रहा है। प्रभाकर जी ने अपने बाल-साहित्य में ईर्ष्या करने वाले व्यक्तियों के कुछ उदाहरण प्रस्तुत किए हैं।

1. ईर्ष्या करने वाले व्यक्तियों का स्वभाव बन जाता है कि वे दूसरों की प्रगति को देखकर स्वयं जलने लगते हैं।
2. राधामोहन एक ऐसा युवक है, जो अपने परम मित्र से इसलिए ईर्ष्या करने लगता है, क्योंकि उसके परीक्षा में अपने मित्र से कम नम्बर आए।
3. विद्यार्थियों में ईर्ष्या का भाव कुछ अधिक ही होता है। किलेंथिरा अपनी कक्षा में अन्य विद्यार्थियों से अधिक अध्ययनशील तथा स्वाभिमानी है। वह गरीब होते हुए भी अपने स्वाभिमान को बरकरार रखता है। इससे अन्य विद्यार्थी उससे ईर्ष्या करते हैं। प्रभाकर जी के बाल-साहित्य में ईर्ष्या के विभिन्न चित्र हमें देखने को मिलते हैं-

**"दुनिया का कायदा है कि किसी को उन्नति करते देखकर, जो लोग उसी तरह के अच्छे काम करके उन्नति नहीं कर सकते, वे कुढ़ने लगते हैं और उन्नति करने वालों की निन्दा करके खुश होते हैं। ऐसे लोग नए-नए उपायों, तरीकों से प्रधानमन्त्री लायड जार्ज की भी निन्दा किया करते थे।"[12]**

**"राधामोहन और यूसुफ के घर पास-पास ही थे और दोनों घर वालों का एक-दूसरे के घर आना जाना भी था। दोनों पढ़ने लिखने में होशियार थे। अध्यापक भी दूसरे लड़कों के सामने उनकी तारीफ करते थे। वर्ष के अन्त में परीक्षा हुई तो दोनों पास हो गए। राधामोहन को सौ में से साठ नम्बर मिले और यूसुफ को सौ में से पैंसठ। कोई खास फर्क न था, पर राधामोहन ने इसे बहुत महसूस किया। अजीब बात यह हुई कि नम्बरों की इस कमी में बेचारे यूसुफ का कोई दोष नहीं था। उसने कभी चाहा भी न था कि राधामोहन को मुझसे कम नम्बर मिलें। फिर भी राधामोहन उससे चिढ़ गया और वह स्कूल से यूसुफ के साथ नहीं आया- दूसरे रास्ते से निकलकर घर पहुँच गया।**

**छुट्टियों के बाद जब स्कूल खुला, तो राधामोहन क्लास में यूसुफ से अलग बैठा। राधामोहन में एक खास परिवर्तन हो गया था कि वह जहाँ बैठता, यूसुफ की बुराई करता।"[13]**

**"किलेंथिस की एक बात और भी खास थी कि वह बेहद गरीब होने पर भी पाठशाला की फीस हमेशा दे दिया करता था। इस बात पर भी गुरु जी ने किलेंथिस की तारीफ की थी।**

**इन तारीफों से अच्छे कपड़े पहनने वाले, पर पढ़ाई में कमज़ोर विद्यार्थी किलेंथिस से जलने लगे। वह जलन यहाँ तक बढ़ी कि एक दिन उन्होंने किलेंथिस के विरुद्ध यह आरोप लगाया कि जब इसके पास फटे कपड़ों के सिवा कुछ नहीं है, तो यह निश्चय ही चोरी करके पाठशाला की फीस के पैसे लाता है।"**[14]

स्वयं सफलता से वंचित होने वाले व्यक्ति दूसरों की सफलता को देखकर उनसे ईर्ष्या करने लगते हैं। आधुनिक समाज में ऐसे ईर्ष्यालु व्यक्ति स्थान-स्थान पर मिल जाते हैं। इसी ईर्ष्या की अधिकता के कारण हमारा राष्ट्र वांछित प्रगति नहीं कर पा रहा है।

### गरीबी

वर्तमान समय में गरीबी बहुत अधिक बढ़ गई है। प्रभाकर जी ने गरीबी का वर्णन अपने बाल-साहित्य में भी किया है-

**"एक आदमी बहुत पेरशान था। बीमारियों ने उसके शरीर को घेर रखा था, पर वह उनका इलाज कैसे करता, जब उसके पास पैसे ही न थे। उसकी गरीबी यहाँ तक पहुँच गई थी कि कई दिन से उसने खाना भी नहीं खाया था।**

**हिम्मत करके वह उठा और जैसे-तैसे एक बड़ी हवेली के सामने पहुँचा। यह हवेली एक ऐसे आदमी की थी, जिसका रोज़गार बड़ा था और जिसके पास सब कुछ था। उस परेशान आदमी ने ज़ोर-ज़ोर से पुकार मचायी और अपनी बीमारी और भूख का बखान किया।"**[15]

इस प्रकार गरीबी के कारण व्यक्ति एक दिन भीख माँगने पर विवश हो जाता है। गरीबी का जैसा वर्णन प्रभाकर जी ने किया है वैसी स्थिति आज आधुनिक समाज में बहुत-से व्यक्तियों की हो गई है।

### अभिमान

आधुनिक युग में व्यक्ति का अभिमान अधिक बढ़ रहा है। यह अभिमान व्यक्ति अपने पैसे पर, संपत्ति पर, वैभव पर अधिक कर रहा है। पैसे के अभिमान के कारण व्यक्ति की नीयत भी बुरी होती जा रही है। प्रभाकर जी ने एक व्यक्ति के अभिमान को चित्रित करते हुए यह दिखाया है कि अभिमानी व्यक्ति में दया का भाव भी समाप्त हो जाता है-

**"उसकी पुकार सुनकर हवेली का मालिक बाहर आया और गुस्से से बोला : भीख माँगते तुझे शर्म नहीं आती। तेरे हाथ-पैर हैं, कमाकर खा।**

**परेशान आदमी ने कहा आपकी बात ठीक है, कमाकर खाने में ही आदमी की शोभा है, पर लम्बी बीमारियों ने मुझे मजबूर कर दिया है। नहीं तो मैंने सारी उम्र अपने पसीने की कमाई खायी है।**

**उस आदमी में कहीं और जाकर सहायता माँगने की भी ताकत नहीं थी। इसलिए हवेली के मालिक को दया के बदले गुस्सा आया और उसने उसे बहुत बुरा-भला कहा। वह गिड़गिडाकर सहायता माँगता रहा। इस पर हवेली के मालिक को बहुत गुस्सा आया और उसने अपने नौकर**

**को हुक्म दिया कि वह इस गन्दे आदमी को धक्का देकर हवेली के सामने से हटा दे। नौकर ने ऐसा ही किया।"**[16]

अभिमान के कारण मनुष्य में से मानवता धीरे-धीरे समाप्त होती जा रही है। अभिमानी व्यक्ति स्वयं को बड़ा तथा दूसरों को हीन समझने लगता है। उसकी साधारण सूझ-बूझ समाप्त हो जाती है। पैसे तथा भौतिक साधनों के अभिमान ने व्यक्ति को आज अंधा कर दिया है।

## झूठी शान

आधुनिक युग में झूठी शान का प्रचलन अधिक हो गया है। दूसरों पर प्रभाव डालने के लिए व्यक्ति उन वस्तुओं को प्राप्त करने का प्रयास करता है, जो उसके पास नहीं हैं। जब वह इन वस्तुओं को अपनाने में समर्थ नहीं हो पाता, तो वह इनको दूसरों से माँग कर लाता है। माँग कर वस्तु का प्रयोग करना एक बुरी आदत है। प्रभाकर जी ने अपने बाल-साहित्य में एक व्यक्ति नत्थूमल का वर्णन किया है, जो झूठी शान बनाने के लिए अपनी बेटी की विदा के समय ठाकुर चन्दन सिंह से उसका रेहडू माँगने जाता है-

**"वे झपटे-झपटे ठाकुर चन्दन सिंह के घर पहुँचे। ठाकुर साहब अपनी बैठक में बैठे थे। नत्थूमल ने कहा : आज बेटी की विदा है। उसे स्टेशन तक पहुँचाने के लिए अपना रेहडू दे दें।**

**ठाकुर साहब बोलेः नत्थूमल, जैसी वह तुम्हारी बेटी, वैसी ही मेरी बेटी। बेटी रेहडू में बैठकर स्टेशन जाए, यह तो खुशी की बात है। फिर रेहडू खाली खड़ा है, पर दिक्कत यह है कि मेरे बेटे ने उसमें भैंस के कटड़े का रस्सा बाँध दिया है। इसलिए रेहडू चल नहीं सकता।**

**ठाकुर साहब का मतलब साफ था कि वे अपना रेहडू देना नहीं चाहते, इसीलिए कटड़ा बाँधने का बहाना कर रहे हैं। पर लाला नत्थूमल नहीं समझे। उन्होंने कहा- ठाकुर साहब, आप चिन्ता न करें, कटड़े का रस्सा खोलकर मैं खूँटे में बाँध दूँगा।**

**ठाकुर साहब ने एक बार तीखी आँख से नत्थूमल की तरफ देखा। फिर अपने स्वर को सँभाल कर कहा : क्यों भाई नत्थूमल, क्या मुँह से इनकार सुनकर ही मन की बात समझोगे"**[17]

प्रभाकर जी ने यह दिखाया है कि झूठी शान बनाने वालों को अन्त में लज्जित होना पड़ता है। आज बहुत-से व्यक्ति ऐसे हैं, जो शान के लिए दूसरों से वस्तुएँ माँगने पहुँच जाते हैं। प्रभाकर जी ने बच्चों को आरंभ से ही झूठी शान से बचने की शिक्षा दी है।

## स्वार्थ

प्रभाकर जी ने समाज में निरंतर फैलते जा रहे स्वार्थ को बाल-साहित्य की रचनाओं में प्रस्तुत करके दिखाया है।

1. एक राक्षस की कहानी के माध्यम से उन्होंने स्वार्थी व्यक्ति के व्यवहार का वर्णन किया है। वह राक्षस अपने बगीचे में बच्चों को घुसने नहीं देता और उस बगीचे के सारे फल स्वयं खाना चाहता है।

2. शंकरदयाल के स्वार्थ का यमराज के पास जाकर पर्दाफाश होता है, जब वे उसके द्वारा किए गए कार्यों के बारे में बताते हैं!

प्रभाकर जी के बाल-साहित्य में स्वार्थ का चित्रण इस प्रकार हुआ है-

**1. "वह राक्षस अपने बगीचे में अकेला घूमता और कभी-कभी आप ही आप कहता-'इस बार बसंत में मैं यहाँ के फलों का आनन्द अकेले ही लूँगा और पूरे फल खुद ही खाऊँगा।'**

**अपने समय पर बसन्त आया। सबके बगीचों में फूल खिले, पर राक्षस के बगीचे में न फूल खिले, न चिड़ियाँ चहकीं। फल कहाँ से लगते हाँ, कोहरा और बर्फ खूब पड़ी और इस तरह बगीचा सुनसान हो गया। राक्षस अकेला अपने कमरे में पड़ा रहता और सोचता रहता - यह क्या बात हुई कि सबके यहाँ बहार है, पर मेरे यहाँ सुनसान है। यों ही कई बसन्त बीत गए।"**[18]

**2. "मौत का दूत दुबारा धर्मराज के पास गया और शंकरदयाल की बात कही। सुनकर धर्मराज बोले : शंकरदयाल ने मन्दिर, धर्मशाला और स्कूल तो मन्त्रियों को खुश करके अपने व्यापार में लाभ उठाने के लिए बनवाए थे, सड़क बनवाई थी म्युनिसपैलिटी के चुनाव में वोट लेने के लिए, विष्णुयज्ञ और भंडारा किया था अपने पड़ौसी को नीचा दिखाने के लिए।"**[19]

आधुनिक युग में व्यक्ति इसी तरह स्वार्थ के वशीभूत होकर ही परोपकार के कार्य करता है। जिस प्रकार शंकरदयाल ने अपने स्वार्थों के लिए जन सेवा के कार्य किए उसी प्रकार आज बिना स्वार्थ कोई भी कार्य नहीं किया जाता।

**प्रदर्शनप्रियता**

अपनी वास्तविकता को छिपा कर दूसरों के सामने उच्च स्तर का प्रदर्शन करना आधुनिक युग के व्यक्तियों की मनोवृत्ति है। प्रदर्शनप्रियता को प्रभाकर जी ने एक बादशाह की कहानी द्वारा प्रस्तुत किया है। बादशाह अपने शायर मेहमान के सामने तरह-तरह के भोजन का प्रदर्शन करते हैं

**"बादशाह के महल में घटिया खाने का क्या काम। वहाँ तो रोज़ ही एक से बढ़कर एक चीज़ बनती थी। पर उस दिन महल में एक बहुत बड़े शायर साहब मेहमान थे। इसलिए और भी शानदार खाना परोसा गया। पर शेखसादी ने खाने की कोई तारीफ नहीं की। खाना खाने के बाद बादशाह ने शेखसादी से पूछा-"कहिए शायर साहब आपको खाना पसन्द आया?"**

**शेखसादी ने बिना किसी उत्साह के धीरे से कहा-"अच्छा है।"**

**बादशाह ने सोचा-'मालूम होता है शेखसादी साहब अपने घर बहुत बढ़िया खाना खाते होंगे। इन्हें हमारे महल का खाना पसन्द नहीं आया।' उन्होंने अपने रसोइए को डांटा और दूसरे दिन और भी बढ़िया खाना बनाने का हुक्म दिया।**

**दूसरे दिन जब बादशाह और शेखसादी खाना खाने बैठे, तो सचमुच बहुत बढ़िया खाना परोसा गया। बादशाह को उम्मीद थी कि आज**

**शायर साहब खाने की तारीफ के पुल बाँध देंगे - मतलब यह कि खूब तारीफ करेंगे, पर शेखसादी ने एक भी शब्द नहीं कहा।"[20]**

इसी प्रदर्शनप्रियता के कारण आधुनिक व्यक्ति अपने स्तर को ऊँचा दिखाने का प्रयास करता है, जबकि उसमें ऊँचा बनने का सामर्थ्य नहीं है।

## अधिकार और कर्तव्य

आधुनिक युग में अधिकतर व्यक्ति केवल अधिकारों की ही बातें करते हैं, लेकिन अपने कर्तव्य को भूल जाते हैं। प्रभाकर जी ने एक ऐसे युवक का वर्णन किया है, जो एक विधवा का साथ इसलिए देता है, उसको दिलासा देता है कि आपके पति की वस्तुओं का उपयोग मैं करूँगा। आपको इनके लिए दुखी होने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन जब उस विधवा के पति के ऋण को उतारने की बात आती है, तो वह पीछे हट जाता है-

**"इसी तरह उस विधवा ने अपने पति की और भी कई चीज़ों का नाम लिया और उस युवक ने सबके लिए इसी तरह अपने को पेश किया। तब विलाप करते हुए विधवा ने कहा मेरे पति बहुत खर्चीले थे। मरते समय वे पचीस हज़ार रुपए का कर्ज़ छोड़ गए हैं। भला उसे कौन उतारेगा?**

**सबके मन में एक ही साथ यही बात आयी कि यही युवक इसके लिए भी 'हाँ' कहेगा। सचमुच वह युवक सबसे पहले खड़ा हो गया। सबने एक साथ सोचा सचमुच आदमी हिम्मत का है, पर उसने कहा 'भाइयो मैंने इतनी बातों पर 'हाँ' की अब तुम बोलो कि इस कर्ज़ की ज़िम्मेदारी तुम लोगे।'**

**सबने उसे नफरत से दुत्कारा कि अच्छी-अच्छी चीज़ों पर अधिकार पाने को तो वह सबसे आगे था, पर कर्ज़ की ज़िम्मेदारी लेने के समय पीछे हट गया।"[21]**

आज सब व्यक्ति यही चाहते हैं कि हमें अधिक से अधिक अधिकार मिल जाएँ, परन्तु जहाँ कर्तव्य की बात आती है, तो सबका रुख उदासीन हो जाता है। इसी कर्तव्यपरायणता के अभाव के कारण समाज की प्रगति में अवरोध उत्पन्न हो रहा है।

## दोहरा व्यक्तित्व

व्यक्ति के दोहरे व्यक्तित्व को उजागर करने के लिए प्रभाकर जी ने बंगाल के नोआखाली क्षेत्र की एक घटना का वर्णन किया है, जहाँ शक्तिशाली लोग कमज़ोर लोगों को सता रहे थे। गाँधी जी वहाँ का दौरा कर रहे थे और दुःखी व्यक्तियों को सांत्वना दे रहे थे। उस समय बंगाल के मुख्यमन्त्री का दोहरा व्यक्तित्व सामने आता है-**"गाँधी जी जब कहीं यात्रा करते थे, तो बहुत से आदमी उनके साथ रहते थे, पर नोआखाली में वे अकेले थे। सिर्फ उनकी पोती मनु गाँधी उनके साथ थी। बंगाल के मुख्यमन्त्री श्री हसन शहीद सुहरावर्दी कई बार गाँधी जी से मिलने आए। वे बातें तो शान्ति की करते थे, पर सच्चाई यह थी**

**कि मारकाट करनेवाले उन ताकतवर लोगों को उन्होंने ही भड़काया था। मतलब यह कि कमज़ोर लोगों को सताने में उनका भी इशारा और सहारा था, पर बातें ऐसी करते थे, जैसे एकदम शान्ति के दूत हों।"**[22]

आधुनिक युग में व्यक्ति की करनी और कथनी में आकाश-पाताल का अन्तर हो गया है। दोहरे व्यक्तित्व की बुराई समाज में इतनी फैल गई है कि ग्रामीण क्षेत्रों में निरक्षर लोग भी इसके शिकार हो रहे हैं।

जिस प्रकार वर्तमान समय के समाज में हमारे प्रत्येक परिवेश में जो परिवर्तन आ रहा है, उसे कन्हैयालाल मिश्र प्रभाकर ने अपने साहित्य में प्रसंगवश उद्‌घाटित किया है। आधुनिक परिवेश को लेकर लेखक की दृष्टि पूर्णतः सजग रही है, चाहे यह परिवेश उनके बाल-साहित्य में स्वाभाविक रूप से आया हो।

## निष्कर्ष

कन्हैयालाल मिश्र प्रभाकर का बाल-साहित्य केवल बाल-मन के मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि उसमें आधुनिक परिवेश की जटिलताओं, नैतिक द्वंद्वों और सामाजिक विघटन की गहरी समझ निहित है। 'दूध का तालाब' और 'एक मामूली पत्थर' जैसी रचनाओं में लेखक ने बच्चों के माध्यम से आधुनिक समाज की समस्याओं, जैसे बेईमानी, लोभ, ईर्ष्या, गरीबी, स्वार्थ, प्रदर्शनप्रियता और दोहरे व्यक्तित्व आदि का प्रभावशाली चित्रण किया है। प्रभाकर जी के बाल-साहित्य में आधुनिकता केवल तकनीकी या भौतिक परिवर्तनों की स्वीकृति नहीं है, बल्कि वह सामाजिक, नैतिक और मूल्यगत परिवर्तन की चेतना से जुड़ी हुई है। लेखक ने बच्चों में चारित्रिक दृढ़ता, कर्तव्यबोध और संवेदनशीलता का विकास करने का प्रयास किया है, जिससे वे न केवल अच्छे नागरिक बनें, बल्कि आधुनिक समाज की विसंगतियों से भी सचेत रह सकें। इस प्रकार कन्हैयालाल मिश्र प्रभाकर का बाल-साहित्य आधुनिक परिवेश का सजीव दस्तावेज़ बन जाता है, जो बालकों को यथार्थ से जोड़कर उन्हें संवेदनशील, विवेकशील एवं मूल्यनिष्ठ बनाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है।

❑❑❑

## संदर्भ सूची

1. सं. कालिका प्रसाद गुप्त, 'बृहत् हिंदी कोश', ज्ञान मण्डल लि. प्रकाशन, वाराणसी, सातवां संस्करण-1997, पृष्ठ सं-126
2. सं. रामचन्द्र वर्मा, 'मानक हिंदी कोश', हिंदी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग, संस्करण-1964, पृष्ठ सं- 266
3. रामधारी सिंह दिनकर, 'आधुनिक भाव बोध', पंजाबी पुस्तक भण्डार, दिल्ली, द्वितीय संस्करण-1973, पृष्ठ सं-13
4. डॉ. रामेश्वर लाल खण्डेलवाल, 'संभावना' पत्रिका, वर्ष-1973, अंक-2, हिंदी विभाग कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र, पृष्ठ सं- 86-87
5. डॉ. इन्द्रनाथ मदान, 'निबंध और निबंध', राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण-1973, पृष्ठ सं-148-150

6. डॉ. नरेन्द्र मोहन, 'आधुनिकता के संदर्भ में हिंदी कहानी', जयश्री प्रकाशन, विश्वास नगर, शाहदरा, दिल्ली, प्रथम संस्करण-1982, पृष्ठ सं-14

7. धनंजय वर्मा, 'आधुनिकता के बारे तीन अध्याय', विद्या प्रकाशन मन्दिर, दरियागंज, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण- 1984, पृष्ठ सं- 24

8. प्रभाकर श्रोत्रिय, 'रचना एक यातना है', नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दरियागंज, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण- 1985, पृष्ठ सं-14

9. सं. सच्चिदानंद वात्सायन- 'साहित्य का परिवेश', नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दरियागंज नई दिल्ली, प्रथम संस्करण- 1985, पृष्ठ सं-104

10. कन्हैयालाल मिश्र प्रभाकर, 'दूध का तालाब', सर्वसेवा संघ प्रकाशन, राजघाट, वाराणसी, आठवां संस्करण-1995, पृष्ठ सं- 6

11. कन्हैयालाल मिश्र प्रभाकर, 'दूध का तालाब', सर्वसेवा संघ प्रकाशन, राजघाट, वाराणसी, आठवां संस्करण-1995, पृष्ठ सं- 9

12. कन्हैयालाल मिश्र प्रभाकर, 'दूध का तालाब', सर्वसेवा संघ प्रकाशन, राजघाट, वाराणसी, आठवां संस्करण-1995, पृष्ठ सं-10

13. कन्हैयालाल मिश्र प्रभाकर, 'दूध का तालाब', सर्वसेवा संघ प्रकाशन, राजघाट, वाराणसी, आठवां संस्करण-1995, पृष्ठ सं- 20

14. कन्हैयालाल मिश्र प्रभाकर, 'एक मामूली पत्थर', सर्वसेवा संघ प्रकाशन, राजघाट, वाराणसी, आठवां संस्करण-1997, पृष्ठ सं- 17

15. कन्हैयालाल मिश्र प्रभाकर, 'दूध का तालाब', सर्वसेवा संघ प्रकाशन, राजघाट, वाराणसी, आठवां संस्करण-1995, पृष्ठ सं- 23

16. कन्हैयालाल मिश्र प्रभाकर, 'दूध का तालाब', सर्वसेवा संघ प्रकाशन, राजघाट, वाराणसी, आठवां संस्करण-1995, पृष्ठ सं- 23

17. कन्हैयालाल मिश्र प्रभाकर, 'दूध का तालाब', सर्वसेवा संघ प्रकाशन, राजघाट, वाराणसी, आठवां संस्करण-1995, पृष्ठ सं- 30

18. कन्हैयालाल मिश्र प्रभाकर, 'दूध का तालाब', सर्वसेवा संघ प्रकाशन, राजघाट, वाराणसी, आठवां संस्करण-1995, पृष्ठ सं- 32

19. कन्हैयालाल मिश्र प्रभाकर, 'एक मामूली पत्थर', सर्वसेवा संघ प्रकाशन, राजघाट, वाराणसी, आठवां संस्करण-1997, पृष्ठ सं- 23

20. कन्हैयालाल मिश्र प्रभाकर, 'दूध का तालाब', सर्वसेवा संघ प्रकाशन, राजघाट, वाराणसी, आठवां संस्करण-1995, पृष्ठ सं- 33

21. कन्हैयालाल मिश्र प्रभाकर, 'दूध का तालाब', सर्वसेवा संघ प्रकाशन, राजघाट, वाराणसी, आठवां संस्करण-1995, पृष्ठ सं- 49

22. कन्हैयालाल मिश्र प्रभाकर, 'एक मामूली पत्थर', सर्वसेवा संघ प्रकाशन, राजघाट, वाराणसी, आठवां संस्करण-1997, पृष्ठ सं- 36

विद्वत वाणी
अंतर्राष्ट्रीय त्रैमासिक शोध पत्रिका
ISSN : 3048-9547 (Print)
Volume - 1 - 2024, Issue - 4
"VIDWAT VANI"
Quarterly International Peer Revived Refereed Journal
Starting Year - 2024
April to June - 2025



**शेक शाजिदा**

Ph.D. शोधार्थी (पूर्णकालिक)
(हिंदी विभाग)
श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय
तिरुपति-517502
आंध्र प्रदेश
संपर्क
shajeedakumar@gmail.com

शोध निर्देशक
प्रो. रामप्रकाश
(हिंदी विभाग)
श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय
तिरुपति-517502
आंध्र प्रदेश

# नारी अस्मिता का संघर्ष : भारतीय कथा-साहित्य में विमर्श और प्रतिरोध

**शोध सारांश**

समकालीन हिंदी कथा-साहित्य में नारी विमर्श एक जागरूक सामाजिक-सांस्कृतिक चेतना के रूप में सामने आया है, जिसने स्त्री की पारंपरिक छवि को तोड़ते हुए उसे एक सशक्त, स्वायत्त और विचारशील इकाई के रूप में प्रतिष्ठित किया है। स्त्री पात्र अब केवल संवेदना की प्रतीक नहीं, बल्कि सामाजिक अन्याय, लैंगिक भेदभाव और पितृसत्तात्मक ढांचों के विरुद्ध सक्रिय संघर्ष करती हुई दिखाई देती हैं। कथा-साहित्य में उभरती यह चेतना नारी अस्मिता के उन पहलुओं को उद्घाटित करती है, जो लंबे समय तक उपेक्षित रहे।

विमर्श और प्रतिरोध की यह प्रक्रिया केवल भावनात्मक या आत्मकेंद्रित नहीं, बल्कि व्यापक सामाजिक संदर्भों में जुड़ी हुई है, जहाँ स्त्री की अनुभूतियाँ, संघर्ष और निर्णय सार्वजनिक विमर्श का हिस्सा बनते हैं। स्त्रीवादी दृष्टिकोण से यह रचनात्मक संघर्ष, सामाजिक परिवर्तन की एक सशक्त धारा बन चुका है, जो साहित्यिक अभिव्यक्ति के साथ-साथ सामाजिक संरचनाओं को भी पुनर्परिभाषित करता है। नारी-केंद्रित कहानियाँ न केवल यथार्थ का दर्पण हैं, बल्कि वे वैकल्पिक सामाजिक दृष्टिकोण को भी जन्म देती हैं, जो परिवर्तन की संभावनाओं को सशक्त बनाती हैं। मन्नू भंडारी, महाश्वेता देवी, कृष्णा सोबती, मृदुला गर्ग, उषा प्रियंवदा आदि लेखिकाओं ने स्त्री को केवल शोषण का पात्र नहीं, बल्कि सक्रिय प्रतिरोध और बदलाव की वाहिका के रूप में चित्रित किया है। यह शोध इस विमर्श को केवल स्त्री विषयक नहीं, अपितु मानवीय गरिमा और समानता की व्यापक संघर्ष-गाथा के रूप में देखता है।

## बीज शब्द

1. नारी अस्मिता 2. स्त्री विमर्श
3. कथा-साहित्य 4. पितृसत्ता 5. प्रतिरोध
6. आत्मनिर्णय 7. सामाजिक बदलाव

## मूल शोध

भारतीय साहित्य, विशेषतः हिंदी कथा-साहित्य में स्त्री का स्वर सदैव से विद्यमान रहा है, किंतु बीसवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में यह स्वर एक सशक्त विमर्श के रूप में उभरा। नारीवादी साहित्य ने पितृसत्तात्मक व्यवस्था के विरुद्ध स्त्री की आत्मचेतना, अस्मिता और प्रतिरोध को स्पष्ट किया है। इस साहित्य ने स्त्री को पारंपरिक सीमाओं से मुक्त कर उसकी सोच, इच्छाओं और आत्मनिर्णय को केंद्र में रखा है। स्त्री अब केवल करुणा, त्याग और सहिष्णुता की मूर्ति नहीं रह गई, बल्कि वह अपने अधिकारों, विकल्पों और स्वतंत्र विचारों के साथ साहित्यिक मंच पर सक्रिय हुई है। हिंदी कथा-साहित्य में उभरते स्त्री-विमर्श ने यह दर्शाया कि स्त्री अनुभव भी उतना ही प्रामाणिक, जटिल और सामाजिक रूप से महत्त्वपूर्ण है जितना कि पुरुष का।

बिहार के हिंदी प्रवक्ता राजेंद्र प्रसाद सिंह के अनुसार-**"पिछले कुछ दशकों से हिंदी साहित्य में स्त्री-विमर्श खूब फूला, फला और समृद्ध हुआ है, पर पुरुष वर्चस्ववादी हिंदी भाषा, व्याकरण तथा शब्दकोश के आईने में इसकी चर्चा अपेक्षाकृत कम हुई है। यह भी होनी चाहिए। हिंदी में 'स्त्री' स्वतंत्र शब्द है। 'नारी' परतंत्र है। 'नर' में स्त्री प्रत्यय जोड़ने से 'नारी' शब्द निर्मित होता है। 'स्त्री' शब्द किसी 'स्त्रा' शब्द का मुखापेक्षी नहीं है। शायद इसीलिए हिंदी विमर्शकारों ने 'नारी-विमर्श' की जगह 'स्त्री-विमर्श' को चुना है।"**[1]

इस शोध-पत्र में हिंदी की चुनिंदा कहानियों के माध्यम से स्त्री अस्मिता के संघर्ष को विविध स्तरों (सामाजिक, मानसिक, सांस्कृतिक और वैचारिक) पर समझने का प्रयास किया गया है। उद्देश्य यह है कि साहित्य में निहित स्त्री-चेतना को केवल भावनात्मक अनुभव न मानते हुए, उसे एक सशक्त वैचारिक प्रतिरोध और सामाजिक परिवर्तन के उपकरण के रूप में देखा जाए।

## 'अस्मिता' की अवधारणा

**"अस्मिता का अर्थ है- पहचान तथा भाषाई अस्मिता से तात्पर्य है- भाषा बोलने वालों की अपनी पहचान। 'अस्मिता' शब्द के संदर्भ में डॉ. नामवर सिंह ने कहा है कि-"हिंदी में 'अस्मिता' शब्द पहले नहीं था। 1947 से पहले की किताबों में मुझे तो नहीं मिला और संस्कृत में भी अस्मिता का यह अर्थ नहीं है। 'अहंकार' के अर्थ में आता है, जिसे दोष माना जाता है। हिंदी में 'आईडेंटिटी' का अनुवाद 'अस्मिता' किया गया और हिंदी में जहाँ तक मेरी जानकारी है, पहली बार अज्ञेय ने 'आईडेंटिटी' के लिए अनुवाद 'अस्मिता' शब्द का प्रयोग हिंदी में किया है।"**[2] यह न केवल आत्मचेतना का बोध है, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और वैयक्तिक स्तर पर पहचान की एक जटिल प्रक्रिया भी है। स्त्री अस्मिता का तात्पर्य उस स्थिति से है, जब स्त्री स्वयं को केवल

पारंपरिक भूमिकाओं- जैसे पत्नी, माँ, बेटी के परे जाकर एक संपूर्ण व्यक्तित्व के रूप में पहचानने लगती है। यह पहचान समाज, संस्कृति, धर्म, परिवार और भाषा के मध्य निर्मित एक स्थायी संघर्ष का परिणाम है। अस्मिता की यह यात्रा बाह्य संघर्षों के साथ-साथ आंतरिक उलझनों, द्वंद्वों और आत्मसंशयों की यात्रा भी होती है।

जैसा कि भारतीय कथा-साहित्य में स्त्री अस्मिता की यह प्रक्रिया विशेष रूप से 20वीं सदी के उत्तरार्द्ध में उभरती है, इस समय अनेक महिला लेखिकाओं ने अपनी रचनाओं में स्त्री के 'स्व' की खोज को केंद्र में रखा।

मन्नू भंडारी की 'आपका बंटी', उषा प्रियंवदा की 'वापसी', मैत्रेयी पुष्पा की 'इदन्नमम' और कृष्णा सोबती की 'मित्रो मरजानी' जैसे उपन्यासों में स्त्री नायिकाएँ पारिवारिक और सामाजिक व्यवस्थाओं के विरुद्ध खड़ी होकर अपने आत्मबोध की स्थापना करती हैं। ये रचनाएँ यह दिखाती हैं कि स्त्री के भीतर स्वायत्तता की आकांक्षा केवल अधिकारों की माँग नहीं, बल्कि सांस्कृतिक असहमति का भी एक रूप है।

आज की स्त्री लेखन परंपरा में यह विमर्श और भी अधिक प्रखर हो उठा है, जहाँ स्त्रियाँ अब केवल पीड़ित नहीं, बल्कि सजग प्रतिरोधकर्ता के रूप में सामने आती हैं।

वे न केवल समाज से प्रश्न करती हैं, बल्कि स्वयं को पुनर्परिभाषित भी करती हैं। यही अस्मिता की वास्तविक चेतना है।

## नारीवादी कहानियों में अस्मिता संघर्ष के प्रमुख आयाम

नारीवादी कहानियाँ नारी अस्मिता के संघर्ष को केवल वैचारिक धरातल पर नहीं, बल्कि दैनिक जीवन की सूक्ष्म स्थितियों और अनुभवों के माध्यम से अभिव्यक्त करती हैं। इन कहानियों में स्त्री की पहचान, स्वतंत्रता और आत्मबोध को उसके पारिवारिक, सामाजिक, यौनिक, आर्थिक और भावनात्मक संबंधों के बीच टकराते हुए देखा जा सकता है। नारीवाद की यह कथा-धारा स्त्री को दया, सहनशीलता या त्याग की मूर्ति भर मानने से इनकार करती है और उसे एक सजग, संवेदनशील और आत्म-निर्णायक इकाई के रूप में सामने लाती है।

इन कहानियों में अस्मिता संघर्ष के प्रमुख आयामों में प्रमुखतः शरीर पर अधिकार (देह की स्वायत्तता), भावनात्मक पहचान की खोज, आर्थिक आत्मनिर्भरता, विवाह और मातृत्व की पारंपरिक छवियों का विरोध तथा भाषिक-प्रतीकात्मक प्रतिरोध शामिल हैं। उदाहरणतः, मृदुला गर्ग की कहानियों में स्त्री पात्र सामाजिक नैतिकता को चुनौती देती हैं, वहीं प्रभा खेतान की रचनाओं में स्त्री आर्थिक शोषण से मुक्ति की आकांक्षा के साथ सामने आती है।

इन कहानियों की विशेषता यह है कि वे नारी संघर्ष को किसी एक आयाम तक सीमित नहीं करतीं, बल्कि उसकी अस्मिता के जटिल, बहुआयामी और मनोवैज्ञानिक पक्षों को गहराई से उजागर करती हैं। इस प्रकार, नारीवादी

कहानियाँ स्त्री को केवल 'पीड़िता' नहीं, बल्कि 'प्रतिरोध' और 'पुनर्निर्माण' की वाहक बनाकर प्रस्तुत करती हैं।

**"मन्नू भंडारी का उपन्यास 'आपका बंटी' हिंदी साहित्य में एक मील का पत्थर है, जो अपने समय से आगे की कहानी कहता है और हर समय का सच होने के कारण कालातीत भी है। शकुन के जीवन की सबसे बड़ी त्रासदी यही है कि व्यक्ति और माँ के इस द्वंद्व में वह न पूरी तरह व्यक्ति बनकर जी सकी, न पूरी तरह माँ बनकर।....... और क्या यह केवल शकुन की त्रासदी है अपने व्यक्तित्व को पूरी तरह नकारती हुई, अपने मातृत्व के लिए संबंधों के सारे नकारात्मक पक्षों को पीछे धकेलती हुई या उन्हें अनदेखा करती हुई, हिन्दुस्तान की हज़ारों औरतों की यही त्रासदी है।"**[3]

## सामाजिक बंधनों से मुक्ति

मन्नू भंडारी की 'यह सच है' और कमलेश्वर की 'राजा निरबंसिया' जैसी कहानियाँ स्त्री अस्मिता के संघर्ष की महत्त्वपूर्ण अभिव्यक्तियाँ हैं, जहाँ नायिकाएँ पारंपरिक सामाजिक संरचनाओं और रूढ़ मान्यताओं को सीधे चुनौती देती हैं। इन कहानियों में स्त्रियाँ केवल उत्पीड़ित पात्र नहीं हैं, बल्कि वे चेतना-संपन्न, निर्णयक्षम और आत्ममुखी व्यक्तित्व के रूप में उभरती हैं। मन्नू भंडारी की नायिका एक असहज विवाह और छल से बने संबंधों के भीतर अपनी अस्मिता की खोज करती है तथा अंततः पारंपरिक विवाह-संस्था की सीमाओं को अस्वीकार कर आत्मनिर्णय का मार्ग चुनती है। इसी प्रकार, कमलेश्वर की नायिका 'राजा निरबंसिया' में सामाजिक रूप से निर्धारित नैतिक मूल्यों से टकराते हुए अपने व्यक्तिगत जीवन के लिए स्वायत्त निर्णय लेती है।

ये कहानियाँ यह दर्शाती हैं कि स्त्रियों की चेतना अब केवल सामाजिक और पारिवारिक भूमिकाओं में सीमित नहीं रही, बल्कि वे इन ढाँचों को पुनर्परिभाषित कर रही हैं। यह विमर्श महज़ वैचारिक विद्रोह नहीं है, बल्कि आत्म-चेतना, आत्मसम्मान और स्वतंत्रता की खोज की प्रक्रिया है। स्त्री अब स्वयं को 'दूसरे' के रूप में नहीं, बल्कि एक स्वतंत्र इकाई के रूप में देखने लगी है, जो अपने जीवन के चुनाव स्वयं करना चाहती है। हिंदी कथा-साहित्य में इन कहानियों के माध्यम से यह विमर्श सशक्त रूप में सामने आता है।

**"चंदा ने देखा तो यह सब सह न पाई। उसके जी में आया कि कह दे, क्या आज तक तुमने कभी किसी से उधार पैसे नहीं लिए पर वह तो खुद तुमने लिए थे और तुम्हें मेरे सामने स्वीकार नहीं करना पड़ा था। इसीलिए लेते झिझक नहीं लगी, पर आज मेरे सामने उसे स्वीकार करते तुम्हारा झूठा पौरूष तिलमिलाकर जाग पड़ा है। पर जगपती के मुख पर बिखरी हुई पीड़ा में जिस आदर्श की गहराई थी, वह चंदा के मन में चोर की तरह घुस गई और बड़ी स्वाभाविकता से उसने माथे पर हाथ फेरते हुए कहा, 'ये दवाइयाँ किसी की मेहरबानी नहीं हैं। मैंने हाथ का कड़ा बेचने को दे दिया था, उसी में आई हैं।"**[4]

## आर्थिक स्वतंत्रता का संघर्ष

भारतीय कथा-साहित्य में नारी अस्मिता का संघर्ष विविध स्तरों पर चित्रित हुआ है, जिनमें आर्थिक स्वतंत्रता एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण पक्ष के रूप में उभरकर सामने आता है। पितृसत्तात्मक सामाजिक संरचना में स्त्री को प्रायः केवल घरेलू उत्तरदायित्वों तक सीमित कर दिया गया है, जिससे उसकी स्वतंत्र पहचान का निर्माण बाधित होता है। जब तक स्त्री स्वावलंबी नहीं बनती, तब तक वह न तो अपने जीवन के निर्णय स्वयं ले सकती है, न ही समाज में सम्मानजनक स्थान प्राप्त कर सकती है।

मुंशी प्रेमचंद की प्रसिद्ध कहानी 'कफन' में यह यथार्थ अत्यंत मार्मिक रूप में प्रस्तुत हुआ है। इस कहानी में बुधिया नामक एक स्त्री प्रसव पीड़ा में तड़प-तड़प कर मर जाती है, परन्तु उसका पति माधव और ससुर घीसू उसके लिए कोई उपचार नहीं करते। उसके जीवन और मृत्यु, दोनों में उसकी कोई स्वतंत्रता या गरिमा नहीं होती। उसकी स्थिति मात्र एक बोझ के रूप में देखी जाती है। वह स्त्री बुधिया उन अनगिनत स्त्रियों का प्रतीक है, जिन्हें समाज ने आर्थिक निर्भरता और असहायता की स्थिति में जीने को विवश कर दिया है।

'कफन' यह स्पष्ट करता है कि नारी के अस्तित्व की उपेक्षा और उसकी पीड़ा का एक बड़ा कारण उसका आर्थिक पराश्रय है। जब तक स्त्री को अपने श्रम और प्रतिभा के बल पर आत्मनिर्भर बनने का अवसर नहीं मिलता, तब तक उसकी अस्मिता संकटग्रस्त ही बनी रहती है। इसलिए, आर्थिक स्वतंत्रता नारी अस्मिता की रक्षा की पहली शर्त है।

**"प्रेमचंद ने 'कफन' कहानी के द्वारा निम्न वर्ग की स्त्री की दुखद स्थिति को दिखाने के साथ-साथ किसान, मज़दूर, अशिक्षित वर्ग की आर्थिक दुर्व्यवस्था को स्पष्ट रूप से दिखया है। प्रेमचंद ने अपनी कहानियों एवं उपन्यासों में जैसे 'सेवासदन', 'निर्मला', 'गोदान' आदि के मध्यम वर्ग की नारी की दुविधा भरी परिस्थितियों का चित्रण किया है। जहाँ तक आर्थिक स्थिति की बात है, तो मध्यम वर्ग की स्थिति अत्यंत विडम्बनापूर्ण होती है। इस वर्ग की नारी आडम्बनाप्रिय तथा सामाजिक प्रतिष्ठा के प्रति अत्यधिक सचेत होने से इसकी आमदनी आवश्यकता से कम पड़ जाती है। उसका मन उच्च वर्ग के प्रति आकर्षित होता है और वह उसको पाने के लिए भयंकर कष्ट झेल लेती है।"**[5]

## परंपराओं और रूढ़ियों के विरुद्ध विद्रोह

भारतीय कथा-साहित्य में नारी अस्मिता का संघर्ष केवल सामाजिक विषमताओं के विरुद्ध नहीं, बल्कि परंपराओं और रूढ़ियों द्वारा निर्धारित स्त्री की स्थिर छवियों को तोड़ने का प्रयास भी है। आधुनिक महिला लेखिकाओं ने अपने साहित्य में स्त्री को उस पारंपरिक चौखटे से बाहर लाने का साहस किया है, जिसमें उसे केवल एक 'देवी' या 'दासी' की भूमिका में बाँध दिया गया था।

निर्मला पुतुल, कृष्णा सोबती और महाश्वेता

देवी जैसी लेखिकाएँ स्त्री पात्रों को ऐसे विद्रोही स्वर में प्रस्तुत करती हैं, जो न केवल पितृसत्तात्मक ढाँचों को चुनौती देती हैं, बल्कि सामाजिक-सांस्कृतिक धारणाओं का भी गहन पुनर्पाठ करती हैं। निर्मला पुतुल आदिवासी स्त्री की चेतना को स्वर देती हैं - एक ऐसी स्त्री, जो 'आदिवासीपन' के बोझ से नहीं, बल्कि अपनी मानवता और अधिकारबोध से परिचालित होती है। उनकी रचनाओं में स्त्री, प्रकृति और जीवन, दोनों की प्रतीक बनकर सामने आती है, पर वह केवल सहनशील नहीं है, बल्कि परिवर्तन की वाहक भी है।

कृष्णा सोबती की स्त्रियाँ जैसे 'मित्रो मरजानी' की मित्रो या 'ज़िंदगीनामा' की स्त्री-पात्र, अपनी देह, इच्छाओं और अस्मिता को लेकर पूरी तरह सजग हैं। वे अपने निर्णय स्वयं लेना चाहती हैं, चाहे समाज उन्हें अपवित्र क्यों न कहे। महाश्वेता देवी की कहानियों में 'द्रौपदी' जैसे पात्र प्रतिरोध का प्रतीक बन जाते हैं, जहाँ नग्नता भी सत्ता के विरुद्ध हथियार बन जाती है। इन पात्रों की संघर्षशीलता भारतीय स्त्री-विमर्श की जड़ों को गहराई देती है। ये विद्रोह केवल बाह्य नहीं, बल्कि आंतरिक आत्मबोध का परिणाम है। इस साहित्यिक स्वरूप में स्त्री अब दया की पात्र नहीं, बल्कि चेतना की वाहक है, जो परंपराओं को चुनौती देकर एक नई सामाजिक संरचना की माँग करती है।

**"महाश्वेता देवी की लघुकथा 'द्रौपदी' (1988) वर्ग के भेद को रेखांकित करती है, जिसने केंद्र सरकार को द्रौपदी की निम्न वर्गीय स्थिति को उजागर करके और इस कमज़ोरी की स्थिति को मध्यम वर्ग के सज्जन सेनानायक को उसे पीड़ित करने में सक्षम बनाने के लिए अभिजात वर्ग और मध्यम वर्गों से व्यापक समर्थन प्राप्त करने में सक्षम बनाया। नक्सली संघर्ष के प्रमुख पहलुओं का पता लगाने में, क्रांतिकारी और बंदी के बीच विरोधी वर्ग संबंध को सामने रखा गया है।"**[6]

## निष्कर्ष

नारी अस्मिता का संघर्ष हिंदी कथा-साहित्य में केवल भावनाओं का प्रकटन नहीं, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और वैचारिक रूढ़ियों के विरुद्ध एक सशक्त हस्तक्षेप है। इस विमर्श ने स्त्री को पारंपरिक भूमिकाओं की सीमाओं से बाहर निकालकर एक स्वतंत्र, विवेकशील और प्रतिरोधी इकाई के रूप में प्रस्तुत किया है। महाश्वेता देवी, कृष्णा सोबती, निर्मला पुतुल जैसी लेखिकाओं ने स्त्री को न केवल उसके अधिकारों के प्रति जागरूक किया, बल्कि उसे समाज की स्थापित संरचनाओं से टकराने का नैतिक बल भी प्रदान किया।

इस प्रकार साहित्य में स्त्री-पात्रों का विद्रोह मात्र निजी असंतोष नहीं, बल्कि एक समष्टिगत चेतना का प्रतीक है, जो समता, स्वायत्तता और न्याय की माँग करता है। यह साहित्य सामाजिक पुनर्रचना की दिशा में न केवल विचार उत्पन्न करता है, बल्कि पाठकों को संवेदना और उत्तरदायित्व के साथ संवाद करने के लिए प्रेरित भी करता है। इस प्रकार नारी विमर्श पर आधारित हिंदी

कथा-साहित्य आज स्त्री-अस्मिता के बहुआयामी संघर्षों का साक्षी बनकर हमारे समक्ष एक वैचारिक क्रांति का मार्ग प्रशस्त कर रहा है।

❑❑❑

## संदर्भ सूची


1. https://sumanthakur0.blogspot.com/2019/05/meaning-of-identity.html
2. https://vagartha.bharatiyabhashaparishad.org/rajendra-prasad-singh/
3. https://hindi.webdunia.com/
4. https://www.hindwi.org/story/raja-nirbansiya-kamleshwar-story
5. https://www.hindijournal.com/assets/archives/2020/vol6issue5/6-5-34-362.pdf
6. https://www.researchgate.net/publication/ 326470630_Narratives_of_Resistance_Mahasweta_Devi's_Draupadi

विद्वत वाणी
अंतर्राष्ट्रीय त्रैमासिक शोध पत्रिका
ISSN : 3048-9547 (Print)
Volume - 1 - 2024, Issue - 4

"VIDWAT VANI"
Quarterly International Peer Reviwed Refereed Journal
Starting Year - 2024
April to June - 2025



एन. श्रीदेवी

सहायक आचार्य
(हिंदी विभाग)
एस.के.एस.सी. डिग्री
कॉलेज, प्रोद्दूर
कड़पा-516360
आंध्र प्रदेश
संपर्क
sreedevinarala8@gmail.com

# वैदिक वाड्मय में इंद्र

**शोध सारांश**

वैदिक वाड्मय में इंद्र का स्थान अत्यंत महत्त्वपूर्ण और केंद्रीय है। ऋग्वेद में उनके लिए लगभग 250 सूक्त समर्पित हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि वे वैदिक आर्यों के सर्वप्रिय और प्रमुख देवता थे। उनका स्वरूप बहुआयामी है। वे एक ओर युद्ध के वीर योद्धा हैं, तो दूसरी ओर वर्षा प्रदान करने वाले कृपाशील देवता। सोमपान, वज्रधारण, रथ-संचालन, दानव-वध आदि गुण उन्हें विशिष्ट बनाते हैं। वे केवल शारीरिक सामर्थ्य के प्रतीक नहीं हैं, बल्कि वैदिक चिंतन में आत्मवाद और आध्यात्मिकता के संवाहक के रूप में भी प्रतिष्ठित हैं। इंद्र की उपस्थिति न केवल ऋग्वैदिक वाड्मय में, बल्कि बाद के ब्राह्मण, उपनिषद् तथा पुराण साहित्य में भी विस्तृत है। वे त्रैलोक्य के अधिपति, मेधावी ऋषि और दार्शनिक ब्राह्मण के रूप में वर्णित होते हैं। उनके माध्यम से न केवल प्रकृति के रहस्यों का उद्घाटन होता है, बल्कि सामाजिक-धार्मिक सत्ता और सांस्कृतिक परिवर्तन का भी संकेत मिलता है। यह शोध-पत्र इंद्र की बहुआयामी भूमिका, उनके प्रतीकात्मक पक्ष और वैदिक देवताओं के बीच उनके स्थान की एक समग्र विवेचना प्रस्तुत करता है।

**बीज शब्द**

**1. इंद्र 2. वैदिक साहित्य 3. ऋग्वेद 4. वज्रधारी योद्धा 5. आत्मवाद 6. त्रैलोक्याधिपति**

**मूल शोध**

वैदिक वाड्मय भारतीय सभ्यता की चिंतन-परंपरा, धार्मिक चेतना और सांस्कृतिक संरचना का मूल आधार है। ऋग्वेद में देवताओं के गुणगान के माध्यम से न केवल आध्यात्मिक सिद्धांतों का निरूपण हुआ है, बल्कि

तत्कालीन समाज के प्राकृतिक, सामाजिक तथा वैचारिक स्वरूप का भी सजीव चित्रण मिलता है। इस वाड्मय में देवों के राजा इंद्र को सर्वोपरि स्थान प्राप्त है, जो न केवल स्तुतियों की बहुलता के कारण, बल्कि उनके कार्य, प्रभाव और प्रतीकात्मक स्वरूप के कारण भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं। **ऋग्वेद-संहिता - प्रथम मंडल सूक्त 32** में इस बात की पुष्टि की गई है।

**"इंद्रस्य नु वीर्याणि प्र वोचं यानि चकार प्रथमानि वज्री।**
**अहन्नहिमन्वपस्ततर्द प्र वक्षणा अभिनत्पर्वतानाम्।।१।।**

**अर्थात मेघों को विदीर्ण कर पानी बरसाने वाले, पर्वतीय नदियों को ले तटों को निर्मित करने वाले वज्रधारी, पराक्रमी इंद्रदेव के कार्य वर्णनीय हैं। उन्होंने जो प्रमुख वीरतापूर्ण कार्य किये, वे ये ही हैं।"**[1]

इंद्र का स्वरूप वैदिक समाज की गूढ़ धार्मिक अनुभूतियों और दार्शनिक प्रवृत्तियों का प्रतिनिधित्व करता है। वे केवल वर्षा देने वाले देवता या दानवों के संहारक नहीं हैं, अपितु वे आत्मबल, मेधाशक्ति, दानशीलता, सामाजिक नेतृत्व और दैवी सत्ता के मूर्त रूप हैं। उनके माध्यम से हम वैदिक युग के उस संक्रमण को भी समझ सकते हैं, जहाँ प्रकृति-पूजा से वैदिक एकत्त्ववाद और आत्मवाद की ओर बढ़ती धार्मिक चेतना आकार ले रही थी।

**इंद्र का नाम और उत्पत्ति (विस्तृत विश्लेषण)**

'इंद्र' वैदिक आर्यो की धार्मिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक चेतना का केंद्रीय प्रतीक है, जिसका नाम भारत-ईरानी आर्यो की साझा विरासत में उद्भूत हुआ है। भाषावैज्ञानिक दृष्टि से 'इंद्र' नाम की व्युत्पत्ति पर विद्वानों में मतभेद हैं। सामान्यतः 'इन्द्र' शब्द की व्युत्पत्ति संस्कृत धातु 'इन्ध' (igniter, प्रज्वलनकर्ता) से मानी जाती है, जैसा कि शतपथ ब्राह्मण में उल्लेखित है तथा इसे कभी-कभी 'इन्दु + र' (वर्षा-बिन्दु-धारक) के रूप में भी व्याख्यायित किया जाता है, जिसका अर्थ होता है वर्षा-बिन्दु का अधिपति। ईरानी अवेस्ता में इंद्र का प्रतिरूप 'अंद्र' नकारात्मक रूप में वर्णित है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि उत्तरकालीन ईरानी संस्कृति में इंद्र का रूप रूपांतरित होकर राक्षसी या विरोधी शक्ति का प्रतीक बन गया, जबकि भारत में वे वीरता और लोकहित के देवता बने रहे।

ऋग्वेद में इंद्र को सर्वाधिक बार संबोधित किया गया है- उनसे जुड़ी लगभग 250 ऋचाएँ उनकी व्यापकता को दर्शाती हैं। वे वज्रधारी देवता हैं, जिन्होंने वृत्र नामक असुर का वध कर वर्षा को मुक्त किया, जिससे उन्हें 'वृत्रहन्' कहा गया। यह वृत्तांत केवल धार्मिक प्रतीक नहीं, अपितु कृषि आधारित समाज की वर्षा पर निर्भरता का संकेतक भी है। इंद्र के युद्ध कौशल, सोमपान, ऐश्वर्य, उदारता और भक्तवत्सलता का चित्रण उन्हें एक जीवंत, मानवोन्मुख और प्रजावत्सल देवता बनाता है।

इंद्र की उत्पत्ति की चर्चा केवल धार्मिक कल्पना नहीं है, बल्कि यह आर्य जातियों की ऐतिहासिक यात्रा, सांस्कृतिक संघर्षों और सामाजिक संगठन की अभिव्यक्ति है। वे न केवल

स्वर्ग के अधिपति हैं, बल्कि भूमि पर संघर्षरत समाज की आकांक्षाओं और विश्वासों के प्रतिबिंब भी हैं। अतः इंद्र का नाम और स्वरूप वैदिक संस्कृति के शक्ति, सुरक्षा और सामूहिक चेतना के मूल भाव का प्रतिनिधित्व करता है।

**"माना जाता है कि इंद्र किसी व्यक्ति विशेष का नाम नहीं, बल्कि यह एक पद का नाम है और दूसरा एक विशेष प्रकार के बादल का भी नाम है। इंद्र एक काल (समय, पीरियड) का नाम भी है। मनवंतर में अलग इंद्र, सप्तर्षि, अंशावतार, मनु होते हैं। अर्जुन एक इंद्र के ही पुत्र थे।**

**इंद्र को सुरेश, सुरेन्द्र, देवेन्द्र, देवेश, शचीपति, वासव, सुरपति, शक्र, पुरंदर, देवराज भी कहा जाता है। इंद्र के कारण ही इंद्र धनुष, इंद्रजाल, इंद्रियाँ, इंदिरा जैसे शब्दों की उत्पत्ति हुई है। इंद्र को देवताओं का अधिपति माना गया है। इंद्र को उनके छल के कारण अधिक जाना जाता है।**

**वैदिक समाज जहाँ देवताओं की स्तुति करता था, वहीं वह प्राकृतिक शक्तियों की भी स्तुति करता था और वह मानता था कि प्रकृति के हर तत्त्व पर एक देवता का शासन होता है। उसी तरह वर्षा या बादलों के देवता इंद्र हैं, तो जल (समुद्र, नदी आदि) के देवता वरुण हैं।"[2]**

## वैदिक वाङ्मय में इंद्र का स्वरूप

ऋग्वैदिक वाङ्मय में इंद्र सर्वाधिक स्तुत्य, प्रभावशाली और बहुआयामी देवता हैं। इंद्र का स्वरूप अत्यंत मानवोचित और वीररस-प्रधान है। वे हरिकेश (स्वर्णिम केशयुक्त), हरिवर्ण (स्वर्ण आभायुक्त शरीरधारी), वज्रधारी तथा सोमप्रिय योद्धा के रूप में वर्णित हैं। उनके अंगों की तुलना गगनचुंबी पर्वतों, सिंह और हाथियों से की गई है, जो उनकी भौतिक शक्ति और महिमा का प्रतीक है।

**"अहन्वृत्रं वृत्रतरं व्यसमिन्द्रो वज्रेण महता वधेन।
स्कन्धासीव कुलिशेना विवृक्णाहिः शयत उपपृक्पृथिव्याः"[3]**

इंद्र वैदिक धर्म के सर्वाधिक गतिशील और शक्तिशाली देवता हैं, जो ब्रह्मांडीय व्यवस्था बहाल करने वाले की भूमिका निभाते हैं। उनके स्वरूप में सौंदर्य, शक्ति और वीरता का समन्वय देखा जा सकता है। इंद्र को सोमरस का उपभोगकर्ता बताया गया है, जो युद्ध से पूर्व उसे पीकर उत्साह एवं बल अर्जित करते हैं।

**"यजामह इन्द्रं वज्रदक्षिणं हरीणां रथ्यं विव्रतानाम्।
प्र श्मश्रु दोधुवदूर्ध्वथा भूद्वि सेनाभिर्दयमानो वि राधसा"[4]**

उनके मुख का वर्णन 'मदमत्त' और 'तेजस्वी' रूप में हुआ है, वहीं मूंछों को ताव देता बताया गया है-यह समस्त वर्णन उन्हें वीरता, पुरुषार्थ और आत्मबल का प्रतीक बनाते हैं।

इस प्रकार, इंद्र का स्वरूप-मानवोचित, वीर, सौंदर्ययुक्त एवं धर्म-संग्रामशील-वैदिक चिंतन की उस कल्पनाशीलता को दर्शाता है, जहाँ देवता न केवल पूजनीय, बल्कि निकटस्थ, अनुभवसिद्ध और प्रेरणास्पद होते हैं।

## इंद्र के आयुध एवं वाहन

ऋग्वैदिक देवता इंद्र का चरित्र केवल एक योद्धा का नहीं है, बल्कि वह दैवी सत्ता के नियामक, धर्म-संरक्षक और सृष्टि-व्यवस्था के प्रतीक के रूप में भी स्थापित हैं। उनके मुख्य आयुध वज्र का निर्माण त्वष्टा द्वारा किया गया, जो विशेष रूप से वृत्रासुर जैसे जल-रोधक असुर का वध करने के लिए निर्मित था। यह तथ्य केवल पौराणिक नहीं, अपितु प्रतीकात्मक रूप से प्राकृतिक व्यवस्था में जलचक्र की पुनःस्थापना को भी इंगित करता है। वज्र का उल्लेख 'अनिवेध्य' (भेदन से परे) के रूप में हुआ है, जो इंद्र की अजेय शक्ति को दर्शाता है।

इंद्र के अन्य शस्त्र, जैसे स्वर्णधनुष, अग्निबाण तथा यंत्र-जाल, उनके बहुआयामी युद्ध-कौशल और दिव्य क्षमताओं के प्रतीक हैं। ऋग्वेद इन्हें केवल बाह्य अस्त्रों के रूप में नहीं, बल्कि मानसिक तीव्रता, त्वरित निर्णय और ब्रह्मतेज के रूप में भी चित्रित करता है।

इंद्र का रथ उनके चरित्र का एक और महत्त्वपूर्ण आयाम प्रस्तुत करता है। यह रथ हिरण्यवर्ण, हरित या हरिद्रवर्ण घोड़ों द्वारा खींचा जाता है। इन घोड़ों की संख्या कभी द्वय, चतुष्टय या सहस्र बताई गई है, जो प्रतीकात्मक रूप से इंद्र की सार्वत्रिक उपस्थिति और ब्रह्मांडीय व्याप्ति को प्रकट करते हैं। ऋग्वेद में इनकी गति 'मनस पूर्वा' कही गई है। यह विवरण केवल शारीरिक गति नहीं, बल्कि चेतना की तीव्रता और अनायास संप्रेषण की क्षमता को भी रूपायित करता है।

इस प्रकार, इंद्र के आयुध और वाहन केवल पौराणिक कल्पना नहीं, बल्कि वैदिक चिंतन में निहित लौकिक और अलौकिक शक्तियों के समन्वय का दार्शनिक संकेत हैं।

**"इंद्र का प्रसिद्ध आयुध 'वज्र' है, जिसे कि विद्युत्-प्रहार से अभिन्न माना जा सकता है। इंद्र के वज्र का निर्माण 'त्वष्टा' नामक देवता-विशेष द्वारा किया गया था। इंद्र को कभी-कभी धनुष-बाण और अंकुश से युक्त भी बतलाया गया है। उसका रथ स्वर्णाभ है। दो हरित वर्ण अश्वों द्वारा वाहित उस रथ का निर्माण देव-शिल्पी ऋभुओं द्वारा किया गया था।"**[5]

## सोमपान और उसकी प्रतीकात्मकता

ऋग्वैदिक वाङ्मय में सोमपान एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण और बहुस्तरीय प्रतीक के रूप में प्रतिष्ठित है। विशेषतः इंद्र के संदर्भ में सोम न केवल एक बलवर्द्धक पेय के रूप में वर्णित है, अपितु वह दिव्य चेतना, उत्साह और आध्यात्मिक प्रेरणा का प्रतीक भी बन जाता है। ऋग्वेद में अनेक स्थलों पर इंद्र की सोम के प्रति आकांक्षा और लिप्सा का उल्लेख मिलता है। उदाहरणतः, वृत्रवध से पूर्व इंद्र तीन ह्रदों का सोमपान करते हैं – यह सोम उनके भीतर न केवल शारीरिक बल, बल्कि मानसिक उत्कर्ष, दिव्य विवेक और अद्भुत सामर्थ्य का संचार करता है।

ऋग्वैदिक समाज में सोम की पहचान केवल एक पेय या औषधि के रूप में न होकर, एक ब्रह्माण्डीय तत्त्व के रूप में भी है, जो देवों और

ऋषियों के बीच संचार का माध्यम बनता है। इसका सेवन करते हुए इंद्र 'मधुपायी' और 'सोमस्य राजा' कहे जाते हैं। सोम का यह प्रतीकात्मक रूप, एक प्रकार की 'रसायनिक आध्यात्मिकता' का बोध कराता है, जिसमें पदार्थ और चेतना के संयोग से शक्ति और स्फूर्ति की उत्पत्ति होती है। यह एक तरह से वैदिक मानस की समग्रता को भी व्यक्त करता है, जहाँ आत्मिक और भौतिक आयामों में कोई कठोर विभाजन नहीं होता।

**"इंद्रकृत वृत्र-वध ऋग्वेद में बहुधा और बहुशः वर्णित और उल्लिखित है। सोम की मादकता से उत्प्रेरित हो, प्रायः मरुद्गणों के साथ, वह 'वृत्र' अथवा 'अहि' नामक दैत्यों (अनावृष्टि और अकाल के प्रतीक) पर आक्रमण करके अपने वज्र से उनका वध कर डालता है और पर्वत को भेदकर बन्दीकृत गायों के समान अवरुद्ध जलों को विनिर्मुक्त कर देता है। उक्त दैत्यों का आवास-स्थल 'पर्वत' मेघों के अतिरिक्त कुछ नहीं है, जिनका भेदन वह जल-विमोचन हेतु करता है। इसी प्रकार गायों को अवरुद्ध कर रखने वाली प्रस्तर-शिलाएँ भी जल-निरोधक मेघ ही हैं।"**[6]

**त्रैलोक्य का सम्राट : इंद्र**

वैदिक साहित्य में इंद्र को त्रैलोक्य (पृथ्वी, अन्तरिक्ष एवं द्युलोक) का सम्राट कहा गया है। यह पदवी केवल शक्ति, पराक्रम या युद्ध-कौशल के आधार पर नहीं, बल्कि उनके सृजनात्मक, संरक्षक एवं नियामक स्वरूप के कारण भी उन्हें प्राप्त हुई है। ऋग्वेद में स्वयं इंद्र कहते हैं-

**"अहं मनुरभवं सूर्यश्चवाहं कक्षीवाँ ऋषिरस्मि विप्रः।
अहं कुत्समार्जुनेयं न्यृञ्जेऽहं कविरुशना पश्यता मा"**[7]

अर्थात, वे मनु (मानव जाति के आदिपुरुष) भी हैं और सूर्य (दिव्यता एवं प्रकाश के प्रतीक) भी। इससे स्पष्ट होता है कि वे केवल युद्ध के देवता नहीं, अपितु विश्व-व्यवस्था के मूल संस्थापक एवं नियामक भी हैं।

इंद्र को न केवल द्युलोक (स्वर्ग) के राजा के रूप में प्रतिष्ठित किया गया, बल्कि उनके अधिपत्य को पृथ्वी और आकाश तक विस्तृत बताया गया है। उनकी शक्ति इतनी व्यापक है कि उन्होंने वज्र के प्रहार से वृत्र (अन्धकार और अराजकता के प्रतीक) का नाश कर विश्व को जल प्रदान किया, जिससे सृष्टि के तीनों लोक पुनः सक्रिय हुए। यह त्रै-आयामी सत्ता उन्हें समस्त देवताओं में विशिष्ट और सार्वभौमिक बनाती है।

उनकी यह सार्वभौमिक सत्ता एक ओर जहाँ लौकिक एवं पारलौकिक सत्ता की कल्पना को दर्शाती है, वहीं दूसरी ओर वैदिक धर्म के देव-राजनीतिक ढाँचे की अवधारणा को भी प्रस्तुत करती है। इसीलिए इंद्र को केवल एक देवता नहीं, बल्कि वैदिक त्रैलोक्य-व्यवस्था के केंद्र बिंदु के रूप में देखा जाता है।

**निष्कर्ष**

इंद्र का स्वरूप वैदिक वाङ्मय में एक सार्वभौमिक और बहुस्तरीय प्रतीक के रूप में उभरता है। विवेचन में यह स्पष्ट हुआ कि इंद्र न केवल एक प्राकृतिक देवता हैं, अपितु वैदिक मानव

की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक चेतना के वाहक भी हैं। ऋग्वेद में उनकी शक्ति, वीरता और सृजनशीलता का वर्णन जहाँ बाह्य प्रकृति के नियंत्रणकर्ता के रूप में हुआ है, वहीं वे आंतरिक चेतना के उद्बोधन और नेतृत्व के गुणों से भी युक्त हैं। इंद्र का व्यक्तित्व स्थूल और सूक्ष्म दोनों स्तरों पर कार्य करता है। वे वर्षा लाकर कृषि-संस्कृति को पोषित करते हैं, युद्ध में विजयी होकर सामाजिक संरचना की रक्षा करते हैं और साथ ही साथ सोमपान और मेधाज्ञान द्वारा दार्शनिक चेतना के प्रवाह को भी संभव बनाते हैं।

इस प्रकार निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि इंद्र वैदिक देवमंडल के केवल एक देवता नहीं, अपितु संपूर्ण वैदिक जीवन-दृष्टि, प्रकृतिबोध और आत्मबोध के समन्वित प्रतीक हैं। उनका विश्लेषण वैदिक संस्कृति की समग्रता को समझने की एक महत्त्वपूर्ण कुंजी प्रदान करता है।

❑❑❑

## संदर्भ सूची


1. ऋग्वेद-संहिता - प्रथम मंडल सूक्त 32 http://vedahindi.blogspot.com/2011/03/blog-post.html
2. https://hindi.webdunia.com/sanatan-dharma-mahapurush/indra-god-115070100023_1.html
3. ऋग्वेद 1.32.1.5, https://www.wisdomlib.org/hinduism/book/rig-veda-english-translation/d/doc829269.html
4. ऋग्वेद 10.23.1, https://vedsearch.org/rigved/10/23/1
5. https://hi.wikipedia.org/wiki/इंद्र
6. https://hi.wikipedia.org/wiki/इंद्र
7. ऋग्वेद 4.26.1, https://vedsearch.org/rigved/4/26/1

विद्वत वाणी
अंतर्राष्ट्रीय त्रैमासिक शोध पत्रिका
ISSN : 3048-9547 (Print)
Volume - 1 - 2024, Issue - 4

"VIDWAT VANI"
Quarterly International Peer Reviwed Refereed Journal
Starting Year - 2024
April to June - 2025

# नरेश सक्सेना की कविताओं में विज्ञान, संवेदना, तथ्य और यथार्थ का संगम



**गीतिका गुप्ता**

सहायक आचार्य
(हिंदी विभाग)
हिंदी सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय
अजमेर-305001
राजस्थान
संपर्क
guptageetika86@gmail.com

## शोध सारांश

नरेश सक्सेना की कविताओं में विज्ञान केवल ज्ञान नहीं, एक गहरी मानवीय अनुभूति का माध्यम है। वे भौतिक जगत की वैज्ञानिक प्रक्रियाओं को ऐसे ढंग से प्रस्तुत करते हैं कि वे मानवीय चिंताओं और भावनाओं का रूप ले लेती हैं। उनकी कविता 'पृथ्वी' में धरती की अपने अक्ष और सूर्य के चारों ओर गति को केवल खगोलशास्त्रीय तथ्य की तरह नहीं, बल्कि एक स्त्री सरीखी धैर्यवान सत्ता के रूप में देखा गया है, जो अंधकार और उजाले के बीच संतुलन बनाए रखती है। यह कविता विज्ञान और संवेदना के बीच की दीवारों को तोड़ती है। इसी प्रकार, 'मुझे मेरे भीतर छुपी रोशनी दिखाओ' कविता में प्रकाश और अंधकार के वैज्ञानिक संकेत एक आत्मान्वेषी यात्रा का रूप लेते हैं। यहाँ 'रोशनी' केवल भौतिक प्रकाश नहीं, बल्कि आत्मा की खोज, दिशा और समझ का प्रतीक बन जाती है। नरेश सक्सेना की कविताएँ जैसे 'गिरना', 'पृथ्वी' और 'मुझे मेरे भीतर छुपी रोशनी दिखाओ' यह सिद्ध करती हैं कि विज्ञान और संवेदना में कोई विरोध नहीं, बल्कि गहरा संबंध है। उनके लिए कविता वह स्थान है जहाँ यथार्थ, अनुभव और विज्ञान एक हो जाते हैं-शब्दों के भीतर धड़कता हुआ जीवन बनकर।

## बीज शब्द

1. विज्ञान 2. संवेदना 3. यथार्थ 4. गति 5. प्रकाश (रोशनी) 6. अंधकार 7. गुरुत्वाकर्षण 8. अनुभूति 9. आत्मा 10. प्रकृति

## मूल शोध

नरेश सक्सेना का समकालीन हिंदी काव्य-जगत में एक विशिष्ट

स्थान है। उनकी कविताएँ संवेदनात्मक और शिल्पगत दोनों स्तरों पर साहित्य को समृद्ध करती हैं। चूँकि नरेश जी विज्ञान के विद्यार्थी रहे और एक लंबे समय तक अभियांत्रिकी से जुड़े रहे; इसलिए उनकी कविताओं में विज्ञान एक सहयात्री के रूप में परिलक्षित होता है। उनकी अधिकतर कविताएँ विज्ञान के सिद्धांतों, नियमों और उनसे जुड़ी कई परिकल्पनाओं पर आधारित रही हैं। विज्ञान से जुड़े होने के बावजूद नरेश जी की कविताओं में प्रयुक्त शब्दावली अत्यंत सरल और जन सामान्य से जुड़ी हुई रही है, जिससे गहरी से गहरी बात भी पाठक बड़ी सहजता से संगीत की भाँति ग्रहण कर लेता है- और यही उनकी एक बड़ी उपलब्धि है।

नरेश सक्सेना की कविताएँ न केवल मानवीय संवेदनाओं का गहन चित्रण प्रस्तुत करती हैं, बल्कि उसमें विज्ञान और तथ्य की सटीकता भी समाहित रहती है। उनके यहाँ विज्ञान केवल जानकारी नहीं, बल्कि विचार और जीवन दृष्टि का माध्यम है।

## कविता और विज्ञान : द्वैत नहीं, संवाद

पारंपरिक दृष्टिकोण से कविता और विज्ञान दो विरोधी ध्रुव माने जाते हैं- एक भाव की भाषा है, तो दूसरा तर्क की; किंतु नरेश सक्सेना इन दोनों के बीच की खाई को अपनी कविताओं के माध्यम से पाटते हैं। वे विज्ञान को कविता का विषय नहीं, बल्कि उसकी अंतर्धारा बनाते हैं। उनके लिए विज्ञान केवल सूचनात्मक नहीं, बल्कि भावनात्मक भी है।

उनकी कविताओं में वैज्ञानिक तथ्य भी उसी सहजता से आते हैं, जिस सहजता से प्रेम, दुःख या संघर्ष का चित्रण किया जाता है। वे वैज्ञानिक नियमों का वर्णन ऐसे करते हैं, जैसे वे कोई व्यक्तिगत अनुभव साझा कर रहे हों। इससे कविता एक नए विमर्श की भूमि पर खड़ी होती है।

## 'पीछे छूटी हुई चीज़ें' : गति, विज्ञान और स्मृति

नरेश सक्सेना की कविता 'पीछे छूटी हुई चीज़ें' विज्ञान, यथार्थ और मानवीय संवेदना के त्रिकोण पर खड़ी एक सघन अनुभूति है। यह कविता एक वैज्ञानिक सत्य - 'प्रकाश की गति, ध्वनि से तेज़ होती है' - को बुनियादी बिंदु बनाकर एक गहरे भावबोध की ओर ले जाती है। कविता की आरंभिक पंक्तियाँ-

> **"बिजलियों को अपनी चमक दिखाने की**
> **इतनी जल्दी मचती थी**
> **कि अपनी आवाज़ें पीछे छोड़ आती थीं"[1]**

यहाँ स्पष्ट रूप से विज्ञान का प्रयोग दिखता है। ये पंक्तियाँ प्रकाश और ध्वनि की गति में भौतिक अंतर को दर्शाती हैं। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से बिजली की चमक (प्रकाश) पहले दिखाई देती है और उसकी गड़गड़ाहट (ध्वनि) कुछ समय बाद सुनाई देती है। नरेश सक्सेना इस भौतिक तथ्य को प्रतीकात्मक रूप में लेते हैं; एक ऐसी दुनिया की ओर संकेत करते हुए, जो केवल गति और चमक में जी रही है, परंतु संवेदनाओं (आवाज़ों) को पीछे छोड़ चुकी है। इसके बाद की पंक्तियाँ-

**"आवाज़ें आती थीं पीछा करतीं**
**अपनी ग़ायब हो चुकी**
**बिजलियों को तलाशतीं"[2]**

यहाँ 'आवाज़ें' वैज्ञानिक 'ध्वनि' न होकर अब स्मृति, आत्मा और मनुष्यता की प्रतीक बन जाती हैं। ये वह चेतनाएँ हैं, जो पीछे छूट चुकी हैं और आज की तेज़ी से भागती दुनिया में अपनी जगह खोज रही हैं। यह वह स्थान है, जहाँ विज्ञान का तथ्य मानवीय पीड़ा और संवेदना से मिल जाता है। कविता के वैज्ञानिक प्रयोग का एक और उदाहरण है:-

**"टूटते तारों की आवाज़ें सुनाई नहीं देतीं**
**वे इतनी दूर होते हैं..."[3]**

यह खगोल विज्ञान से संबंधित सत्य है कि टूटते तारे हमसे इतने दूर होते हैं कि उनकी आवाज़ें (यदि हों भी) पृथ्वी तक नहीं पहुँचतीं। यह वैज्ञानिक यथार्थ अब कविता में एक गहरे भावनात्मक बिंब में बदल जाता है - जैसे जीवन की कुछ घटनाएँ इतनी दूर छूट जाती हैं कि उनका असर भी हम तक नहीं पहुँच पाता। अंततः जब कवि कहता है:

**"कि कहीं यह सन्नाटा किसी ऐसी चीज़ के टूटने का तो नहीं**
**जिसे हम हड़बड़ी में बहुत पीछे छोड़ आए हों!"[4]**

तो यह उस समाज की पीड़ा को दर्शाता है, जो प्रगति की दौड़ में अपनी आत्मा, संबंध और स्मृतियाँ खो बैठा है। इस प्रकार नरेश सक्सेना की 'पीछे छूटी हुई चीज़ें' कविता यह सिद्ध करती है कि विज्ञान केवल तथ्य नहीं, संवेदना का माध्यम भी बन सकता है। बिजली की गति, टूटते तारों की दूरी और सन्नाटे की अनुभूति - ये सब वैज्ञानिक यथार्थ हैं, जिन्हें कवि ने मनुष्य की भीतरी विडंबनाओं, स्मृतियों और आत्मिक खोखलेपन से जोड़कर एक मार्मिक कविता में रूपांतरित कर दिया है। यह कविता हमें आधुनिकता की दौड़ में पीछे छूटी मानवीय संवेदनाओं की पुकार सुनने के लिए प्रेरित करती है।

**'गिरना' : गुरुत्वाकर्षण और सामाजिक नैतिकता**

नरेश सक्सेना की कविता 'गिरना' जीवन, भाषा, मनुष्य और समाज को देखने की एक अलग और संवेदनशील दृष्टि प्रस्तुत करती है। यह कविता 'गिरने' को केवल एक भौतिक प्रक्रिया के रूप में नहीं, बल्कि एक सामाजिक, नैतिक और भावनात्मक अनुभव के रूप में देखने का आग्रह करती है। कविता की पहली पंक्ति...

**"चीज़ों के गिरने के नियम होते हैं!**
**मनुष्यों के गिरने के कोई नियम नहीं होते"[5]**

-इस बात की ओर संकेत करती है कि विज्ञान की दुनिया में हर वस्तु के लिए गुरुत्वाकर्षण का एक सुनिश्चित नियम होता है, लेकिन इंसानी जीवन में नैतिक या सामाजिक गिरावट के लिए कोई तय दिशा या सीमा नहीं होती। इसी क्रम में गैलीलियो के ऐतिहासिक प्रयोग का उल्लेख आता है-

**"गैलीलियो, और चिल्ला कर कहता है...**
**लोहे के भारी गोलों**

**और चिड़ियों के हल्के पंखों, और कागज़ों को**
**एक साथ, एक गति से**
**गिरते हुए देखेंगे।"[6]**

उक्त संदर्भ प्रसिद्ध वैज्ञानिक सत्य को उजागर करता है कि यदि हवा का हस्तक्षेप न हो, तो भारी और हल्की वस्तुएँ एक ही गति से गिरती हैं। कविता में यह प्रयोग प्रतीक बन जाता है समाज की उस स्थिति का, जहाँ हर वर्ग और हर स्तर के लोग आज एक जैसी नैतिक गिरावट की ओर अग्रसर हैं। हर कद और हर वज़न के लोग, एक साथ, एक गति से गिरते नज़र आ रहे हैं। कविता आगे बढ़ते हुए यह भी दिखाती है कि समाज किस प्रकार गिरने को परिभाषित करता है। इन पंक्तियों में दृष्टव्य है-

**"बचपन से ऐसी नसीहतें मिलती रहीं**
**कि गिरना हो तो घर में गिरो**
**बाहर मत गिरो**
**यानि चिट्ठी में गिरो**
**लिफाफे में बचे रहो, यानि**
**आँखों में गिरो**
**चश्मे में बचे रहो, यानि**
**शब्दों में बचे रहो**
**अर्थों में गिरो"[7]**

पंक्तियाँ इस बात को उजागर करती हैं कि समाज के लिए घर के भीतर गिरना स्वीकार्य है, पर सार्वजनिक गिरावट शर्म और अपमान की वस्तु बन जाती है। यह सामाजिक नैतिकता की दोहरी मानसिकता की ओर संकेत करती है, लेकिन नरेश सक्सेना इस गिरने को केवल पतन नहीं मानते। वे इसे पुनर्निर्माण और संवेदना से जोड़ते हैं-

**"गिरो जैसे गिरती है बर्फ़ ऊँची चोटियों पर**
**जहाँ से फूटती हैं मीठे पानी की नदियाँ।"[8]**

यहाँ गिरना जीवन का स्रोत बन जाता है- कभी आँसू की बूँद बनकर, कभी नींव की ईंट बनकर, कभी बारिश की बूँद बनकर, जो धरती को बीज सौंपती है। यह कविता विज्ञान की सटीकता और भावनाओं की गहराई को जोड़ते हुए यह बताती है कि गिरना अगर सोच-समझकर, सही दिशा और उद्देश्य के साथ हो, तो वह विनाश नहीं, बल्कि सृजन बन सकता है। गिरना एक चेतावनी भी है और एक संभावना भी।

### 'पृथ्वी' : एक स्त्री, एक ग्रह, एक सजीव विज्ञान

नरेश सक्सेना की कविता 'पृथ्वी', विज्ञान और मानवीय संवेदना का अनूठा मेल है। कविता की शुरुआत कुछ इस प्रकार से प्रभावी होती है-

**'पृथ्वी तुम घूमती हो**
**तो घूमती चली जाती हो**
**अपने केंद्र पर घूमने के साथ ही**
**एक और केंद्र के चारों ओर घूमते हुए लगातार"[9]**

यहाँ पृथ्वी की घूर्णन और परिक्रमण गति का वैज्ञानिक तथ्य सामने आता है, लेकिन कवि केवल जानकारी नहीं दे रहे, बल्कि उसमें एक जिज्ञासु मानवीय दृष्टि को भी रेखांकित करते हैं-

**"क्या तुम्हें चक्कर नहीं आते?"[10]**

यह पंक्ति सीधे पृथ्वी को एक जीवित प्राणी, विशेषकर एक स्त्री का रूप देती है, जो लगातार गतिशील है, थकी हुई है, लेकिन फिर भी रुकती नहीं।

जब कवि कहते हैं-

**"कभी-कभी कांपती हो**
**तो लगता है नष्ट कर दोगी अपना सारा घर बार"**[11]

तो यह केवल भूकंप का वैज्ञानिक वर्णन नहीं है, बल्कि इसमें एक भावनात्मक डर, असुरक्षा और अस्थिरता की छवि भी दृष्टव्य है, मानो पृथ्वी के भीतर दबा कुछ फूटकर बाहर आ रहा हो, जैसे कोई स्त्री सहते-सहते एक दिन फट पड़े।

**'तुम्हारी सतह पर कितना जल है**
**...लेकिन तुम्हारे गर्भ में**
**...सिर्फ अग्नि"**[12]

ये पंक्तियाँ भूगर्भीय संरचना की ओर इशारा करती हैं। ऊपर से शांत और भीतर से जलती हुई; यह स्त्रीत्व की सबसे सटीक छवि बन जाती है।

जब वह कहते हैं-

**"कितने ताप कितने दबाव और**
**कितनी आद्रता से**
**अपने कोयलों को हीरे में बदल देती हो"**[13]

तो यह सीधा संकेत है उस वैज्ञानिक प्रक्रिया की ओर, जिससे हीरा बनता है। लेकिन कवि यहाँ भी वैज्ञानिक सत्य को संवेदना से भर देते हैं-जैसे एक स्त्री अपने भीतर के संघर्षों, दबावों और तापों को चुपचाप झेलकर खुद को बहुमूल्य बना देती है। **"पृथ्वी क्या तुम कोई स्त्री हो?"**[14] कविता को एक गहरे रूपक में बदल देते हैं। पृथ्वी, एक वैज्ञानिक इकाई नहीं, बल्कि एक सहनशील, कर्मठ और रहस्यमयी स्त्री बनकर सामने आती है।

यह कविता हमें सिखाती है कि विज्ञान केवल तथ्य नहीं, भावनाओं का भी आधार हो सकता है। नरेश सक्सेना ने पृथ्वी को देखकर विज्ञान को नहीं, बल्कि संवेदना को महसूस किया है और यही इस कविता की सबसे बड़ी सुंदरता है।

### 'मुझे मेरे भीतर छुपी रोशनी दिखाओ' : ऊर्जा, विज्ञान और आत्मजागरण

नरेश सक्सेना की कविता 'मुझे मेरे भीतर छुपी रोशनी दिखाओ' विज्ञान की ठोस अवधारणाओं को मानवीय संवेदना की कोमल भूमि पर रखती है। यह कविता एक बच्ची के प्रश्न से शुरू होकर पूरी दुनिया की आत्माओं की जिज्ञासा तक पहुँचती है। यहाँ विज्ञान की भाषा यांत्रिक नहीं, बल्कि जटिल भावनाओं और जीवन के प्रतीकों में बदल जाती है। कविता की शुरुआत में ही वैज्ञानिक तत्त्व दृष्टिगत होते हैं-

**'सूर्यास्त के बाद भी**
**बहना बंद नहीं करती नदियाँ"**[15]

यह केवल प्राकृतिक दृश्य नहीं, बल्कि ऊर्जा और गति के वैज्ञानिक सिद्धांत की ओर संकेत

करता है। नदी का अंधकार में बहना, उसका **'छलाँगें लगातीं काई लगी चिकनी चट्टानों पर' 'ख़तरनाक ऊँचाइयों से, कूद पड़तीं अंधी गहरी खाइयों में"**[16] -ये सब उस प्राकृतिक शक्ति के चित्र हैं, जो गुरुत्व, त्वरण और प्रवाह के विज्ञान से संचालित होती है। लेकिन कवि इन वैज्ञानिक घटनाओं को-**"लगता है, उनके भीतर छुपी कोई रोशनी, ज़रूर उनके साथ-साथ चलती है।"**[17] -शक्ति के रूप में प्रस्तुत करते हैं, जो दर्शाता है कि विज्ञान का मूल भाव भी करुणा और संवेदना में समाहित हो सकता है। कविता का सबसे सशक्त वैज्ञानिक बिंब है-

> **'टरबाइन के पंखों में जूझकर हमने उसे प्रकट होते देखा"**[18]

यह स्पष्ट रूप से जल-विद्युत उत्पादन की प्रक्रिया का रूपक है, जहाँ बहते पानी की ऊर्जा टरबाइन घुमाती है और वहीं से रोशनी उत्पन्न होती है। लेकिन कवि इसे मशीन की क्रिया न कहकर, उस रोशनी में काम करती नौ बरस की राजी को माध्यम बनाते हैं। यह रोशनी अब मात्र प्रकाश नहीं, बल्कि श्रम, आत्मबल और आशा का प्रतीक बन जाती है। बच्ची राजी का सरल लेकिन गहरा प्रश्न-**"यह हमारी नदी की रोशनी है?... 'गिलास के पानी में रोशनी है?"**[19], कविता को विज्ञान और दर्शन की द्वंद्वात्मक धारा में ले जाता है। कवि उत्तर देते हैं-**"नहीं, बहते हुए पानी की ताक़त में है रोशनी"**[20]

यह पंक्ति विज्ञान और संवेदना का मिलन बिंदु है-प्रवाह ही जीवन है और गति में ही शक्ति है। जब राजी पूछती है-**"मेरे भीतर रोशनी, साबजी?' - 'कितनी? सूरज जितनी?"**[21] तो यह प्रश्न आत्म-खोज का रूप ले लेता है। कवि क्रमशः कहते हैं-

> **'नहीं, झूठ!'**
> **'चाँद जितनी'**
> **'अच्छा, दीये जितनी'**
> **'बल्ब जितनी क्यों नहीं?'**
> **'क्योंकि उससे टी.वी. चल सकता है।"**[22]

यह संवाद विज्ञान की उपयोगिता और भावनात्मक ज़रूरत के बीच की रेखा को बेहद मासूम तरीके से रेखांकित करता है। टीवी चलाने लायक बल्ब, यानि वह रोशनी, जो ज्ञान, मनोरंजन और सूचना का माध्यम बनती है-एक छोटी बच्ची के लिए यही आत्मबल का मापदंड है। अंत में राजी का वह कालजयी संवाद-

> **"तो दिखाओ मुझे मेरे भीतर की रोशनी**
> **...नैनीताल की पहाड़ियों से टकराकर गूँजता है...**
> **दुनिया की करोड़ों-करोड़ राजियाँ**
> **और नदियाँ कहती हुई एक साथ**
> **दिखाओ मुझे मेरे भीतर छुपी हुई रोशनी"**[23]

यहाँ विज्ञान एक प्रतीक बन जाता है-अज्ञान के अंधकार को चीरकर आत्मज्ञान की ओर ले जाने वाली ऊर्जा का।

> **"सूरज जितनी नहीं**
> **चाँद जितनी नहीं**
> **सिर्फ़ एक बल्ब जितनी रोशनी!"**[24]

ये पंक्तियाँ इस बात को रेखांकित करती

हैं कि मनुष्य को विशालता नहीं, बल्कि पर्याप्तता चाहिए-इतनी रोशनी कि वह खुद को देख सके, समझ सके और आगे बढ़ सके। इस प्रकार यह कविता विज्ञान की गहराई और संवेदना की ऊँचाई को एक साथ समेटे हुए, एक ऐसी रोशनी की तलाश बन जाती है, जो भीतर जलती है-सिर्फ एक बल्ब जितनी.... पर पूरी दुनिया को बदल सकने की ताकत रखती है।

## विज्ञान के प्रतीकों की पुनर्परिभाषा

नरेश सक्सेना की कविताओं में 'प्रकाश', 'ध्वनि', 'ऊर्जा', 'तापमान', 'जल', 'चुम्बकत्व' जैसे शब्द महज़ वैज्ञानिक तथ्य नहीं रहते, वे नए अर्थ-संदर्भों में मानवीय अनुभवों के वाहक बन जाते हैं। उनकी कविताएँ विज्ञान की शुष्कता को चीरकर उसके प्रतीकों को भावों, स्मृतियों और सामाजिक अनुभवों से भर देती हैं।

प्रकाश, जो सामान्यतः केवल रोशनी का पर्याय माना जाता है, वहाँ 'चेतना', 'प्रकाशमान विचार', 'भीतर की रोशनी' का प्रतीक बन जाता है। ध्वनि, जो कम्पन मात्र है, वह उनकी कविता में 'स्मृति का कंपन' बन जाती है- जैसे कोई बीती आवाज़, जो मन में अब भी गूँजती है। तापमान मात्र ऊष्मा नहीं, बल्कि संबंधों की गर्माहट और ठंडापन भी है।

नरेश सक्सेना इन प्रतीकों को केवल सजावटी भाषा में नहीं लाते, बल्कि वे उन्हें संवेदना का माध्यम बनाकर कविता की मूल आत्मा में गूँथ देते हैं।

## वैज्ञानिक शब्दावली का काव्यात्मक प्रयोग

नरेश सक्सेना की कविता में 'हवा', 'ताप', 'लोहा', 'दबाव', 'ऊर्जा', 'संचयन' जैसे वैज्ञानिक शब्द स्वाभाविक रूप से आते हैं, लेकिन इनका प्रयोग किसी यांत्रिक शैली में नहीं होता। ये शब्द कविता में न केवल दृश्य गढ़ते हैं, बल्कि अर्थ की गहराई भी रचते हैं। उदाहरणतः 'दबाव' शब्द केवल भौतिक या वायवीय दबाव नहीं है, वह सामाजिक और मानसिक दबाव का भी प्रतीक बन जाता है। 'लोहा' उनके यहाँ कोई धातु मात्र नहीं, बल्कि श्रमिक वर्ग की पहचान, संघर्ष और मज़बूती का बिंब इत्यादि बन जाता है। इन वैज्ञानिक शब्दों का चयन जानबूझकर किया गया लगता है, लेकिन उनका उपयोग बिल्कुल सहज और काव्य-संगत है। यही कारण है कि कविता बोझिल नहीं लगती, बल्कि इन शब्दों के कारण उसमें नया आयाम जुड़ जाता है और कविता यथार्थ और वैज्ञानिक दृष्टि से समृद्ध हो जाती है।

## विज्ञान और मानवीय मूल्य

नरेश सक्सेना विज्ञान को केवल तथ्य की निगाह से नहीं देखते, बल्कि उसे करुणा, नैतिकता और संवेदना के साथ जोड़ते हैं। वे मानते हैं कि विज्ञान मनुष्य का सहचर हो सकता है, बशर्ते उसमें मनुष्यता की दृष्टि समाहित हो। उनकी कविताओं में वैज्ञानिक बिंब और मानव-मूल्य एक-दूसरे से टकराते नहीं, बल्कि एक-दूसरे को पूरक बनाते हैं। 'प्रकाश', 'ऊर्जा' या 'जल' जैसे तत्त्व कविता में तभी सार्थक होते हैं, जब वे किसी

संवेदनशील अनुभव से जुड़ते हैं। यह जुड़ाव ही नरेश सक्सेना की कविता को विशिष्ट बनाता है। उनकी काव्यदृष्टि में विज्ञान यथार्थ की पहचान कराता है, जबकि संवेदना उस यथार्थ को सहने और बदलने की शक्ति देती है। इस प्रकार उनकी कविता में विज्ञान और मानवता का सुंदर सामंजस्य दिखाई देता है- एक ऐसा संतुलन, जो समकालीन कविता को और अधिक विचारोत्तेजक तथा अर्थपूर्ण बनाता है।

## निष्कर्ष

नरेश सक्सेना की कविताएँ विज्ञान, संवेदना और यथार्थ के त्रिकोण पर टिकी हुई एक अद्वितीय काव्य-यात्रा प्रस्तुत करती हैं। उन्होंने विज्ञान को मात्र तथ्यों की भूमि पर नहीं रखा, बल्कि उसे आत्मा, भाषा, समाज और स्मृति के परिप्रेक्ष्य से पुनर्परिभाषित किया है। उनके लिए विज्ञान केवल प्रयोगशाला में घटित होने वाली प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक गहन मानवीय अनुभव है, जिसे वे नदी, पृथ्वी, बिजली, आवाज़ और गिरने जैसी सामान्य प्रतीत होने वाली चीज़ों से जोड़ते हैं।

उनकी कविता 'गिरना' गुरुत्वाकर्षण के नियम से आरंभ होकर सामाजिक नियमों की आलोचना तक पहुँचती है, तो 'पृथ्वी' खगोलीय यथार्थ से स्त्री के सौंदर्य और पीड़ा तक एक सेतु बनती है। 'पीछे छूटी हुई चीज़ें' में गति और विकास की अंधी दौड़ में छूटती संवेदनाएँ हैं, तो 'मुझे मेरे भीतर छुपी रोशनी दिखाओ' में ऊर्जा, आत्मबोध और बाल जिज्ञासा की त्रयी है।

नरेश सक्सेना की विशेषता यह है कि वे वैज्ञानिक अवधारणाओं को बोझिल बनाकर नहीं, बल्कि कविता के स्वाभाविक प्रवाह में इस तरह पिरोते हैं कि पाठक उसे अनुभव करता है, महसूस करता है और अंततः उससे परिवर्तित होता है। यही कारण है कि उनकी कविताएँ केवल साहित्यिक नहीं, दार्शनिक, वैज्ञानिक और मानवीय चेतना की अमूल्य धरोहर बन जाती हैं।

❑❑❑

## संदर्भ सूची

1. नरेश सक्सेना, सुनो चारुशीला, 'पीछे छूटी हुई चीज़ें', भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली, संस्करण-2012, पृष्ठ सं- 18
2. नरेश सक्सेना, सुनो चारुशीला, 'पीछे छूटी हुई चीज़ें', भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली, संस्करण-2012, पृष्ठ सं- 18
3. नरेश सक्सेना, सुनो चारुशीला, 'पीछे छूटी हुई चीज़ें', भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली, संस्करण-2012, पृष्ठ सं- 18
4. नरेश सक्सेना, सुनो चारुशीला, 'पीछे छूटी हुई चीज़ें', भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली, संस्करण-2012, पृष्ठ सं- 18
5. नरेश सक्सेना, सुनो चारुशीला, 'गिरना', भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली, संस्करण-2012, पृष्ठ सं- 21
6. नरेश सक्सेना, सुनो चारुशीला, 'गिरना', भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली, संस्करण-2012, पृष्ठ सं- 21
7. नरेश सक्सेना, सुनो चारुशीला, 'गिरना', भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली, संस्करण-2012, पृष्ठ सं- 21
8. नरेश सक्सेना, सुनो चारुशीला, 'गिरना', भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली, संस्करण-2012, पृष्ठ सं- 21

9. नरेश सक्सेना, कवि ने कहा, 'पृथ्वी', किताबघर प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण-2022, पृष्ठ सं- 74
10. नरेश सक्सेना, कवि ने कहा, 'पृथ्वी', किताबघर प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण-2022, पृष्ठ सं- 74
11. नरेश सक्सेना, कवि ने कहा, 'पृथ्वी', किताबघर प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण-2022, पृष्ठ सं- 74
12. नरेश सक्सेना, कवि ने कहा, 'पृथ्वी', किताबघर प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण-2022, पृष्ठ सं- 74
13. नरेश सक्सेना, कवि ने कहा, 'पृथ्वी', किताबघर प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण-2022, पृष्ठ सं- 74
14. नरेश सक्सेना, कवि ने कहा, 'पृथ्वी', किताबघर प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण-2022, पृष्ठ सं- 74
15. नरेश सक्सेना, कवि ने कहा, 'मुझे मेरे भीतर छुपी रोशनी दिखाओ', किताबघर प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण-2022, पृष्ठ सं- 31-32
16. नरेश सक्सेना, कवि ने कहा, 'मुझे मेरे भीतर छुपी रोशनी दिखाओ', किताबघर प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण-2022, पृष्ठ सं- 31-32
17. नरेश सक्सेना, कवि ने कहा, 'मुझे मेरे भीतर छुपी रोशनी दिखाओ', किताबघर प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण-2022, पृष्ठ सं- 31-32
18. नरेश सक्सेना, कवि ने कहा, 'मुझे मेरे भीतर छुपी रोशनी दिखाओ', किताबघर प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण-2022, पृष्ठ सं- 31-32
19. नरेश सक्सेना, कवि ने कहा, 'मुझे मेरे भीतर छुपी रोशनी दिखाओ', किताबघर प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण-2022, पृष्ठ सं- 31-32
20. नरेश सक्सेना, सुनो चारुशीला, 'मुझे मेरे भीतर छुपी रोशनी दिखाओ', भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली, संस्करण-2012, पृष्ठ सं- 32
21. नरेश सक्सेना, कवि ने कहा, 'मुझे मेरे भीतर छुपी रोशनी दिखाओ', किताबघर प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण-2022, पृष्ठ सं- 31-32
22. नरेश सक्सेना, कवि ने कहा, 'मुझे मेरे भीतर छुपी रोशनी दिखाओ', किताबघर प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण-2022, पृष्ठ सं- 31-32
23. नरेश सक्सेना, कवि ने कहा, 'मुझे मेरे भीतर छुपी रोशनी दिखाओ', किताबघर प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण-2022, पृष्ठ सं- 31-32
24. नरेश सक्सेना, कवि ने कहा, 'मुझे मेरे भीतर छुपी रोशनी दिखाओ', किताबघर प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण-2022, पृष्ठ सं- 31-32

विद्वत वाणी
अंतर्राष्ट्रीय त्रैमासिक शोध पत्रिका
ISSN : 3048-9547 (Print)
Volume - 1 - 2024, Issue - 4

"VIDWAT VANI"
Quarterly International Peer Reviwed Refereed Journal
Starting Year - 2024
April to June - 2025



**गाजुला पद्मजा**

**Ph.D. शोधार्थी**
**(पूर्णकालिक)**
**(हिंदी विभाग)**
**श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय**
**तिरुपति-517502**
**आंध्र प्रदेश**
**संपर्क**
padmajamahesh81@gmail.com

**शोध निर्देशक**

**प्रो. रामप्रकाश**
**(हिंदी विभाग)**
**श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय**
**तिरुपति-517502**
**आंध्र प्रदेश**

# महिला आत्मकथाओं में प्रमुख आयाम : सामाजिक चेतना

## शोध सारांश

स्त्री आत्मकथाएँ केवल व्यक्तिगत अनुभवों की अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि सामाजिक अन्याय और लैंगिक असमानता के विरुद्ध प्रतिरोध की सशक्त उद्घोष हैं। मैत्रेयी पुष्पा, रमणिका गुप्ता, मन्नू भंडारी, प्रभा खेतान और सुषम बेदी जैसी लेखिकाओं की आत्मकथाएँ इस चेतना को विस्तार देती हैं, जहाँ बचपन से ही उपेक्षा, रंगभेद, पारिवारिक तिरस्कार, यौन शोषण तथा विवाह में उत्पीड़न की पीड़ा झेलती स्त्रियाँ अंततः आत्मनिर्भर, जागरूक और मुखर बनकर उभरती हैं।

इन आत्मकथाओं में सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक चेतना के अनेक स्तर उजागर होते हैं। लेखिकाओं के निजी अनुभव, समाज में व्याप्त स्त्री-विरोधी सोच, पितृसत्ता की संरचना और मानसिक-भावनात्मक दमन की गवाही देते हैं। लेखिकाएँ कागज़ और कलम को माध्यम बनाकर अपने भीतर की गाँठों को खोलती हैं और आत्मकथा को सामाजिक परिवर्तन के औज़ार के रूप में रूपांतरित करती हैं। यह अध्ययन स्पष्ट करता है कि समकालीन महिला आत्मकथाएँ न केवल स्त्री अस्मिता की खोज हैं, बल्कि वे सामाजिक चेतना के पुनर्रचना की प्रेरक शक्ति भी हैं, जो स्त्री विमर्श को नई दिशा प्रदान करती हैं।

## बीज शब्द

**1. महिला आत्मकथा 2. सामाजिक चेतना 3. स्त्री शोषण 4. लैंगिक भेदभाव 5. आत्मसाक्षात्कार 6. प्रतिरोध और अस्मिता 7. भारतीय नारी साहित्य**

सभी साहित्यिक विधाओं में आत्मकथा लेखन एक अत्यंत चुनौतीपूर्ण कार्य होता है। आत्मकथा, प्राय: एक ऐसी कहानी होती है, जो लेखक के जीवन से जुड़ी होती है; जिस प्रकार साहित्य समाज का दर्पण कहलाता है, उसी प्रकार आत्मकथा भी व्यक्ति के जीवन का दर्पण होती है; यह न केवल व्यक्ति के जीवन का, बल्कि उसके समय और परिवेश का भी वर्णन करती है।

डॉ. नगेन्द्र ने इस विषय पर प्रकाश डाला है-"**आत्मकथाकार अपने सम्बंध में किसी मिथक की रचना नहीं करता, कोई स्वप्न-सृष्टि नहीं रचता, वरन् अपने गत जीवन के खट्टे-मीठे, उजले अन्धेरे, प्रसन्न-विषण्ण, साधारण-असाधारण संचरण पर मुड़कर एक दृष्टि डालता है, अतीत को पुनः कुछ क्षणों के लिए स्मृति में जी लेता है और अपने वर्तमान तथा अतीत के मध्य संबंध सूत्रों का अन्वेषण करता है।**"[1]

पाण्डेय बेचेन शर्मा 'उग्र' ने व्यंग्यपूर्ण शैली में अपने साथ दूसरों के मूल्यांकन की विशेषता प्रकट की है-"**अपनी याददाश्त, पब्लिक की जानकारी के लिए लिखने में आत्मप्रशंसा और अहंकार-प्रदर्शन का बड़ा खतरा रहता है। ऐसे संस्मरणों में किसी एक मन्द घटना के कारण अनेक गुण-सम्पन्न पुरुष पर अनावश्यक आँच भी आ सकती है।**"[2]

मनुष्य मूलतः एक सामाजिक प्राणी है और समाज स्वयं एक सतत गतिशील प्रक्रिया है। मानव चेतना का स्वरूप भी स्थिर नहीं, बल्कि परिवर्तनशील होता है, जो समय, परिस्थिति एवं सामाजिक संदर्भों के अनुरूप निरंतर रूपांतरित होता रहता है। समाज और चेतना, ये दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। एक ही सिक्के के दो पहलू। जिस प्रकार समाज बदलता है, उसी अनुरूप चेतना का विकास एवं विस्तार भी होता रहता है।

विस्तृत अर्थ में सामाजिक चेतना को सामाजिक जागरूकता का ही पर्याय माना जा सकता है, जिसके अंतर्गत व्यक्ति समाज में सक्रिय रहते हुए अपने चारों ओर घटित राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और धार्मिक घटनाओं के प्रति संवेदनशील एवं जागरूक रहता है। यही अवस्था सामाजिक चेतना कहलाती है। सामाजिक चेतना की प्रकृति को स्पष्ट करते हुए डॉ. नरेन्द्र कुमार सिन्धी लिखते हैं-"**समाज में अन्तः क्रिया एक स्वाभाविक घटना है। जब कभी भी दो व्यक्ति आपस में मिलते हैं, वे एक दूसरे को अभिवादन करते हैं, तो यह अन्तः क्रिया है।**"[3]

प्राचीन भारतीय परंपरा में नारी को दुर्गा, शक्ति, लक्ष्मी तथा काली के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त होती रही है। "**यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः**"[4] जैसी पंक्ति इस सम्मान को प्रमाणित करती है। तथापि, स्त्री को देवी का दर्जा देकर उसे वास्तविक सामाजिक अधिकारों से वंचित रखना पुरुष प्रधान मानसिकता का एक छलपूर्ण रूप रहा है। स्त्री को शारीरिक, मानसिक, संवेगात्मक तथा भावात्मक स्तर पर निरंतर ठगा

जाता रहा है। उसके प्रति यह शोषण आज भी विभिन्न रूपों में विद्यमान है।

स्त्री-मुक्ति की आकांक्षा केवल एक आत्मकेंद्रित चेतना नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना का प्रमाण है, जिसमें वह अपने व्यक्तिगत अनुभवों को समाज के व्यापक संदर्भों में रखती है। समकालीन समाज में भी स्त्री को प्रायः दोयम दर्जे का प्राणी समझा जाता है। एक ऐसी इकाई जिसे अबला, बुद्धिहीन तथा मात्र संतान उत्पत्ति का माध्यम मान लिया गया है। इस सामाजिक उपेक्षा से व्यथित होकर अनेक शिक्षित स्त्रियों ने लेखन को अपना माध्यम बनाया है, जिससे वे न केवल अपनी वेदनाओं को स्वर दे सकें, बल्कि सामाजिक दबावों और संरचनाओं के विरुद्ध भी एक सशक्त हस्तक्षेप प्रस्तुत कर सकें।

मैत्रेयी पुष्पा, रमणिका गुप्ता, मन्नू भंडारी, प्रभा खेतान एवं सुषम बेदी जैसी लेखिकाओं के आत्मकथात्मक अनुभव यह संकेत करते हैं कि उनका बचपन माता-पिता के स्नेह के लिए तरसते हुए बीता। उनके अनुभवों से यह स्पष्ट होता है कि समाज में सदैव ही स्त्री के गुणों को नहीं, बल्कि उसके रंग-रूप को प्राथमिकता दी जाती रही है। विशेषकर रंग, शारीरिक गठन और सौंदर्य के पारंपरिक मापदंडों के आधार पर उन्हें बचपन से ही मूल्यांकित किया गया।

रमणिका गुप्ता, मन्नू भंडारी, प्रभा खेतान और सुषम बेदी जैसी लेखिकाएँ अपने आत्मकथाओं में स्वीकारती हैं कि वे अपने गहरे रंग, दुबले-पतले शरीर और पारंपरिक सौंदर्य की 'कमी' के कारण अपने ही परिवार में उपेक्षा, तुलना, उलाहना और मानसिक प्रताड़ना का शिकार रहीं। इस अस्वीकृति ने उनके भीतर गहरे आत्मग्लानि और हीनभावना को जन्म दिया।

मन्नू भंडारी अपनी आत्मकथा 'एक कहानी यह भी' में लिखती हैं-**"मैं काली हूँ। बचपन में दुबली और मरियल भी थी। गोरा रंग पिता जी की कमज़ोरी थी, सो बचपन में मुझसे दो साल बड़ी, खूब गोरी, स्वस्थ और हँसमुख बहिन सुशीला से हर बात में तुलना और फिर उसकी प्रशंसा ने ही, क्या मेरे भीतर ऐसे गहरे हीन-भाव की ग्रंथि पैदा नहीं कर दी कि नाम, सम्मान और प्रतिष्ठा पाने के बावजूद आज तक मैं उससे उबर नहीं पाई?"**[5]

परिवार, जो समाज की मूल इकाई माना जाता है, वही एक लड़की के लिए प्राथमिक सामाजिक संघर्ष का स्थल बन जाता है। स्त्री के आत्मबोध और उसकी सामाजिक स्थिति का निर्माण उसी पारिवारिक ढांचे में प्रारंभ होता है, जहाँ जन्म से ही उसे भेदभाव, अस्वीकृति और उपेक्षा का अनुभव होता है। प्रभा खेतान की आत्मकथा 'अन्या से अनन्या' इस मानसिक और भावनात्मक संघर्ष का सशक्त उदाहरण है। एक संपन्न मारवाड़ी परिवार में पाँचवीं संतान और सबसे छोटी बेटी के रूप में जन्मी प्रभा, अपने सांवले रंग के कारण माँ के स्नेह से वंचित रह जाती है। पारिवारिक उपेक्षा की भरपाई वह दाई माँ के स्नेह से करती है, जिसे वह अपना संपूर्ण संसार मानने लगती है।

घर के नौकर-चाकर तक उसके रंग-रूप को लेकर टिप्पणियाँ करते हैं, जिससे उसका आत्मविश्वास और सामाजिक आत्मबोध गहराई से प्रभावित होता है। आर्थिक समृद्धि के बावजूद प्रभा का बचपन अकेलेपन, आत्महीनता और आत्मग्लानि में बीतता है। बचपन में जिस सांवले रंग को तिरस्कार मिला था, वही रंग जब किसी पुरुष, डॉ. सर्राफ द्वारा सराहा गया, तो प्रभा उसमें अपनापन महसूस करती है और उससे भावनात्मक रूप से जुड़ जाती है। यह घटना यह दर्शाती है कि सामाजिक अस्वीकृति किस प्रकार स्त्री को अपनी पहचान और प्रेम की स्वीकृति के लिए आकुल कर देती है।

**"कैसा अनाथ बचपन था। अम्मा ने कभी मुझे गोद में लेकर चूमा नहीं। मैं चुपचाप घंटों उनके कमरे के दरवाज़े पर खड़ी रहती। शायद अम्मा मुझे भीतर बुला ले। शायद..... हाँ, शायद अपनी रजाई में सुला ले। मगर नहीं, एक शाश्वत दूरी बनी रही हमेशा हम दोनों के बीच। अम्मा मेरी बातों को समझ नहीं पाती थी।"**[6]

इस आत्मकथा से प्रभावित होकर अभयकुमार दुबे ने लिखा है-**"प्रभा खेतान ने आत्मकथा लिखकर स्त्री जीवन की दुर्बलताओं के प्रामाणिक ब्यौरे पेश किए और उनके आईने में समाज को मजबूर किया है कि वह स्त्री-पुरुष संबंधों पर एक बार फिर से सोचे।"**[7]

इसी क्रम में, बिहार की पूर्व विधायक एवं विधान परिषद् की सदस्य रहीं प्रतिष्ठित लेखिका रमणिका गुप्ता के आत्मकथात्मक अनुभवों में भी बचपन की उपेक्षा, अकेलापन और मानसिक कुण्ठा की गहन छाया स्पष्ट दिखाई देती है। शारीरिक रूप से असुंदर मानी जाने और ज़िद्दी स्वभाव के कारण वे अपनी माँ के स्नेह से वंचित रहीं। मातृस्नेह की अनुपस्थिति में उन्हें अपने परिवार में वह भावनात्मक स्वीकार्यता नहीं मिल सकी, जिसकी एक बालिका को सबसे अधिक आवश्यकता होती है। परिणामतः, रमणिका का भावनात्मक सम्बल दादी माँ के प्रेम में मिला, जो उनके जीवन का एकमात्र सहारा बना।

अपने आत्मकथात्मक ग्रंथ 'आपहुदरी, एक ज़िद्दी लड़की की आत्मकथा' में वह स्पष्ट रूप से लिखती हैं-**"मैं सुन्दर नहीं हूँ, इसलिए मुझे अनदेखा करते हैं, मेरी पूछ नहीं है इस घर में। मैं अच्छी नहीं दिखती।**

**न सही मैं सुन्दर! न लगूँ मैं, उनको क्या? मुझे नहीं लगना है अच्छा किसी को, मुझे नहीं दिखना है सुन्दर किसी को भी। मैं जैसी हूँ, ऐसे ही मानना होगा मुझे। जैसी हूँ वैसे ही। जो मुझे प्यार करेंगे, मैं उन्हीं को प्यार करूँगी।"**[8]

यह कथन न केवल रमणिका गुप्ता के आत्मबोध को दर्शाता है, बल्कि सामाजिक सौंदर्य मानकों के विरुद्ध उनके आत्मसम्मान और प्रतिरोध की भावना को भी रेखांकित करता है।

अपनी इस आत्मकथा में रमणिका गुप्ता एक ऐसी स्त्री के रूप में दिखाई देती हैं, जो सामाजिक बंधनों को तोड़ती है और अपना रास्ता

स्वयं तय करती है। उन्होंने लिखा भी है-"**नदी को न पत्थर बाँध सकते हैं, न बांध। नदी तब तक नहीं रुकती, जब तक उसका पानी का स्रोत खत्म नहीं हो जाता और मैंने अपने भीतर की स्त्री के स्रोत को कभी खत्म नहीं होने दिया। चूँकि मैं उसे नदी मानती हूँ, जिसमें से अपनी गंदगी धोकर चले जाते हैं, पर वह सतत स्वच्छ अबाध गति से बहती रहती है। फिर भला मेरी स्त्री कैसे उन रूढ़ियों या बंधनों से बंधकर खुद को गंदला होने देती, जिन्हें मैंने हमेशा नकारा और तोड़ा**"[9]

रमणिका गुप्ता की आत्मकथा में वर्णित बचपन की घटनाएँ भारतीय समाज में स्त्रियों के विरुद्ध व्याप्त यौन शोषण की भयावह वास्तविकता को उजागर करती हैं। पंजाब राज्य के पटियाला जनपद रियासत के दीवान और मिलिट्री अफसर की पुत्री होने के बावजूद रमणिका को संरक्षित बचपन का अनुभव नहीं मिला। अपने अबोध बाल्यकाल से ही वे निरंतर यौन शोषण का शिकार बनीं। कभी घरेलू नौकरों द्वारा, कभी सगे संबंधियों द्वारा और कभी आर्य-समाज से जुड़े मास्टर के द्वारा। यह तथ्य इस ओर संकेत करता है कि पितृसत्तात्मक समाज में स्त्री की सुरक्षा केवल सामाजिक हैसियत से सुनिश्चित नहीं होती।

अत्याचार सहते हुए भी वे अपनी पीड़ा को अभिव्यक्त करने में असमर्थ रहीं, क्योंकि समाज ने न केवल उनके अनुभवों को नकारा, बल्कि उन्हें ही दोषी ठहराया। उनकी चुप्पी का यह कारण उनकी आत्मकथा 'आपहुदरी, एक ज़िद्दी लड़की की आत्मकथा' में स्पष्ट रूप से सामने आता है, जब वे लिखती हैं-"**अगर मैं उसके बारे में कुछ बोलती भी, तो वह झूठ माना जाता। यह लड़की ही खराब है, पढ़ने के डर से मास्टर की शिकायत करती है......।**"[10]

इस प्रकार रमणिका गुप्ता का अनुभव न केवल उनके व्यक्तिगत संघर्षों को दर्शाता है, बल्कि वह व्यापक सामाजिक मानसिकता की आलोचना भी करता है, जिसमें पीड़िता की आवाज़ को ही अविश्वसनीय मान लिया जाता है। यह आत्मकथ्य एक प्रामाणिक सामाजिक साक्ष्य के रूप में उभरता है, जो स्त्री-असुरक्षा के स्थायी और गहरे संकट को उद्‌घाटित करता है।

इसी के चलते पंजाब के फिरोज़पुर जिले में जन्मी उपन्यासकार एवं लघुकथा लेखिका सुषम बेदी का आत्मकथात्मक लेखन भी उनके जीवन के विभिन्न अनुभवों को सामाजिक संदर्भों में प्रस्तुत करता है, जहाँ पारंपरिक स्त्री छवियाँ, सौंदर्य के रूढ़ पैमाने और लैंगिक भेदभाव, उनके अनुभवों के केंद्रीय विषय बनते हैं।

परिवार में छठी संतान और चौथी पुत्री के रूप में जन्मी सुषम बेदी को पिता की लाड़ली होने के बावजूद, स्त्री होने के कारण उन्हें भी समाज द्वारा स्थापित पारंपरिक सीमाओं और अपेक्षाओं का सामना करना पड़ा। विशेषकर, भारतीय समाज में सौंदर्य की रूढ़ छवि, जहाँ गोरा रंग स्त्री-सौंदर्य का मानक माना जाता है, के कारण उन्हें भी बचपन से हीन भावना का अनुभव हुआ। अपने आत्मकथात्मक ग्रंथ 'आरोह-अवरोह' में वे

स्वीकार करती हैं-"**बचपन में मुझमें यह भी एक ग्रंथि थी कि मैं सुन्दर नहीं हूँ, मेरा रंग भी सांवला है। मेरी बहन खूब गोरी थी और सब उसे सुन्दर कहते थे। पर पिताजी ने एक दिन मुझे समझाया कि मेरे नैन नक्श बहुत अच्छे हैं, रंग भी सांवला नहीं गेहुंआ है। सो मैं देखने में अच्छी हूँ।**"[11] स्त्री-शरीर और सौंदर्य के साथ-साथ आत्मकथा में समाज द्वारा बेटियों के जन्म को लेकर व्याप्त मानसिकता का भी आलोचनात्मक चित्रण किया गया है। लेखिका ने समाज की उस मानसिक दुर्बलता की ओर संकेत किया है, जिसमें बेटियों का जन्म उत्सव नहीं, बल्कि मौन स्वीकार्यता की तरह देखा जाता है। एक प्रसंग में वे लिखती हैं- "**जब भी मैं कहती कि मेरा जन्मदिन क्यों नहीं मनाया जाता, तो बहन कहती कि लड़कियों का जन्मदिन इसलिए नहीं मनाया जाता कि मनाने से लड़कियाँ ही लड़कियाँ पैदा होती हैं।**"[12]

सुषम बेदी की आत्मकथा का मूल्यांकन करते हुए जनसत्ता के रवीवारीय अंक में प्रकाशित पुस्तक-समीक्षा में समीक्षक वीणा शर्मा लिखती हैं-"**वे कहती हैं कि वे और लेखिका एक होकर भी एक नहीं हैं। यानि आत्मकथा लिखते-लिखते कभी उनका अपना व्यक्तित्व उजागर होता है, तो कभी लेखिका का। वे आत्मकथा को अपनी अन्य कृतियों की तरह ही देखती हैं। एक ऐसी कृति, जिसके केंद्र में वे खुद हैं और लेखिका बनने के अब तक के सफर में आत्मपरीक्षण करती हुई वे किन-किन पड़ावों से होकर गुज़री हैं, वही आरोह-अवरोह है। दरअसल, यह कथा एक डायस्पोरा लेखिका की भी है, जो एक साथ भारतीय और पाश्चात्य मूल्यों में तालमेल बिठाती हुई अपनी बात कहती है।**"[13]

इस प्रकार, सुषम बेदी की कृति 'आरोह-अवरोह' केवल एक आत्मकथा न होकर स्त्री के सांस्कृतिक अनुभवों, उसकी अस्मिता, सामाजिक असमानताओं और अंतर-सांस्कृतिक द्वंद्वों का जीवंत दस्तावेज़ बन जाती है।

भारतीय सामाजिक संरचना में पुत्र को सदैव वंश का संवाहक, पितृऋण से मुक्त कराने वाला और मोक्ष का माध्यम माना गया है, जबकि पुत्री को जन्म से ही पराया धन समझा गया, जिसे दूसरों के लिए तैयार किया जाना है। इस विचारधारा के प्रभाव स्वरूप बेटियों को समानता, प्रेम और अधिकारपूर्ण परवरिश से वंचित रखा गया। उनके शिक्षा और पालन-पोषण में भी भेदभाव दृष्टिगोचर होता है, जो स्त्री की वैयक्तिक चेतना के विकास में बाधक रहा है।

मैत्रेयी पुष्पा की 'गुड़िया भीतर गुड़िया', रमणिका गुप्ता की 'आपहुदरी, एक ज़िद्दी लड़की की आत्मकथा' और प्रभा खेतान की 'अन्या से अनन्या' जैसी आत्मकथाएँ इस बात का प्रमाण हैं कि समाज में सार्वजनिक रूप से आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और आर्थिक रूप से सक्षम दिखाई देने वाली स्त्रियाँ भी निजी जीवन में गहरे मानसिक आघातों, उपेक्षा और यौन शोषण की शिकार रही हैं।

इन आत्मकथाओं की नायिकाएँ स्वयं

जीवनसाथी का चयन करती हैं और विवाह को अपने पूर्व जीवन की पीड़ा से मुक्ति का साधन मानती हैं। किंतु वैवाहिक जीवन में उन्हें जो यथार्थ मिलता है, वह अपेक्षा से अधिक जटिल, नियंत्रित और पीड़ादायक होता है। मन्नू भंडारी ने पारिवारिक विरोध के बावजूद राजेंद्र यादव से विवाह किया, उनकी शारीरिक दुर्बलता को स्वीकार किया; फिर भी विवाह के पश्चात वे उनके अविश्वास, विवाहेतर संबंधों और भावनात्मक दूरी से आहत होती हैं।

प्रभा खेतान का जीवन एक विवाहित पुरुष, डॉक्टर सर्राफ के प्रति गहरे प्रेम में उलझ जाता है। वे अपना समस्त धन, समय और समर्पण उस रिश्ते में न्योछावर कर देती हैं, परंतु उन्हें अपने चरित्र को लेकर निरंतर शंका और अस्वीकार का सामना करना पड़ता है। वहीं मैत्रेयी पुष्पा तीन बेटियों की माँ होने के कारण सामाजिक आलोचना, तिरस्कार और 'वंश-नाशिनी' जैसे अपमानजनक आरोपों का शिकार होती हैं। पितृसत्तात्मक सोच उनके पत्नी रूप में स्वायत्त अस्तित्व को निरंतर नकारती है।

इसके विपरीत रमणिका गुप्ता सामाजिक संबंधों, स्थापित नियमों और नैतिकताओं के विरुद्ध विद्रोह करती हैं। वे उन सभी वर्जनाओं को तोड़ती हैं, जो स्त्रियों पर सामाजिक नियंत्रण थोपती हैं। उनका जीवन उन स्त्रियों की प्रतिनिधि कथा बन जाता है, जो अपनी शर्तों पर जीवन जीती हैं, अपनी इच्छाओं और महत्त्वाकांक्षाओं को प्राथमिकता देती हैं और सामाजिक व्यवस्था को प्रश्नांकित करती हैं।

## निष्कर्ष

अध्ययन से स्पष्ट होता है कि समकालीन महिला आत्मकथा लेखिकाएँ सामाजिक चेतना के पुनर्जागरण में निर्णायक भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने न केवल लैंगिक भेदभाव और असमानताओं के विरुद्ध आवाज़ उठाई, बल्कि अपने जीवन-संघर्षों के माध्यम से मानवीय मूल्यों की पुनर्परिभाषा भी की है। इन लेखिकाओं ने सामाजिक और पारिवारिक सीमाओं को लांघते हुए आत्मनिर्भरता और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में उल्लेखनीय योगदान दिया है। महिला आत्मकथाएँ केवल व्यक्तिगत अनुभवों की अभिव्यक्ति नहीं हैं, बल्कि वे स्त्री जीवन की बहुआयामी चेतना को साहित्यिक रूप में प्रस्तुत करती हैं। मैत्रेयी पुष्पा, रमणिका गुप्ता, मन्नू भंडारी, प्रभा खेतान और सुषम बेदी जैसी लेखिकाओं ने आत्मकथा को सामाजिक दस्तावेज़ में बदल दिया है, जहाँ बचपन की उपेक्षा, यौन उत्पीड़न, विवाह की विफलता और पितृसत्ता के दबाव को संवेदनशीलता और साहस के साथ उजागर किया गया है। ये आत्मकथाएँ केवल 'मैं' की नहीं, बल्कि समूचे स्त्री समाज की 'हम' चेतना की प्रतिनिधि बनती हैं। ऐसी रचनाएँ साहित्यिक उपलब्धि होने के साथ-साथ सामाजिक परिवर्तन और भविष्य की पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का आधार भी बनती हैं।

❑❑❑

## संदर्भ सूची


1. https://vishwahindijan.blogspot.com/2021/02/hindi-aatmkatha-parichay-evam-suchi.html
2. https://vishwahindijan.blogspot.com/2021/02/hindi-aatmkatha-parichay-evam-suchi.html
3. समाजशास्त्र विवेचन, डॉ. नरेन्द्र कुमार सिंधी, राजस्थान हिंदी ग्रंथ अकादमी, जयपुर, संस्करण-2019, पृष्ठ सं- 210
4. मनुस्मृति 3.56, https://cultural samvaad.com/thought/ यत्र-नार्यस्तु-पूज्यन्ते/
5. https://www.hindwi.org/auto biography/ek-kahani-yeh-bhi-mannu-bhandari-autobiography
6. प्रभा खेतान, अन्या से अनन्या, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण-2019, पृष्ठ सं- 31
7. हंस पत्रिका, नई दिल्ली, अंक-नवंबर 2008, पृष्ठ सं- 70
8. आपहुदरी, एक ज़िद्दी लड़की की आत्मकथा, रमणिका गुप्ता, सामयिक प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण-2016, पृष्ठ सं- 36
9. आपहुदरी, एक ज़िद्दी लड़की की आत्मकथा, रमणिका गुप्ता, सामयिक प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण-2016, पृष्ठ सं- 36
10. आपहुदरी, एक ज़िद्दी लड़की की आत्मकथा, रमणिका गुप्ता, सामयिक प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण-2016, पृष्ठ सं- 86
11. आरोह-अवरोह, सुषम बेदी, सामयिक प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण-2017, पृष्ठ सं- 42
12. आरोह-अवरोह, सुषम बेदी, सामयिक प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण-2017, पृष्ठ सं- 56
13. https://www.jansatta.com/sunday-column/book-review-aaroh-avroh/92658/

ISSN : 3048-9547 (Print)
Volume - 1 - 2024, Issue - 4

Starting Year - 2024
April to June - 2025



**के. रेश्मा**
**Ph.D. शोध छात्रा**
(अंशकालिक)
(हिंदी विभाग)
श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय
तिरुपति-517502
आंध्र प्रदेश
संपर्क
reshubushras@gmail.com

शोध निर्देशक
**प्रो. के. रामप्रकाश**
(हिंदी विभाग)
श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय
तिरुपति-517502
आंध्र प्रदेश

# नारीवादी उपन्यासों में स्त्री-सशक्तिकरण का चित्रण - एक विमर्शात्मक अध्ययन

**शोध सारांश**

भारतीय साहित्य में नारीवादी दृष्टिकोण ने स्त्री की पारंपरिक छवि को पुनर्परिभाषित करते हुए उसे केवल एक सहनशील प्राणी ही नहीं, बल्कि पूर्ण विचारशील, निर्णायक और परिवर्तनशील इकाई के रूप में भी प्रस्तुत किया है। ऐतिहासिक रूप से स्त्रियों को सामाजिक, धार्मिक एवं पारिवारिक ढांचों में 'अबला' के रूप में बाँधा गया, जहाँ उनकी भूमिका सीमित और अधीनस्थ मानी गई। किंतु आधुनिक नारीवादी उपन्यास इस छवि को तोड़ते हैं और स्त्री को आत्मनिर्भर, संघर्षशील तथा अपनी अस्मिता के लिए सजग पात्र के रूप में चित्रित करते हैं।

कृष्णा सोबती, मन्नू भंडारी, मैत्रेयी पुष्पा, तस्लीमा नसरीन, कमला दास आदि जैसी लेखिकाओं ने अपने उपन्यासों में स्त्री-सशक्तिकरण के विविध पक्षों- शिक्षा, आर्थिक स्वतंत्रता, यौन स्वायत्तता, मानसिक और भावनात्मक अधिकार इत्यादि को सशक्त रूप से अभिव्यक्त किया है।

यह शोध-पत्र इन उपन्यासों के माध्यम से यह विश्लेषण करता है कि साहित्य किस प्रकार स्त्री के संघर्ष, आत्मबोध और सामाजिक समानता की आकांक्षा को स्वर प्रदान करता है। यह अध्ययन यह स्थापित करता है कि नारीवादी साहित्य केवल साहित्यिक विमर्श नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना के विकास और वैचारिक क्रांति का सशक्त माध्यम है, जहाँ स्त्री अबला नहीं, सबला के रूप में उभरती है।

**बीज शब्द**

**1. स्त्री-सशक्तिकरण 2. नारीवादी साहित्य 3. आत्मनिर्भरता 4. सामाजिक परिवर्तन 5. यौन स्वतंत्रता 6. पितृसत्ता 7. स्त्री-चेतना 8. साहित्यिक विमर्श**

भारतीय समाज में स्त्री की स्थिति सदियों से धार्मिक मान्यताओं, सांस्कृतिक परंपराओं और पितृसत्तात्मक सामाजिक संरचनाओं के अधीन रही है। स्त्री को 'अबला' कहकर उसकी शक्तियों और क्षमताओं को सीमित करने का प्रयास सदैव ही एक व्यवस्थित सामाजिक प्रक्रिया का हिस्सा रहा है, जिसके माध्यम से उसे केवल घरेलू भूमिकाओं तक सीमित कर दिया गया। इस मानसिकता ने न केवल सामाजिक सोच को प्रभावित किया, बल्कि साहित्यिक रचनाओं में भी प्रमुख रूप से स्त्री को सहनशील, त्यागमयी और निर्बल पात्र के रूप में प्रस्तुत किया गया।

हालाँकि, बीसवीं शताब्दी के उत्तरार्ध से नारीवादी चेतना का उदय हुआ, जिसने स्त्री को नई दृष्टि से देखने का मार्ग प्रशस्त किया। नारीवादी लेखन ने स्त्री की पारंपरिक छवि को चुनौती देते हुए उसे एक स्वतंत्र, जागरूक, आत्मनिर्भर और संघर्षशील इकाई के रूप में प्रस्तुत किया। इस प्रकार साहित्य केवल समाज का दर्पण नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का सक्रिय माध्यम बन गया।

नारीवादी उपन्यासों ने स्त्री के भीतर व्याप्त अस्मिता, आत्मबोध और अधिकार की आकांक्षाओं को स्वर दिया है। इन रचनाओं में स्त्री अब केवल संवेदना की पात्र नहीं, बल्कि समाज को नई दिशा देने वाली शक्ति के रूप में उभरती है। यह शोध-पत्र इसी परिवर्तनशील स्त्री-छवि के साहित्यिक विश्लेषण पर केंद्रित है।

## नारीवाद : अवधारणा और साहित्यिक परिप्रेक्ष्य

नारीवाद (Feminism) केवल एक विचारधारा नहीं, बल्कि एक व्यापक और क्रांतिकारी आंदोलन है, जिसका उद्देश्य लैंगिक असमानता, पितृसत्तात्मक वर्चस्व और स्त्री की अस्मिता पर आधारित दबाव को चुनौती देना है। भारतीय संदर्भ में यह आंदोलन सामाजिक न्याय, आत्मसम्मान, स्वायत्तता और महिला स्वयं की पहचान को पुनः प्रत्यर्पित करने का प्रयास करता है।

**"प्रसिद्ध हिंदी लेखिका कृष्णा सोबती ने कभी किसी की परवाह नहीं की और साहित्य में 'स्त्री-विमर्श' को एक नया आयाम और मुकाम दिया। साल 2017 में ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित मशहूर हिंदी लेखिका और निबंधकार कृष्णा सोबती ने देश के विभाजन, धर्म-जाति और ख़ासकर, स्त्रियों के अधिकारों के मुद्दों पर लिखा। सोबती उन चंद नामों में से एक हैं, जिन्होंने महिलाओं के मुद्दों, उनकी ख्वाहिशों, पहचान और उनके अधिकारों पर लिखने की जुर्रत की। उन्होंने जब भी लिखा, बहुत बेबाकी से लिखा।"**[1] इस कथन में नारीवाद केवल प्रतिरोधी भावना नहीं, बल्कि स्वयं की स्वीकृति और अपनी पहचान तलाशने की प्रक्रिया के रूप में माना गया है।

भारतीय नारीवादी चिंतक कमला भसीन ने नारीवाद की व्याख्या करते हुए बताया कि यह आंदोलन महिलाओं को पुरुषों से श्रेष्ठ साबित

करने का नहीं, बल्कि सभी के लिए समानता, न्याय, स्वतंत्रता और गरिमा सुनिश्चित करने का प्रयास है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नारीवाद का उद्देश्य किसी एक लिंग का सशक्तिकरण नहीं, बल्कि हर प्रकार के भेदभाव- जैसे जाति, वर्ग, धर्म, यौनिकता आदि, के विरुद्ध संघर्ष करना है। उनकी इन पंक्तियों में दृष्टव्य है-

**"मिल बहनें लेंगी- आज़ादी**
**मिल बच्चियाँ लेंगी- आज़ादी**
**हिंसा से लेंगी- आज़ादी**
**अत्याचार से लेंगी- आज़ादी**
**हम मौन से लेंगे- आज़ादी**
**बलात्कार से लेंगे- आज़ादी**
**आने-जाने की हो- आज़ादी**
**हँसने-गाने की हो- आज़ादी**
**सब-कुछ कहने की हो- आज़ादी"**[2]

महिलाओं की आवाज़ को बुलंदी से उठाने वाली कमला भसीन अपनी लेखनी के ज़रिए हर बार पितृसत्ता का खंडन करती आई हैं। उन्होंने कहा-**"डेढ़-सौ सालों से चली आ रही ये लड़ाई मर्दों से नहीं, पितृसत्ता से है, उनसे है जो इसे मानते हैं।"**[3] भारतीय साहित्य में नारीवाद का उद्‌भव एक वैचारिक और सांस्कृतिक क्रांति के रूप में हुआ। परंपरागत साहित्य ने स्त्री को केवल माँ, पत्नी, त्यागी आदि रूपों तक सीमित कर प्रस्तुत किया, जबकि नारीवादी साहित्य ने उसकी आंतरिक पीड़ा, आकांक्षाएँ, विद्रोह, आत्मबोध और सामाजिक अस्मिता को कलात्मक विधाओं के माध्यम से उजागर किया। यह साहित्य पुरुष-प्रधान दृष्टिकोण को चुनौती देकर स्त्री की आवाज़ को केंद्र में रखता है।

नारीवादी उपन्यासों का प्रमुख उद्देश्य यह सिद्ध करना होता है कि स्त्री केवल घर-परिवार की सीमाओं में बंद नहीं होती, बल्कि वह समाज की सृजनशील और निर्णायक इकाई हो सकती है। लेखिकाएँ जैसे तस्लीमा नसरीन, मन्नू भंडारी, कृष्णा सोबती, मैत्रेयी पुष्पा ने इस दृष्टिकोण से रचनाएँ दी हैं, जो आम मान्यताओं को तोड़ती हैं और स्त्री की सक्रिय भागीदारी और आत्मनिर्णय को उच्च स्थान देती हैं। उदाहरण स्वरूप, मन्नू भंडारी की 'आपका बंटी' में नायिका शकुन घरेलू जीवन और सामाजिक अपेक्षाओं के दायरे से आगे निकलकर अपने अस्तित्व की खोज करती है।

**"मन्नू जी मूल रूप से नारी जीवन की कथाकार हैं। उन्होंने आधुनिक नारी को व्यर्थ की वर्जनाओं से मुक्त कर स्वतंत्रता का नया आकाश दिया है। उनके नारी पात्र नवीन लक्ष्यों का संधान करते हैं। चिंतक डॉ. बीना ईप्पन के अनुसार मन्नू जी ने शिक्षित नारियों के वैवाहिक जीवन की आंतरिक ट्रेजेडी की सूक्ष्म पहचान प्रस्तुत की है। उनके प्रायः सभी नारी पात्र युवा अवस्था के हैं, शिक्षित हैं, कामकाजी हैं। जो स्त्रियाँ काम नहीं करतीं, घर पर पूर्ण रूप से गृहस्थ धर्म निभाती हैं, वे भी मुख्य रूप से शिक्षित हैं और अपने व्यक्तित्व की पहचान कराने के लिए संघर्ष करती हैं।"**[4]

कृष्णा सोबती की 'दिलो-दानिश' में स्त्री

वैचारिक चेतना, सामाजिक प्रश्नों और आत्मनिर्णय की क्षमता से लैस होकर उभरती है। मैत्रेयी पुष्पा की 'चाक' ग्रामीण पृष्ठभूमि में स्त्री के आत्मनिर्भर बनने की प्रक्रिया को प्रस्तुत करती है तथा तस्लीमा नसरीन की 'लज्जा' धार्मिक कट्टरता और सामाजिक दबाव के खिलाफ विद्रोह की आवाज़ उठाती है। ये रचनाएँ नारी को केवल सहनशील नायक नहीं, बल्कि समाज में अपरिहार्य बदलाव लाने वाली प्रेरणाशक्ति के रूप में प्रमाणित करती हैं।

नारीवाद इस प्रकार साहित्य में केवल विषय नहीं, बल्कि एक सक्रिय विमर्श बनकर उभरता है, जो पाठकों को स्त्री के अंतर्मन से जोड़ता है, उसके संघर्ष को महसूस कराता है और समाज में समावेशी तथा समानतामूलक मूल्यों की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है। यह साहित्य पुरुष-प्रधान संरचनाओं की आंतरिक विरोधाभासों और सीमाओं को उजागर करते हुए एक अधिक न्यायपूर्ण और सहभागी सामाजिक परिदृश्य की कल्पना प्रस्तुत करता है।

नारीवादी साहित्य की सबसे बड़ी ताकत यह है कि यह केवल व्यक्तिगत अनुभवों की व्याख्या नहीं करता, बल्कि सामाजिक परिवर्तन के लिए जागरूकता पैदा करता है। यह 'अबला' और 'बलिदानी देवी' की पारंपरिक प्रतिमाओं को चुनौती देता है और स्त्री को नव-प्रतिष्ठित 'सशक्त, समान और सक्षम' व्यक्ति के रूप में स्थापित करता है।

इस प्रकार, नारीवाद भारत में केवल एक विचारधारा या आंदोलन नहीं, बल्कि साहित्य तथा समाज के संधि-बिंदु पर खड़ा एक चेतनात्मक उपकरण है। भारतीय नारीवादी लेखिकाएँ न केवल भाषा एवं साहित्य के परिवर्तन की वाहक रही हैं, बल्कि नारीमूलक सामाजिक परिवर्तन की प्रेरणास्रोत भी रही हैं, जिन्होंने स्त्री को स्वतंत्र, निर्णयशील और सशक्त व्यक्तित्व के रूप में पुनः स्थापित किया है।

## प्रमुख नारीवादी लेखिकाएँ और उनकी साहित्यिक दृष्टि

भारतीय और दक्षिण-एशियाई साहित्य में नारीवादी विमर्श को सशक्त रूप देने वाली अनेक लेखिकाओं ने स्त्री के अनुभवों, संघर्षों और अस्मिता को केंद्र में रखकर अपनी रचनात्मक दृष्टि को विकसित किया है। इन लेखिकाओं ने नारीवाद को केवल सैद्धांतिक विमर्श तक सीमित नहीं रखा, बल्कि सामाजिक यथार्थ, सांस्कृतिक बंधन और स्त्री की स्वायत्तता की खोज को साहित्य के माध्यम से सार्थक रूप में प्रस्तुत किया। तस्लीमा नसरीन, मन्नू भंडारी, कृष्णा सोबती, मैत्रेयी पुष्पा जैसी लेखिकाओं की रचनाएँ इस बात का प्रमाण हैं कि स्त्री अब केवल पात्र नहीं, बल्कि विमर्श का केंद्र है।

### तस्लीमा नसरीन : विद्रोह और मुक्ति की लेखिका

तस्लीमा नसरीन का साहित्य विशेषतः 'लज्जा' (1993) एक सशक्त राजनीतिक और सामाजिक हस्तक्षेप है, जो धार्मिक कट्टरता,

पितृसत्तात्मक सोच और स्त्री दमन के विरुद्ध विद्रोह का स्वर बनकर उभरता है। बांग्लादेश की सांप्रदायिक घटनाओं के संदर्भ में रचित यह उपन्यास केवल अल्पसंख्यक हिंदुओं की त्रासदी को नहीं दिखाता, बल्कि इसके माध्यम से तस्लीमा, स्त्री की दोहरी पराधीनता; एक धार्मिक पहचान और दूसरी लिंग आधारित पहचान को सामने लाती हैं।

'लज्जा' की नायिका किरणमयी और अन्य महिला पात्र परंपराओं और सामाजिक रूढ़ियों से घिरी हुई हैं, परंतु उनके भीतर एक निरंतर प्रतिरोध और आत्ममुक्ति की चेतना सक्रिय है। तस्लीमा, स्त्री को केवल शिकार नहीं, बल्कि बदलाव का वाहक मानती हैं। उनके लेखन में स्त्री का स्वर सहानुभूति नहीं, बल्कि प्रतिरोध का होता है। उनके पात्र अपने अधिकारों के लिए समाज से प्रश्न करते हैं और पितृसत्ता की चुप्पी को तोड़ने का साहस दिखाते हैं।

तस्लीमा के लेखन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वह स्त्री मुक्ति को धर्म, परंपरा और राज्य व्यवस्था के आलोचनात्मक परिप्रेक्ष्य से जोड़ती हैं। 'लज्जा' में वर्णित हिंसा और उत्पीड़न केवल घटनाएँ नहीं हैं, बल्कि वे सामाजिक ढाँचे की विफलताओं को उजागर करती हैं। इस उपन्यास में स्त्री अपनी अस्मिता के लिए संघर्ष करती है। वह मौन नहीं रहती, बल्कि अपने वजूद के लिए आवाज़ उठाती है। यह स्वर केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि संपूर्ण स्त्री समुदाय का प्रतिनिधित्व करता है।

## इस्मत चुग़ताई का स्त्री चिंतन

**"भारत से उर्दू की एक लेखिका थीं। उन्हें 'इस्मत आपा' के नाम से भी जाना जाता है। वे उर्दू साहित्य की सर्वाधिक विवादास्पद और सर्वप्रमुख लेखिका थीं, जिन्होंने महिलाओं के सवालों को नए सिरे से उठाया। उन्होंने निम्न मध्यवर्गीय मुस्लिम तबके की दबी-कुचली सकुचाई और कुम्हलाई लेकिन जवान होती लड़कियों की मनोदशा को उर्दू कहानियों व उपन्यासों में पूरी सच्चाई से बयान किया है।"**[5]

इसी के चलते **"उर्दू साहित्य का चौथा स्तंभ कही जाने वाली महान लेखिका इस्मत चुग़ताई को कोई अश्लील कहता रहा, तो कोई बेशर्म; पर इस्मत आपा की लेखनी तो स्त्रियों के अधिकारों और उनकी इच्छाओं को बेपर्दा करती रही।**

**उन्होंने अपनी कहानियों के ज़रिए समाज को बताया कि महिलाएँ सिर्फ हाड़-मांस का पुतला नहीं, उनकी भी औरों की तरह भावनाएँ होती हैं। वे भी अपने सपने को साकार करना चाहती हैं।"**[6]

## मन्नू भंडारी कृत 'आपका बंटी' में मध्यवर्गीय स्त्री की आत्मपीड़ा

मन्नू भंडारी हिंदी की उन प्रतिनिधि लेखिकाओं में हैं, जिन्होंने मध्यवर्गीय स्त्री की मानसिक और सामाजिक स्थितियों को अत्यंत यथार्थपरक दृष्टिकोण से साहित्य में प्रस्तुत किया। उनका प्रसिद्ध उपन्यास 'आपका बंटी' (1971)

एक संवेदनशील, सामाजिक और वैचारिक दस्तावेज़ है, जिसमें पारिवारिक विघटन, तलाक की त्रासदी और स्त्री की आत्मपीड़ा का गहन चित्रण मिलता है। यह कृति स्त्री की परंपरागत भूमिका को तोड़ते हुए उसकी स्वायत्त अस्मिता और आत्मसम्मान की खोज का सूक्ष्म विश्लेषण प्रस्तुत करती है।

उपन्यास की नायिका शकुन एक शिक्षित, भावनाशील और आत्मसम्मान से युक्त स्त्री है, जो अपने पति और वैवाहिक जीवन से अलग हो चुकी है। शकुन अपने बेटे बंटी के भविष्य, अपनी पारिवारिक ज़िम्मेदारियों और व्यक्तिगत पहचान के बीच निरंतर द्वंद्व में जीती है। मन्नू भंडारी ने शकुन के चरित्र के माध्यम से यह दिखाया है कि मध्यवर्गीय स्त्री समाज की रूढ़ मानसिकताओं, भावनात्मक जकड़नों और नैतिक बंधनों के बीच अपने अस्तित्व को लेकर किस प्रकार संघर्ष करती है।

'आपका बंटी' स्त्री के उस आंतरिक संघर्ष का साहित्यिक चित्रण है, जहाँ वह माँ होने के दायित्व और स्त्री होने की स्वतंत्र चेतना के बीच उलझती है। शकुन की यह उलझन भारतीय समाज की उस ज़मीनी हकीकत को सामने लाती है, जहाँ स्त्री को निर्णय लेने की स्वतंत्रता तो है, पर सामाजिक स्वीकृति नहीं। शकुन की संवेदनाएँ, उसका आत्मसंकोच और फिर भी अपने निर्णयों पर अडिग रहने की कोशिश, यह सब नारीवादी विमर्श के लिए गहन शोध का विषय बनते हैं।

मन्नू भंडारी ने स्त्री की अस्मिता और स्वतंत्र चेतना को केवल वैचारिक शोर नहीं बनाया, बल्कि उसे एक जीवित अनुभव के रूप में प्रस्तुत किया। उनका यह उपन्यास बताता है कि नारीवादी दृष्टि केवल अधिकारों की माँग नहीं है, बल्कि एक मानवीय दृष्टिकोण है, जिसमें संवेदना, आत्म-स्वीकृति और संघर्ष का संतुलन दृष्टव्य है।

लेखिका के शब्दों में-"**सामने वाले को पराजित करने के लिए जैसा साहस और सन्नद्ध जीवन जीना पड़ा उसने उसे खुद ही पराजित कर दिया। सामने वाले व्यक्ति को पता नहीं कब परिदृश्य से हट भी गया और वह आज तक उसी मुद्रा में, उसी स्थिति में खड़ी है-सांस रोके, दम साधे, घुटी-घुटी और कृत्रिम। सात वर्षों में विभागाध्यक्ष से प्रिंसिपल हो जाने के पीछे भी कहीं अपने को बढ़ाने से ज़्यादा अजय को गिराने की आकांक्षा ही थी।**

**वह स्वयं कभी अपना लक्ष्य रही ही नहीं। एक अदृश्य अनजान-सी चुनौती थी, जिसे उसने हर समय अपने सामने हवा में लटकता हुआ महसूस किया था और जैसे उसका मुकाबला करते-करते उससे जूझते-जूझते ही वह आगे बढ़ती चली गई थी। पर इतने पर भी जब सामने वाला नहीं टूटा, तो उसकी सारी प्रगति उसके अपने लिए ही जैसे निरर्थक हो उठी थी।**"[7]

## स्त्री सशक्तिकरण के विविध आयाम

स्त्री-सशक्तिकरण केवल आर्थिक या राजनीतिक भागीदारी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक बहुआयामी प्रक्रिया है, जो स्त्री को

मानसिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और वैचारिक रूप से सक्षम बनाती है। नारीवादी साहित्य में यह स्पष्ट रूप से उभरता है कि सशक्तिकरण का वास्तविक स्वरूप स्त्री को अपनी पहचान, अधिकार और स्वतंत्र निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करना है। शिक्षा, आर्थिक आत्मनिर्भरता, मानसिक स्वायत्तता, भावनात्मक सुरक्षा और राजनीतिक सहभागिता जैसे आयाम स्त्री-सशक्तिकरण के मूल स्तंभ हैं, जिनके माध्यम से स्त्रियाँ पितृसत्तात्मक संरचनाओं को चुनौती देती हैं और अपने जीवन का नवनिर्माण करती हैं।

## शिक्षा का अधिकार

शिक्षा स्त्री-सशक्तिकरण का मूल आधार है, जो न केवल ज्ञान का माध्यम बनती है, बल्कि आत्मविश्वास, निर्णय लेने की क्षमता और सामाजिक चेतना का विकास भी करती है। नारीवादी उपन्यासों में शिक्षा को स्त्री मुक्ति का प्रारंभिक बिंदु माना गया है। शिक्षित स्त्रियाँ अपने अधिकारों को पहचानती हैं, अन्याय का प्रतिकार करना सीखती हैं और पारिवारिक व सामाजिक ढाँचों में अपने विचारों की उपस्थिति दर्ज कराती हैं।

मन्नू भंडारी के 'आपका बंटी' में शकुन एक शिक्षित महिला है, जो वैवाहिक विघटन के बावजूद आत्मसम्मान और अपने निर्णयों के प्रति दृढ़ रहती है। कृष्णा सोबती की रचनाओं में भी शिक्षा केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि आत्मचेतना की अभिव्यक्ति बनकर सामने आती है। मैत्रेयी पुष्पा की 'चाक' में ग्रामीण पृष्ठभूमि की नायिका के भीतर शिक्षा के प्रति जो आकांक्षा है, वह उसे सामाजिक प्रतिरोध और आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करती है।

नारीवादी साहित्य इस धारणा को तोड़ता है कि स्त्री के लिए शिक्षा केवल विवाह योग्य बनने का साधन है। इसके विपरीत, यह उसे सामाजिक संवाद, आत्मनिर्णय और बौद्धिक स्वतंत्रता प्रदान करता है। इस प्रकार, शिक्षा उपन्यासों में स्त्री सशक्तिकरण का वह मूल तत्त्व है, जो उसकी चुप्पी को आवाज़ और पराधीनता को चेतना में बदल देता है।

## आर्थिक स्वतंत्रता

आर्थिक स्वतंत्रता स्त्री-सशक्तिकरण का अत्यंत महत्त्वपूर्ण आयाम है, जो उसे पारिवारिक, सामाजिक और वैयक्तिक निर्णयों में भागीदारी की शक्ति प्रदान करता है। जब स्त्री आर्थिक रूप से स्वावलंबी होती है, तो वह न केवल आत्मनिर्भर होती है, बल्कि पारंपरिक सत्ता-संरचनाओं को चुनौती देने की स्थिति में भी आती है। नारीवादी उपन्यासों में यह तथ्य स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है कि आर्थिक रूप से सक्षम स्त्री सामाजिक अन्याय, दमन और निर्भरता से मुक्त होकर स्वयं निर्णय लेने में समर्थ बनती है।

मैत्रेयी पुष्पा के उपन्यास 'चाक' की नायिका एक पुरुष प्रधान ग्रामीण समाज में कठिन परिस्थितियों के बावजूद आत्मनिर्भरता की राह अपनाती है और अपनी आर्थिक स्थिति को सशक्त

बनाकर सामाजिक असमानताओं का प्रतिकार करती है। इसी प्रकार, कमला दास के आत्मकथात्मक लेखन में भी आर्थिक स्वावलंबन स्त्री की यौनिक, मानसिक और भावनात्मक स्वतंत्रता का आधार बनता है।

आर्थिक स्वातंत्र्य केवल जीविकोपार्जन का साधन नहीं, बल्कि स्त्री के आत्मसम्मान और सामाजिक हस्तक्षेप की भूमिका को सुदृढ़ करने वाला माध्यम है, जिसे नारीवादी साहित्य में सार्थकता से प्रस्तुत किया गया है।

## स्त्री सशक्तिकरण के बौद्धिक, यौनिक और राजनीतिक आयाम

नारीवादी उपन्यास स्त्री के केवल भौतिक सशक्तिकरण की बात नहीं करते, बल्कि मानसिक, भावनात्मक और वैचारिक स्वतंत्रता को भी उसकी मुक्ति का अनिवार्य पक्ष मानते हैं। इनमें यह स्थापित किया गया है कि स्त्री को अपनी भावनाएँ व्यक्त करने, निर्णय लेने और स्वतंत्र रूप से सोचने का पूरा अधिकार होना चाहिए। कमला दास जैसी लेखिकाओं ने यौन स्वतंत्रता जैसे जटिल विषयों को गहनता से प्रस्तुत किया, जहाँ स्त्री अपने शरीर और इच्छाओं पर स्वयं निर्णय लेने का अधिकार रखती है। यह दृष्टिकोण नारी को केवल वस्तु नहीं, संप्रभु व्यक्ति के रूप में स्थापित करता है।

साथ ही, आधुनिक नारी अब राजनीतिक दृष्टि से भी सजग हो रही है। नारीवादी साहित्य यह रेखांकित करता है कि निर्णय-निर्माण की प्रक्रियाओं में स्त्रियों की भागीदारी सामाजिक संतुलन के लिए आवश्यक है। इस प्रकार, इन उपन्यासों में स्त्री की बहुआयामी स्वतंत्रता को गहराई से प्रस्तुत किया गया है, जो उसे समग्र रूप से सशक्त बनाती है।

## निष्कर्ष

नारीवादी उपन्यास आधुनिक हिंदी साहित्य की वह धारा है, जिसने स्त्री को पारंपरिक सीमाओं से बाहर निकालकर उसकी स्वतंत्र चेतना, आत्मसम्मान और सामाजिक अस्मिता को सशक्त स्वर प्रदान किया है। ये रचनाएँ यह सिद्ध करती हैं कि स्त्री केवल एक पारिवारिक इकाई नहीं, बल्कि समाज के निर्माण में समान रूप से भागीदार, सक्रिय और रचनात्मक शक्ति है।

शिक्षा, आर्थिक स्वतंत्रता, मानसिक और यौनिक स्वायत्तता, राजनीतिक सहभागिता जैसे विविध आयामों के माध्यम से नारीवादी साहित्य ने स्त्री के समग्र सशक्तिकरण की अवधारणा को साहित्यिक संवेदना से जोड़ा है। मन्नू भंडारी, तस्लीमा नसरीन, कमला दास, मैत्रेयी पुष्पा जैसी लेखिकाओं ने स्त्री के भीतर छिपे विद्रोह, आत्मबोध और न्याय की माँग को कलात्मकता और सामाजिक यथार्थ के साथ प्रस्तुत किया है। हालाँकि नारीवादी साहित्य को कभी-कभी अतिरेकी या पक्षपाती भी कहा गया, फिर भी यह निर्विवाद है कि इन रचनाओं ने सामाजिक चेतना को जागृत किया है। इन उपन्यासों ने न केवल स्त्रियों को आत्मविश्वास और अधिकारबोध दिया, बल्कि पुरुषों को भी स्त्री को समानता की दृष्टि

से देखने की प्रेरणा दी। इस प्रकार, नारीवादी साहित्य समता, न्याय और मानवीय गरिमा की ओर बढ़ते समाज का मार्ग प्रशस्त करता है।

❑❑❑

## संदर्भ सूची


1. https://hindi.thebetterindia.com/hindi-literature/indian-women-hindi-writers-feminist-writings/?utm
2. https://hindi.thebetterindia.com/hindi-literature/indian-women-hindi-writers-feminist-writings/?utm
3. https://hindi.thebetterindia.com/hindi-literature/indian-women-hindi-writers-feminist-writings/?utm
4. https://www.hindikunj.com/2024/11/mannu-bhandari-ke-upanyas-me-vividh-nari-rup.html
5. https://hi.wikipedia.org/wiki/इस्मत_चुगताई
6. https://hindi.thebetterindia.com/hindi-literature/indian-women-hindi-writers-feminist-writings/?utm
7. आपका बंटी, मन्नू भंडारी, अक्षर प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण-1986, पृष्ठ सं- 36

विद्वत वाणी
अंतर्राष्ट्रीय त्रैमासिक शोध पत्रिका
ISSN : 3048-9547 (Print)
Volume - 1 - 2024, Issue - 4

"VIDWAT VANI"
Quarterly International Peer Revived Refereed Journal
Starting Year - 2024
April to June - 2025



सुजीता नेत्री
Ph.D. शोधार्थी
(पूर्णकालिक)
(हिंदी स्नातकोत्तर विभाग)
बाबासाहेब भीमराव अम्बेदकर
बिहार विश्वविद्यालय
मुजफ्फरपुर-842001
बिहार
संपर्क
sujita7766@gmail.com

शोध निर्देशक
प्रो. डॉ. प्रमोद कुमार
(हिंदी स्नातकोत्तर विभाग)
बाबासाहेब भीमराव अम्बेदकर
बिहार विश्वविद्यालय
मुजफ्फरपुर-842001
बिहार

# फणीश्वरनाथ 'रेणु' के उपन्यासों में ग्राम-चेतना का यथार्थ

**शोध सारांश**

फणीश्वरनाथ 'रेणु' हिंदी साहित्य के उन विशिष्ट कथाकारों में हैं, जिन्होंने भारतीय गाँव की जीवनधारा, सामाजिक-सांस्कृतिक जटिलताओं और संघर्षशील यथार्थ को अपनी कथाओं में सजीव रूप में प्रस्तुत किया। स्वातंत्र्योत्तर हिंदी कथा-साहित्य में उनका स्थान अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। उनके उपन्यास 'मैला आँचल' (1954), 'परती परिकथा' (1957) और 'जुलूस' (1965), ग्राम-जीवन के सामाजिक विद्रूपों, आर्थिक विषमताओं और धार्मिक रूढ़िवाद का गहन चित्रण प्रस्तुत करते हैं। रेणु का ग्रामीण अनुभव केवल भौगोलिक सीमाओं तक सीमित नहीं, बल्कि उसमें लोक-संस्कृति, राजनीतिक चेतना और मानवीय संबंधों की जटिलता भी समाहित है।

रेणु ने औपनिवेशिक शासन में गाँवों पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव, ब्रिटिश कर नीति, शोषणमूलक अर्थव्यवस्था और विस्थापन की पीड़ा इत्यादि का मार्मिक वर्णन किया है। रेणु का ग्राम-चित्रण नॉस्टैल्जिक न होकर एक जीवंत, परिवर्तनशील और संघर्षशील इकाई का प्रतिबिंब है, जो आज भी भारतीय समाज के मूलभूत प्रश्नों से जुड़े विमर्श को आगे बढ़ाता है।

**बीज शब्द**

**1. फणीश्वरनाथ 'रेणु' 2. ग्रामीण यथार्थ 3. सामाजिक विषमता 4. सांस्कृतिक चेतना 5. राजनीति और गाँव 6. लोक जीवन 7. ग्राम-समाज 8. मैला आँचल 9. परती परिकथा 10. जुलूस**

## 1. भारतीय गाँव और उसकी सांस्कृतिक विरासत : हिंदी उपन्यासों में एक साहित्यिक दृष्टि

भारतीय गाँव सदियों से देश की आत्मा और संस्कृति के केंद्र रहे हैं। यहाँ जीवन की गति भले ही धीमी प्रतीत हो, किंतु इसकी परंपराएँ, लोक-संवेदनाएँ और सामूहिकता की भावना अत्यंत गहन और जीवंत होती हैं। गाँवों में जनजीवन केवल जीविका से नहीं, बल्कि सांस्कृतिक धरोहर, धार्मिक विश्वास, पारिवारिक संरचना और सामाजिक सहजीवन से संचालित होता है। यही कारण है कि हिंदी साहित्य, विशेष रूप से उपन्यास विधा में गाँव केवल एक पृष्ठभूमि नहीं रहा, बल्कि विचार और संवेदना का केंद्र बना है। हिंदी साहित्य के आदिकाल से ही ग्रामीण चेतना किसी न किसी रूप में साहित्य का हिस्सा रही है, परंतु विशेष रूप से 20वीं सदी के उत्तरार्ध में, जब उपन्यास विधा परिपक्व हो रही थी, तब गाँव उसके प्रमुख विषय के रूप में उभरा।

प्रेमचंद, जिन्हें ग्रामीण यथार्थ का प्रथम कथाकार माना जाता है, ने 'गोदान' (1936) में नायक होरी के माध्यम से किसान जीवन की त्रासदी, सामाजिक शोषण और आत्मिक संघर्ष को अत्यंत मार्मिकता से चित्रित किया। **"प्रेमचंद नवजागरण के दौर के ऐसे लेखक हैं, जो सौ साल बाद भी दुनिया को देखने और समाज को समझने के लिए आँख की तरह हैं। आज की समस्याओं और समसामयिक मुद्दों पर उन्होंने एक सदी पहले ही अपनी कहानियों के माध्यम से हमें आइना दिखा दिया था।"**[1]

**"गांधी ने जिन गाँवों की बात की उनका वास्तविक ताना-बाना प्रेमचंद ने अपनी कहानियों में पेश किया। वे प्रामाणिक सामाजिक इतिहासकार थे।"**[2]

**"प्रेमचंद ने बनारस के पास लमही गाँव में रहकर अपना साहित्य लिखा है। वह जिन लोगों और समाज के बीच रहते थे, उन्हीं को अपनी कहानियों का हिस्सा बनाया, इसलिए उनकी कहानियाँ आज भी इतनी प्रासंगिक और जीवंत लगती हैं। बिना गाँव में रहे वहाँ की झलक तो आ सकती है, उसका यथार्थ नहीं आ सकेगा। प्रेमंचद ने गाँव के यथार्थ को समझा।"**[3]

वाराणसी से प्रकाशित पत्रिका 'जागरण' के संपादक हिमांशु अस्थाना लिखते हैं-**"दीन-दुखियों और शोषितों के प्रति गहरी करुणा, जैसी प्रेमचंद की कहानियों में दिखी है, वही भाव रेणु ने भी अपने साहित्य में उतारा है। प्रेमचंद से प्रभावित होकर ही रेणु ने ग्रामीण जनजीवन को अपनी रचनाओं का आधार बनाया। मैला आंचल में मिट्टी का मोह बताने वाले और गाँव की धूल को साहित्य का चंदन बनाने वाले आंचलिक उपन्यासकार फणीश्वरनाथ 'रेणु' (जन्म 4 मार्च, 1921, निधन 11 अप्रैल, 1977) को काशी हिंदू विश्वविद्यालय ने ही आज़ादी के लिए आंदोलन की राह दिखाई। वर्ष 1942 में नेपाल के कोईराला**

**बंधु के साथ बारहवीं के लिए वह बीएचयू आ गए। यह वह समय था, जब बीएचयू पूर्वांचल में भारत छोड़ो आंदोलन का केंद्र बन गया था। इसी समय रेणु भी स्वतंत्रता आंदोलन के घमासान में शामिल हो लिए। यहाँ उन्हें साथ मिला आचार्य नरेंद्रदेव, डॉ. राम मनोहर लोहिया जैसे दिग्गज नेताओं का। इन्हीं के साथ रेणु ने भी जेल की हवा खाई। गिरफ्तार हुए। तभी से उन्होंने लेखन को अपने जीवन का मूल कर्म बना लिया।"**[4]

रेणु इस परंपरा को एक कदम आगे ले जाते हैं। उनके उपन्यासों 'मैला आँचल', 'परती परिकथा' और 'जुलूस' में गाँव एक जीवित इकाई के रूप में सामने आता है, जो केवल पीड़ित नहीं, बल्कि आत्मसजग, प्रश्नाकुल और संघर्षशील है। रेणु का गाँव केवल 'पृष्ठभूमि' नहीं, बल्कि 'चरित्र' है- जीवंत, जटिल और परिवर्तनशील। स्वयं रेणु ने उपन्यास के प्राक्कथन में इसे आंचलिक उपन्यास के रूप में पेश किया है। वे लिखते हैं- **"यह है मैला आँचल, एक आंचलिक उपन्यास, कथानक है पूर्णिया, मैंने इसके एक हिस्से को एक ही गाँव को- पिछड़े गाँवों का प्रतीक मानकर - इस उपन्यास कथा का क्षेत्र बनाया है।"**[5]

श्रीलाल शुक्ल के 'राग दरबारी' में गाँव एक अलग रूप में सामने आता है। यहाँ ग्रामीण जीवन में व्याप्त राजनीतिक भ्रष्टाचार, पाखंड और प्रशासनिक विफलताओं का व्यंग्यात्मक चित्रण मिलता है। शिवप्रसाद सिंह के गाँव का भविष्य और विद्यासागर नौटियाल के उत्तरकथा में ग्राम-जीवन और आधुनिकता के टकराव को गंभीर दार्शनिक दृष्टिकोण से देखा गया है।

वहीं कृष्णा सोबती और मन्नू भंडारी जैसी लेखिकाओं ने भी ग्रामीण महिलाओं के अनुभवों के माध्यम से गाँव की आंतरिक संरचना को समझने का प्रयास किया। उनके लिए गाँव मात्र स्थल नहीं, स्त्री की सामाजिक स्थिति और संघर्ष का अखाड़ा भी है।

इन उपन्यासों से यह स्पष्ट होता है कि गाँवों में न केवल सांस्कृतिक धरोहर सुरक्षित है, बल्कि वहाँ बदलाव की लहरें भी निरंतर उठती रही हैं। गाँव अब एक स्थिर परंपरा का प्रतीक नहीं, बल्कि आधुनिक भारत की सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक चेतना का वाहक बन चुका है।

हिंदी उपन्यासों ने गाँव को 'शोषित' के रूप में नहीं, 'संघर्षशील' इकाई के रूप में प्रस्तुत किया है। भारतीय गाँव हिंदी उपन्यासों में कभी आशा का केंद्र बने हैं, तो कभी टूटती हुई परंपराओं और संक्रमण के साक्षी भी। परंतु इन सबमें एक बात समान है, भारतीय गाँवों की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने, समझने और उनके माध्यम से समाज को देखने की दृष्टि। यही दृष्टि हिंदी उपन्यासों को भारतीय समाज का प्रतिबिंब बनाती है।

फणीश्वरनाथ 'रेणु' ने अपने साहित्यिक रचनाकर्म में जिस तरह से गाँव की संपूर्ण आत्मा को उकेरा है, वह हिंदी साहित्य में एक नई दृष्टि का सृजन करता है। वे स्वयं ग्रामीण परिवेश से आते थे, अतः उनका अनुभव जीवन-संघर्ष से जुड़ा हुआ था।

## 2. 'मैला आँचल' में गाँव : यथार्थ का दस्तावेज़

सन् 1954 में प्रकाशित फणीश्वरनाथ 'रेणु' का उपन्यास 'मैला आँचल' बिहार राज्य के पूर्णिया जिले के मेरीगंज नामक अंचल की ग्रामीण जीवन-स्थितियों पर आधारित है। यह कृति स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद के भारत के राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक परिदृश्य का ग्रामीण संस्करण प्रस्तुत करती है। स्वयं लेखक के शब्दों में-**"इसमें फूल भी है, शूल भी है, धूल भी है, गुलाब भी है और कीचड़ भी है। मैं किसी से दामन बचाकर निकल नहीं पाया।"**[6]

इस कथन के माध्यम से वे गाँव की यथार्थपरक, मिश्रित और बहुआयामी छवि को उजागर करते हैं। उपन्यास में गरीबी, रोग, भुखमरी, अशिक्षा, धार्मिक पाखंड, सामाजिक शोषण, बाह्याडंबर और अंधविश्वासों का सजीव चित्रण किया गया है।

शिल्प की दृष्टि से उपन्यास में घटनाओं का प्रवाह फिल्म की भाँति निरंतर गतिशील है, जहाँ एक घटना समाप्त होते ही दूसरी आरंभ हो जाती है। इसमें कोई केंद्रीय पात्र या एकरेखीय कथा नहीं है, बल्कि घटनाप्रधानता, नाटकीयता और किस्सागोई शैली इसकी विशेषताएँ हैं। 'मैला आँचल' को हिंदी साहित्य में आँचलिक उपन्यास परंपरा का प्रवर्तक माना जाता है, जिसने ग्रामीण जीवन की सूक्ष्मता, संवेदना और यथार्थ को साहित्यिक विमर्श का केंद्रीय विषय बनाया।

इस उपन्यास में गाँव की सामाजिक विषमता, स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली और राजनीतिक अस्थिरता का चित्रण मिलता है। डॉ. प्रशांत की उपस्थिति गाँव में परिवर्तन की आशा तो जगाती है, लेकिन यह परिवर्तन ग्रामीण समाज की जड़ता से टकरा जाता है। उदाहरण के लिए, जब डॉ. प्रशांत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना करता है, तब उसे सामाजिक अवरोधों का सामना करना पड़ता है। **"डॉक्टर बाबू! आप हमारे औरत जात को दवाई देंगे?..."**[7] यह उद्धरण ग्रामीण समाज की सोच, जातीय भेद और अंधविश्वास की जड़ता को स्पष्ट करता है। यहाँ गाँव परंपरा और परिवर्तन के द्वंद्व में फंसा हुआ है।

**"कथाशिल्पी फणीश्वरनाथ 'रेणु' की इस युगान्तकारी औपन्यासिक कृति में कथाशिल्प के साथ-साथ भाषाशिल्प और शैलीशिल्प का विलक्षण सामंजस्य है, जो जितना सहज-स्वाभाविक है, उतना ही प्रभावकारी और मोहक भी।**

**रेणु एक गाँव की कहानी के माध्यम से स्वातंत्र्योत्तर भारत के गाँवों में जन्मे राजनैतिक चेतना व अंतर्विरोध को दर्शाते हैं। भारत की स्वतंत्रता इस उपन्यास को दो खण्डो में बांट देती है और गांधीजी की हत्या के साथ ही उपन्यास अपने अन्त की ओर पहुँचता है और साथ ही पतन होता है उस आदर्श राजनीति का, जिसका उन्होंने कभी स्वप्न देखा था।"**[8]

### 3. 'परती परिकथा' में गाँव : परती ज़मीन और सूखती संवेदनाएँ

'परती परिकथा' में फणीश्वरनाथ 'रेणु' ने जिस गाँव परानपुर का चित्रण किया है, वह केवल एक भूगोलिक इकाई नहीं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विघटन का प्रतीक बनकर सामने आता है। यह गाँव परती ज़मीन की तरह ही बंजर होता जा रहा है, न केवल कृषि उत्पादन के संदर्भ में, बल्कि मानवीय संबंधों और सामाजिक मूल्यों के स्तर पर भी। उपन्यास में रेणु ने किसानों, भूमिहीन मज़दूरों, विस्थापितों और ग्रामीण जीवन के असहाय वर्गों की व्यथा को अत्यंत संवेदनशीलता और यथार्थ के साथ प्रस्तुत किया है।

रेणु यहाँ केवल भूमि के परतीपन की बात नहीं करते, बल्कि ग्रामीण समाज की सूखती संवेदनाओं, टूटते रिश्तों और सांस्कृतिक विघटन की ओर भी संकेत करते हैं। परानपुर जैसे गाँव अब अपनी परंपराओं, सामूहिकता और आत्मीयता से दूर होते जा रहे हैं। कृषि पर आधारित संरचना अब बाहरी शक्तियों और आधुनिक आर्थिक नीतियों के दबाव में बिखर रही है।

**"हिचकियाँ लेती हुई बोली दुलारीदाय- "दीदी, ज़रा उलट के देख। धरती की कैसी दुर्दशा कर दी है तुम लोगों ने मिलकर। गाँव-के-गाँव उजड़ गए, हज़ारोंहज़ार लोग मर गए। अर्ध-मृतकों की आह-कराह से आसमान काँप रहा है।"**[9]

यह उपन्यास न केवल एक गाँव की कथा है, बल्कि भारतीय ग्रामीण जीवन में हो रहे गहरे बदलावों और संकटों का दार्शनिक और प्रतीकात्मक आख्यान है। रेणु की भाषा, पात्रों की सजीवता और स्थानीयता का चित्रण इस कथा को यथार्थ का जीवंत दस्तावेज़ बना देता है।

### 4. 'जुलूस' में गाँव : राजनीति और युवाशक्ति

'जुलूस' फणीश्वरनाथ 'रेणु' का एक महत्त्वपूर्ण उपन्यास है, जो ग्रामीण समाज में राजनीतिक जागरूकता और सामाजिक परिवर्तन की प्रक्रिया को दर्शाता है। यह उपन्यास बंगाल सीमा के निकट स्थित 'नबीनगर' नामक गाँव की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जहाँ युवा चेतना का उभार, वर्ग संघर्ष और राजनीतिक आंदोलनों का प्रभाव स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर होता है। यहाँ भी रेणु ने इस कृति के माध्यम से गाँव को केवल एक स्थिर, पारंपरिक संरचना के रूप में नहीं, बल्कि एक जागरूक, गतिशील और परिवर्तनशील इकाई के रूप में प्रस्तुत किया है। **"पवित्रा को बस इसी एक बात का बहुत गहरा दुःख है-गाँव के लोगों का यहाँ की मिट्टी से मोह क्यों नहीं हो रहा! वह कौन-सा दरवाज़ा है इनके दिल का, जिसे खोलने के लिए पवित्रा कुण्डी खटकावे? किस दरवाज़े की...?"**[10]

यह उद्धरण उपन्यास की नायिका पवित्रा के माध्यम से ग्रामीण जनमानस में आत्मीयता, सामाजिक प्रतिबद्धता और जागरूकता के द्वंद्व

को दर्शाता है। वह यह प्रश्न उठाती है कि क्यों लोग अपनी जन्मभूमि से भावनात्मक रूप से कटते जा रहे हैं और उन्हें पुनः उस माटी से जोड़ने का उपाय क्या हो सकता है।

नबीनगर का चित्रण केवल भूगोल तक सीमित नहीं है, बल्कि यहाँ गाँव वैचारिक संघर्षों, राजनीतिक चेतना और सामाजिक पुनर्निर्माण का एक जीवंत केंद्र बन जाता है। उपन्यास में आंदोलनों, वर्गीय असमानताओं और सामाजिक सुधार की बातों को ग्रामीण संदर्भों में अत्यंत सूक्ष्मता से पिरोया गया है। पवित्रा का चरित्र केवल एक महिला की सामाजिक व्यथा का प्रतिनिधित्व नहीं करता, बल्कि वह एक प्रतीक बनकर उभरती है- विकास, आत्मसम्मान और जनचेतना की वाहक के रूप में।

रेणु ने 'जुलूस' के माध्यम से यह स्थापित किया है कि गाँव केवल परंपरा का प्रतीक नहीं, बल्कि सामाजिक क्रांति की संभावनाओं का केंद्र भी हो सकता है। गाँव अब अतीत में जीने वाली संरचना नहीं, बल्कि भविष्य के निर्माण की प्रयोगशाला बनता जा रहा है, जहाँ पवित्रा जैसे पात्र नवचेतना का संचार करते हैं।

## 5. निष्कर्ष

फणीश्वरनाथ 'रेणु' के उपन्यासों में गाँव केवल एक भौगोलिक या पारंपरिक संरचना नहीं, बल्कि सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक और भावनात्मक प्रक्रियाओं का जीवंत मंच बनकर सामने आता है। 'मैला आँचल' में जहाँ गाँव की यथार्थपरक और संवेदनशील छवि उभरती है, वहीं 'परती परिकथा' में परानपुर गाँव के माध्यम से रेणु ग्रामीण जीवन में व्याप्त सामाजिक और भावनात्मक परतीपन की ओर संकेत करते हैं। इसी प्रकार, 'जुलूस' में नबीनगर गाँव राजनीतिक चेतना, जनसंघर्ष और नवचेतना का प्रतीक बनता है। पवित्रा जैसे पात्र ग्रामीण आत्मा को जागृत करने का प्रयास करते हैं, जो उस माटी से फिर से जुड़ाव चाहता है, जिससे गाँव की पहचान है। रेणु के उपन्यासों में गाँव स्थिर, निष्क्रिय इकाई नहीं, बल्कि समय के साथ बदलती चेतना, संघर्ष और आशा का प्रतीक है। इन रचनाओं में गाँव एक ओर परंपराओं और विघटन से जूझता है, तो दूसरी ओर नव निर्माण, सामाजिक पुनर्रचना और राजनीतिक भागीदारी की दिशा में बढ़ता है। उन्होंने आँचलिक जीवन को महज़ सौंदर्य या आत्मीयता की दृष्टि से नहीं, बल्कि उसकी जटिलताओं, अंतर्विरोधों और संभावनाओं के साथ प्रस्तुत किया। इस प्रकार, रेणु के साहित्य में गाँव भारतीय समाज की बहुआयामी सच्चाइयों और भविष्य की संभावनाओं का सशक्त प्रतीक बनकर उभरता है।

❑❑❑

## संदर्भ सूची

1. https://www.patrika.com/jaipur-news/munshi-premchand-lived-the-village-then-wrote-timeless-stories-8406250

2. https://www.patrika.com/jaipur-news/munshi-premchand-lived-the-village-then-wrote-timeless-stories-8406250
3. https://www.patrika.com/jaipur-news/munshi-premchand-lived-the-village-then-wrote-timeless-stories-8406250
4. https://www.jagran.com/uttar-pradesh/varanasi-city-phanishwar-nath-renu-birth-anniversary-renu-made-literature-sandlwood-dust-jagran-special-21427112.html
5. मैला आँचल, फणीश्वरनाथ रेणु, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण-2016, पृष्ठ सं- 12
6. https://hindikahani.hindi-kavita.com/Maila-Anchal-Ek-Prichay-Phanishwar-Nath-Renu.php
7. मैला आँचल, फणीश्वरनाथ रेणु, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण-2016, पृष्ठ सं- 61
8. https://hindikahani.hindi-kavita.com/Maila-Anchal-Ek-Prichay-Phanishwar-Nath-Renu.php
9. https://hindikahani.hindi-kavita.com/Parti-Parikatha-Phanishwar-Nath-Renu.php
10. https://hindikahani.hindi-kavita.com/Juloos-Phanishwar-Nath-Renu.php